सुप्रभात, रांची गुरुवार 25.05.2023, पेज 12 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 I वर्ष : 10 I अंक : 309 khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

न्यूज डायरी

अमन श्रीवास्तव को पेशी के बाद जेल भेजा गया

रांची। एटीएस ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को छह दिन के पूछताछ के बाद बुधवार को कोर्ट में पेश किया। एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में अमन की पेशी हुई। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। एटीएस ने 19 मई को पूछताछ के लिए अमन श्रीवास्तव को रिमांड पर लिया था। अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी 16 मई को महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से की गयी थी।

उप मुखिया ने भाजपा नेता समेत चार को दांत काटा

मेदिनीनगर। तरहसी थाना क्षेत्र के सेलारी में तिलक समारोह में आर्केस्ट्रा प्रोग्राम के दौरान जमकर मारपीट हुई। इस दौरान उप मुखिया रंजीत शर्मा ने भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष करण शर्मा समेत चार लोगों को दांत से काट कर जख्मी कर दिया।

सुकमा में दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। सुकमा में पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष बिना हथियार के दो नक्सलियों ने बुधवार को आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण नक्सली वारदातों में शामिल थे। वहीं उक्त नक्सली शासन के पुनर्वास नीति का प्रचार-प्रसार व जिला पुलिस सुकमा द्वारा चलाये जा रहे अभियान से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया।

एसीबी ने चार हजार घूस लेते बीएएम को दबोचा

रांची। एसीबी ने चतरा जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी के ब्लॉक एकाउंट मैनेजर (बीएएम) शंभु कुमार रवि को चार हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि शंभु कुमार रवि के खिलाफ इटखोरी लोरम निवासी पन्ना लाल राणा ने लिखित शिकायत की थी। बीएएम ने ममता वाहन के बिल भुगतान के लिए चार हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। पूर्व में इनके द्वारा गहन जन स्वस्थ्य सर्वे 2021 योजना के तहत प्रचार प्रसार का कार्य किया गया था। इसका बिल दो वर्षो से लंबित है।

इडी कोर्ट से छवि रंजन की याचिका खारिज

रांची। जमीन घोटाला मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन की याचिका ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। आइएएस छवि रंजन ने याचिका दाखिल कर कोर्ट से पत्नी और बच्चों से सप्ताह में दो दिन मिलने की इजाजत मांगी थी लेकिन ईडी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने उन्हें अनुमति देने से इंकार कर दिया है। छवि रंजन पत्नी-बच्चों से जेल मेनुअल के मुताबिक ही मिल पायेंगे।

रिटायर्ड क्लर्क, कम्पयूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

कोडरमा। जिले में छात्रों को अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति देने के नाम पर डेढ़ करोड़ से अधिक के घोटाले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में कल्याण विभाग के रिटायर्ड क्लर्क मो. मोबिन और कम्पयूटर ऑपरेटर मो हैदर का नाम शामिल है। अल्पसंख्यक छात्रों को भारत सरकार की ओर से दिए जाने वाले छात्रवृत्ति का लगभग 1.5 करोड़ रुपए गबन मामले में कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजूर ने कोडरमा थाना में दिसम्बर 2022 में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	57,700 रु./10 ग्राम
चांदी	:	76,000 रु./प्रति किलो

राष्ट्रपति ने झारखंड को सौंपा हाइकोर्ट का नया अत्याधुनिक भवन, कहा

सही न्याय मिले, नहीं तो दुखी होते हैं लोग

सिटी चीफ, खबर मन्त्र

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राजधानी रांची के तिरिल में झारखंड हाइकोर्ट के नये और अत्याधुनिक भवन का उद्घाटन रिमोट का बटन दबाकर किया। इस अवसर पर द्रौपदी मुर्मू ने आम, गरीब, मजबूर लोगों के न्याय से जुड़ी बातें की। उन्होंने कहा कि यहां पर सरकार, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, चीफ जस्टिस ऑफ झारखंड के साथ देश के बहुत सारे विद्वान बैठे हैं। बहुत से केस हाईकोर्ट में फाइल होते हैं। बहुत से केस का फैसला सुप्रीम कोर्ट से आता है। जिनके पक्ष में फैसला आता है, वे खुश होते हैं। 5-10 या 20 साल के बाद उनकी खुशी गायब हो जाती है, क्योंकि जिसके लिए वे खुश थे, वो उनको मिलता ही नहीं। जिसके लिए समय, रुपये और रातों की नींद बर्बाद कर दी, वो खुशी उन्हें नहीं मिलती, तो वे फिर से दुखी हो जाते हैं। बहुत सारे लोग दोबारा, अदालत नहीं जाना चाहते हैं क्योंकि लम्बा वक्त लगता है। लम्बा वक्त सोच कर ही जाने से डर जाते हैं, मुझे पता नहीं उसका रास्ता है या नहीं। वैसे लोगों को सही न्याय मिलना चाहिए, आखिर वो लोग जायें तो कहां जायें। आपलोग इसका रास्ता निकालिये, कानून बनाना पड़े तो बनाइये, लेकिन यह सुनिश्चित होना चाहिए कि लोगों को न्याय मिले। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं एक छोटे-से गांव से आयी हूं। मैं फैमिली काउंसलिंग सेंटर की सदस्य थी। कुछ केस फाइनल होने के बाद हम उनके घर जाते थे।

यह देखने के लिए कि जिस केस को हमने फाइनल किया, वह परिवार ठीक है या नहीं। बहुत से लोग अपने कोर्ट से अपने पक्ष में आये फैसले लेकर मेरे पास आते थे कि फैसला तो हमारे पक्ष में आ गया, लेकिन हमें न्याय नहीं मिला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मुझे नहीं मालूम कि सुप्रीम कोर्ट के आगे कुछ होता है। मैं यह भी नहीं जानती कि ऐसे लोगों का कुछ हो सकता है या नहीं। उन्होंने नये हाईकोर्ट भवन की प्रशंसा की। राष्ट्रपति बुधवार को तीन दिवसीय दौरे पर झीरखंड आयी है।

न्याय व्यवस्था को आमजन तक पहुंचाना होगा : जस्टिस चंद्रचूड़

इसके पहले भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्याय व्यवस्था को नागरिकों तक पहुंचना होगा। हिंदी में भाषण देते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने कहा कि न्यायपालिका के भवन का विस्तार होने से न्यायपालिका की प्रतिष्ठा बढ़ती है। भारतीय नागरिक अपने वादों (मुकदमों) को लेकर न्यायपालिका के द्वार में प्रवेश करते हैं, तब उनकी आस्था को कायम रखना हम सबका उत्तरदायित्व है। सर्वोच्च न्यायालय के 7 साल के निजी अनुभव में मुझे न्याय और अन्याय की छवि का एहसास हुआ है। सजा होने के पहले हजारों नागरिक छोटे अपराध के लिए कारागृहों में बंद रहते हैं। अक्सर महीनों या सालों तक। न उनके पास साधन है, न साक्षरता। अगर न्यायपालिका से शीघ्र उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तो उनका भरोसा कैसे कायम होगा।

वरीय न्यायिक सेवा में हो आरक्षण का प्रावधान : सीएम

इस मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरीय न्यायिक सेवा में आरक्षण के प्रावधान की अपील न्याय पालिका से की। उन्होंने कहा कि झारखंड हाईकोर्ट की यह बिल्डिंग प्रदेश की करोड़ों जनता के लिए गौरव का क्षण है। करीब 600 करोड़ की लागत से 165 एकड़ में झारखंड हाईकोर्ट भवन का निर्माण हुआ है। उम्मीद है झारखंड के आदिवासी, गरीब जनता को सरल, सुलभ तथा तीव्र न्याय मिलेगा। उन्होंने बताया कि किस तरह सरकार लंबे समय से लंबित मुकदमों का तेजी से निबटारा कर रही है। सीएम ने कहा कि सबऑर्डिनेट ज्यूडिशियरी में झारखंड की स्थिति देश में सबसे बेहतर है। इस मौके पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी संबोधित किये। मंच पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अनिरूद्ध बोस मौजूद थे। स्वागत भाषण झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र ने दी। इस अवसर पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश, विधानसभा अध्यक्ष, झारखंड सरकार पदाधिकारी और बार ऐसोसिएशन के सदस्य, न्यायिक पदाधिकारी व बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

बाबा से राष्ट्रपति ने देश की सुख-समृद्धि मांगी

- देवघर में शंखनाद से स्वागत,षोड्शोपचार विधि से की पूजा-अर्चना

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के तीन दिनी दौरे दौरे के पहले दिन बुधवार की सुबह महादेव की नगरी देवघर पहुंची। षोड्शोपचार विधि से राष्ट्रपति से बाबा बैद्यनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से झारखंड समेत देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व वायुसेना के विशेष विमान से पहुंची राष्ट्रपति का राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुलदस्ता दे कर उनका स्वागत किया। पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंदिर श्राईन बोर्ड की तरफ से अंग वस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान वहां सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था थी। बाबा नगरी आनेवाली द्रौपदी मुर्मू चौथी राष्ट्रपति हैं। इससे पहले प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद तथा दो बार, प्रणब मुखर्जी एवं रामनाथ कोविंद भी यहां आ कर पूजा-अर्चना कर चुके हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत में राज्यपाल के साथ केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे।

खाई में गिरा वाहन, झारखंड के दो समेत सात लोगों की मौत

एजेंसी

- भारी बारिश से जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में हुआ हादसा

जम्मू। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दूरदराज दच्चन इलाके में डांगडुरु बिजली परियोजना स्थल के पास बुधवार की सुबह कर्मचारियों को ले जा रहा एक वाहन भारी बारिश में सड़क से फिसल कर पहाड़ी से नीचे खाई में जा गिरा। इस हादसे में झारखंड के दो एतवा और राहुल समेत सात लोगों की मौत हो गयी। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना की जानकारी के बाद केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने वहां के डीसी यादव से सड़क हादसे के बारे में बात की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सात लोगों की मौत हो गयी है। घायलों को आवश्यकता के अनुसार जिला अस्पताल किश्तवाड़ या जीएमसी डोडा में स्थानांतरित किया जा रहा है। हर संभव मदद प्रदान की जायेगी। किश्तवाड़ के डीसी देवांश यादव ने बताया कि इलाके में भारी बारिश के दौरान दुर्घटना हुई। एसएसपी खलील अहमद पोस्वाल ने बताया कि मृतकों की पहचान डोडा जिले के किथवाड़ा निवासी अख्तर हुसैन, पिंजराडी निवासी अख्तर हुसैन, बंजवार किश्तवाड़ निवासी अब्दुल राशिद, डोडा निवासी मुबस्सर अहमद, झारखंड निवासी इतवा और राहुल तथा किश्तवाड़ निवासी करण कुमार के रूप में हुई है।

बंगाल को हरा झारखंड क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

रांची। हॉकी झारखंड ने पश्चिम बंगाल को छह- एक से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है। ओड़िशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित 13 वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में बुधवार को खेले गये अपने दूसरे मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी पश्चिम बंगाल को छह- एक गोल से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी। इससे पूर्व झारखड ने हॉकी हिमाचल को 18- 00 से पराजित किया था। झारखंड टीम की ओर से फगुवा होरो ने दो गोल किए जबकि विक्रम सोरेंग, निकोलस टोपनो , जोलेन टोपनो और अंकित एक्का ने एक -एक गोल किये। झारखंड टीम के झारखंड टीम के कप्तान रोहित तिर्की को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

खूंटी में आज महिलाओं से सीधा संवाद करेंगी राष्ट्रपति

- केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व राज्यमंत्री रेणुका सिंह भी करेंगी शिरकत
- राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन रहेंगे मौजूद

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को झारखंड के खूंटी जिले के बिरसा मुंडा कॉलेज स्टेडियम में महिला स्वयं सहायता समूह के साथ सीधा संवाद करेंगी। राष्ट्रपति के खूंटी आगमन को लेकर महिलाएं काफी उत्साहित हैं। सीधा संवाद में महिलाएं अपनी आपबीती सुनाएंगी। अपने कार्यक्रम के दोरान राष्ट्रपति एसएचजी महिलाओं से मुखातिब होंगी। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 30-35 हजार महिलाएं राष्ट्रपति को सुनने सुबह 9 बजे ही बिरसा कॉलेज मैदान में जुटेंगी। समारोह में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य राज्य मंत्री रेणुका सिंह सरूता, झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई लोग मौजूद रहेंगे। बिरसा कॉलेज स्टेडियम में महिलाएं पारंपरिक वेश भूषा से सुसज्जित नृत्य के साथ राष्ट्रपति का स्वागत करेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति जिले की महिलाओं को संबोधित भी करेंगी। राष्ट्रपति जिले की 22 चयनित एसएचजी की महिलाओं से सीधा संवाद भी करेंगी, जिनमे अलग अलग क्षेत्रों में बेहतर काम करने वाली और सामाजिक कुरीतियों से लड़कर आगे बढ़ने वाली महिलाएं अपनी आपबीती राष्ट्रपति को सुनाएंगी। जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम द्वारा एसएचजी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस दौरान राष्ट्रपति लाइव डेमो बूथ और स्टाल का दौरा भी करेंगी।

ट्रिपल आइटी के 120 विद्यार्थियों को देंगी दीक्षा

रांची। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) के दूसरे दीक्षांत समारोह में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सभी विषयों के टॉपर्स को गोल्ड व सिल्वर मेडल देकर सम्मानित करेंगी। इस दौरान वह संस्थान के 120 विद्यार्थियों को दीक्षा देंगी। इस समारोह में बीटेक व एमटेक के 2019-23 बैच के करीब 120 विद्यार्थियों के बीच डिग्री दी जायेगी। समारोह में बीटेक के 2 ब्रांच कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के टॉपर विद्यार्थियों के बीच एक-एक गोल्ड व एक-एक सिल्वर मेडल दिया जाएगा। वहीं, एमटेक के दो ब्रांच- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ईसीसी विद स्पेशलाइजेशन इन एंबेडेड सिस्टर एंड आईओटी-के टॉपरों को एक-एक गोल्ड मेडल दिया जाएगा। इसके अलावा एक बेस्ट गर्ल स्टूडेंट मेडल, एक इंस्टीट्यूट मेडल और एक बेस्ट स्टूडेंट शील्ड भी प्रदान किया जाएगा। पहले यह दीक्षांत समारोह जून में होने वाला था, लेकिन राष्ट्रपति के मई में झारखंड आगमन को देखते हुए इसे पहले ही किया जा रहा है। इस समारोह में सभी विषयों के टॉपर्स को गोल्ड व सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

लोहरदगा, गुमला, पलामू के संप्रेषण गृह में रह रहे बच्चों ने किया कमाल

मैट्रिक, इंटर परीक्षा में फर्स्ट डिवीजन लाकर राह दिखायी

बच्चों ने जाहिर की आगे की पढ़ाई की इच्छा, मिल गयी टीचर

कुबेर सिंह

रांची। कहते हैं, मन में ठान लो तो पहाड़ को भी काट कर सुगम राह बनाया जा सकता है। ऐसे ही जुनूनी प्रतिभा के धनी निकले गुमला, लोहरदगा, पलामू संप्रेषण गृह के बच्चे। कभी हाथों में हथियार लेकर घूमने वाले और अपराध को अंजाम देनेवाले बच्चे एक दिन अपने अतीत को भूलकर एक नया आयाम गढ़ेंगे। संप्रेषण गृह (बाल सुधार गृह) के अधिकारियों ने भी नहीं सोचा होगा। जी हां, लोहरदगा, गुमला, पलामू के संप्रेषण गृह के 18 बच्चों ने आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण होकर एक नया कीर्तिमान गढ़ दिया। पुलिस अभिरक्षा में इन बच्चों ने कलम और किताब से दोस्ती की और आज वे शिक्षित हो गये। मैट्रिक की परीक्षा में फर्स्ट आने वाले गुमला के नौ बच्चे शामिल हैं, जबकि लोहरदगा संप्रेषण गृह के दो बच्चों ने सेकेंड पोजीशन लाकर न सिर्फ अपने ऊपर लगे अपराध के धब्बे को मिटाया, बल्कि मां-पिता में एक आस भी जगा दी।

पोक्सो एक्ट में संप्रेषण गृह में विधि संघर्षरत बच्चों की पढ़ाई अपराध की वजह से अधूरी रह गयी थी। बच्चों ने खुद को शिक्षित होने की लालसा जगी। सकुचाते हुए बच्चे संप्रेषण गृह के अधिकारियों के पास गये। उनलोगों ने अधिकारियों से पढ़ने और एग्जाम लिखने की इच्छा जतायी। अधिकारियों ने बच्चों की इच्छा का मान रखते हुए न सिर्फ उन्हें फार्म फिलअप करने के लिए कहा, बल्कि उनकी अच्छे से तैयारी हो, इसके लिए संप्रेषण गृह में एक टीचर की भी नियुक्ति कर दी। टीचर सोनी प्रतिभा टोप्पो ने न सिर्फ बच्चों में पढ़ाई का ललक जगायी, बल्कि कदम- कदम पर उनका साथ भी दिया। पुलिस अभिरक्षा में बच्चों ने एग्जाम लिखा। बच्चों के मेहनत करने करने गुमला संप्रेषण गृह के गृहपति अविनाश गिरि और लोहरदगा जेजे बोर्ड के मेंबर कौशल किशोर की भूमिका अहम रही।

कैद भी नहीं बन पायी शिक्षा में रुकावट

बाल अपराधियों को संप्रेक्षण गृह में रखा जाता है, क्योंकि इन बच्चों को किसी -किसी अपराध में यहां लाया जाता है। संप्रेषण गृह में कानून का उल्लंघन कर अपराध करने वाले बच्चों को रखा जाता है। पर, इन बच्चों के हौसले ने न सिर्फ अधिकारियों के मनोबल को हाई किया है, बल्कि बच्चे भी अब शिक्षित नागरिक बन कर जीवन जीने की कसमें खा रहे हैं।

बागेश्वर बाबा को मिली वाई कैटेगरी की सुरक्षा

एजेंसी

भोपाल। बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को केंद्र की तरफ से वाइ कैटेगरी की सुरक्षा दी गयी है। धीरेंद्र शास्त्री के साथ अब कमांडो मौजूद रहेंगे। बाबा ने कुछ दिन पहले कहा था कि उन्हें भी खतरा है। लगातार हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर सुर्खियों में हैं। इसके साथ ही उनकी सुरक्षा केंद्र की तरफ से बढ़ा दी गयी है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कई बार कहते रहे हैं कि हमारी जान को खतरा है। इसके साथ ही उनकी कथाओं में लाखों की संख्या में भीड़ उमड़ती है। इसके बाद आयोजकों के पसीने छूट जाते हैं। स्थानीय पुलिस को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पटना में कथा कहने गये थे। उनके चाहने वाले लोग इतने बेकाबू हो गए थे कि पटना एयरपोर्ट के रनवे तक पहुंच गए थे। बाबा के चार्टर प्लेन तक उनके भक्त पहुंच गये थे। इसके बाद से और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गयी थी। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अभी एमपी के बालाघाट जिले में राम कथा कह रहे हैं। दरअसल, कुछ महीनों के अंदर बागेश्वर धाम सरकार की प्रसिद्धि पूरे देश में काफी बढ़ी है। इसके साथ ही विवाद भी बढ़ता जा रहा है। उनका आश्रम छतरपुर जिले के गढ़ा गांव में है। वही पर बागेश्वर बालाजी का मंदिर है। मंदिर के पास एक सामुदायिक भवन है, जिसमें पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री रहते हैं। बागेश्वर धाम में जब वह रहते हैं तो वहां भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। सिक्योरिटी थ्रेट को देखते हुए केंद्र सरकार की तरफ से विशिष्ट लोगों को वाई श्रेणी की सुरक्षा दी जाती है। सुरक्षा घेरे में एक या दो कमांडो समेत आठ पुलिस के जवान होते हैं।

पीएमएलए कोर्ट में निलंबित आइएएस छवि रंजन की याचिका खारिज

अब पत्नी और बच्चे से जेल मैनुअल के अनुसार ही मिलने की होगी अनुमति

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। लैंड स्कैम के आरोप में जेल में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की याचिका प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) कोर्ट ने खारिज कर दी है। निलंबित आईएसएस छवि रंजन ने याचिका दाखिल कर कोर्ट से पत्नी और बच्चों से सप्ताह में दो दिन मिलने की इजाजत मांगी थी। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने उन्हें अनुमति देने से इंकार कर दिया है। छवि रंजन ने अपनी पत्नी-बच्चे से जेल मेनुअल के मुताबिक ही मिल पायेंगे।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला रखा था सुरक्षित

बताते चलें कि 18 मई को हुई सुनवाई के दौरान छवि रंजन के अधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया था कि उन्हें सप्ताह में दो दिन परिवारवालों से मिलने दिया जाये। इसपर ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव प्रसाद उर्फ काका जी ने पुरजोर विरोध किया था। उन्होंने यह दलील दी थी कि न्यायिक हिरासत में रह रहे किसी भी व्यक्ति को विशेष सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। जब तक आरोपी जेल में है, उसे जेल मैनुअल के मुताबिक ही सुविधा मिलती है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने छवि रंजन की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

छह दिन की पूछताछ के बाद गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को भेजा गया जेल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। छह दिनों की पूछताछ के बाद गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को बुधवार को जेल भेज दिया गया। अमन को 24 मई को विशेष अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया। एटीएस ने 19 मई को पूछताछ के लिए अमन श्रीवास्तव को रिमांड पर लिया था। अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी 16 मई को हुई थी। मालूम हो कि छह जिले की पुलिस के लिए चुनौती बना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को झारखंड एटीएस ने मुंबई एटीएस के सहयोग से मुंबई के वाशी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को रांची, रामगढ़, लोहरदगा, हजारीबाग, चतरा और लातेहार जिला की पुलिस के लिए चुनौती बन गया था। वह, पिछले 8 वर्षों से आतंक का पर्याय बना हुआ था।

पिछले सात महीनों से रखी जा रही थी नजर

बता दें कि गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी के लिए झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एटीएस की टीम पिछले सात महीने से काम कर रही थी। अमन श्रीवास्तव न कोई मोबाइल फोन का उपयोग करता था और न ही सोशल मीडिया पर एक्टिव था। यही कारण था कि उसे पकड़ने में पुलिस को परेशानी हो रही थी। इसी बीच एटीएस को सूचना मिली कि अमन श्रीवास्तव मुंबई के वासी स्टेशन से कही जाने वाला है। इसके बाद झारखंड एटीएस की टीम ने मुंबई एटीएस टीम के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के समय अमन श्रीवास्तव को लगा कि उसे पांडे गिरोह के अपराधियों द्वारा पकड़ा गया। लेकिन जब एटीएस टीम ने उसे बताया कि उसे झारखंड एटीएस द्वारा गिरफ्तार किया गया, तब वह चलने को तैयार हो हुआ।

ट्रेजरी में कार्यरत नौ डाटा इंट्री ऑपरेटर नियमित, संकल्प जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के कोषागारों, उप कोषागारों में अनियमित रूप से कार्यरत नौ डाटा इंट्री ऑपरेटरों की सेवा नियमित कर दी गयी है। 27 अप्रैल के मंत्रिमंडल के फैसले के बाद वित्त विभाग ने संकल्प जारी कर दिया। इन कर्मियों का नियमितीकरण झारखंड सरकार के अधीनस्थ अनियमित रूप से नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियों की सेवा नियमितीकरण नियमावली 2016 के आलोक में की गयी है। सभी कर्मचारी नियमित रूप से 10 वर्षों से अधिक समय से सेवा दे रहे हैं, इसी आधार पर इनकी नियुक्ति नियमित की गयी। नियमितीकरण में आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है। सभी कर्मियों को वेतनमान लेबल 04 प्रदान किया गया है। अत्यंत पिछड़ा वर्ग 1 एवं पिछड़ा वर्ग 2 कोटि के लिए पर्याप्त पद रिक्त नहीं होने के कारण 3 डाटा इंट्री ऑपरेटरों को अनारक्षित कोटि के कर्णाकित पदों के विरूद्ध नियमित किया गया है।

25 हजार रुपये धूस लेते एकाउंट मैनेजर गिरफ्तार

चतरा। जिले में एसीबी ने बुधवार को ब्लॉक अकाउंट मैनेजर शंभू कुमार को 4 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपी ब्लॉक अकाउंट मैनेजर शंभू कुमार की गिरफ्तारी चतरा के इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से की गई है। एसीबी की टीम ब्लॉक अकाउंट मैनेजर को हजारीबाग ले गयी, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। बताया गया कि ममता वाहन का बिल पास करने के नाम पर 25 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहा था।

पथ निर्माण विभाग के 170 इंजीनियर बदले

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पथ निर्माण विभाग ने 170 इंजीनियरों का वरीयता के आधार पर स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। इनमें अधिकांश प्रभारी, नवप्रोन्नत इंजीनियर हैं जिन्हें अब उनके मूल पद पर नियमित रूप से पदस्थापित किया गया है। प्रभारी इइ, गुण नियंत्रण प्रशाखा 6 पथ रांची को कार्यपालक अभियंता गुण नियंत्रण प्रमंडल संख्या-4 पथ रांची में पदस्थापित किया गया है। इसी तरह विजय रंजन कुमार को इइ सीडीओ रांची, राजीव रंजन कुमार मुंडा को इइ पथ प्रमंडल रामगढ़, रविंद्र कुमार को कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल लोहरदगा, दिनेश प्रसाद को कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल धनबाद, महेंद्र प्रसाद गुप्ता प्रभारी इइ योजना एवं अन्वेषण मुख्यालय रांची को स्थानांतरित करते हुए नियमित कार्यपालक अभियंता गुण नियंत्रण प्रमंडल संख्या-3 पथ निर्माण विभाग रांची, उमेश कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता निरूपण, सीई एनएच उपभाग कार्यालय, कुंडल कुमार, कार्यपालक अभियंता क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमंडल अग्रिम योजना रांची, जयकांत राम, इई एनएच रांची, अतिरिक्त प्रभार, झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकारी में प्रतिनियुक्ति, सुनील कुमार रजक, कार्यपालक अभियंता, तकनीकी सलाहकार, पथ अंचल चाइबासा, नवल किशोर निदेशक, गुण नियंत्रण, निदेशालय तकनीकी सलहाकार , मो.इसमाईल मंसूरी, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल रांची, राजेश कुमार कार्यपालक अभियंता, अनुश्रवण पथ अंचल डालटेनगंज, अरविंद वर्मा, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रांची, प्रसन्न कुमार, प्रभारी कार्यपालक अभियंता, उप सचिव, प्रबंधन कोषांग मुख्यालय पथ निर्माण विभाग कोअगले आदेश तक कार्यपालक अभियंता, उप सचिव प्रबंधन कोषांग, मुख्यालय पथ निर्माण विभाग झारखंड रांची के मूल पद पर पदस्थापित किया गया है। मुन्ना लाल को अगले आदेश तक कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल गोड्डा के मूल पद पर पदस्थापित किया गया। रमेश कुमार को कार्यपालक अभियंता उड़नदस्ता, गुण नियंत्रण निदेशालय रांची, असीम कुमार चौधरी को कार्यपालक अभियंता सेतू निरूपण सीडीओ रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।

जिस केस में बेगुनाह रहा जेल में, अब उसी केस में असली मुजरिम प्रिंस सोनी को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

रांची। रांची सिविल कोर्ट ने विमल महतो हत्याकांड में फैसला सुना दिया है। अदालत ने इस केस के अभियुक्त प्रिंस सोनी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। नगड़ी थाना से जुड़े कांड संख्या 157/21 में पुलिस एक बेकसूर सूरज को भी जेल भेज चुकी है, जिसे पिछले सप्ताह कोर्ट ने बरी कर दिया था। सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त 15 दिनेश कुमार की कोर्ट में इस केस का ट्रायल हुआ। अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाह पेश किए गए। उन गवाहों के बयान और पुलिस द्वारा अदालत में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने प्रिंस सोनी को सजा सुनाई है। इस केस का एक अन्य अभियुक्त सूरज सोनी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

पहले प्रशिक्षण में फेल पांच डीएसपी दोबारा आयोजित परीक्षा में हुए पास

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पहले प्रशिक्षण में हुए फेल हुए पांच डीएसपी दोबारा हुई परीक्षा में पास हो गये हैं। पांच डीएसपी के परीक्षा में फेल होने के बाद जैप 2 टाटीसिलवे में 10 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक परीक्षा आयोजित करायी गयी थी। जिनमें सभी पांच डीएसपी पास हुए। आईजी ट्रेनिंग ने गुमला, हजारीबाग, चाईबासा, चतरा और बोकारो जिले के एसपी को निर्देश दिया है कि परीक्षाफल के अनुसार जिलादेश अंकित कर संबंधित डीएसपी को सूचित करना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही इस प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर और अभिलंब सूचित किया जाये। ताकि संशोधित परीक्षाफल प्रकाशित किया जा सके।

ये पांच डीएसपी हुए पास

गुमला में पदस्थापित प्रदीप कुमार
हजारीबाग में पदस्थापित रोहित रंजन सिंह
चाईबासा में पदस्थापित सुरेश प्रसाद यादव
बोकारो में पदस्थापित रोहित कुमार रजवार
चतरा में पदस्थापित धनंजय कुमार राम

एनआइए ने टंडवा में आठ पुलिसकर्मियों की हत्या मामले में आरोपी इनामी नक्सली से की पूछताछ

अभिजीत यादव उर्फ बनवारी पर झारखंड सरकार ने 10 लाख और बिहार सरकार ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। चतरा जिले के टंडवा थाना प्रभारी सहित आठ पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल इनामी नक्सली से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने मुख्यालय में पूछताछ की गई। एनआइए पटना ब्रांच ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खूंखार नक्सली और जोनल कमांडर अभिजीत यादव उर्फ बनवारी को चार दिनों तक रिमांड पर लिया था। अभिजीत यादव बिहार और झारखंड के लिए आतंक का पर्याय था। झारखंड सरकार ने इस पर 10 लाख और बिहार सरकार ने 50 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। दिसंबर 2022 में झारखंड और बिहार की पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर अभिजीत यादव को गिरफ्तार किया था।

आठ पुलिसकर्मियों को आइइडी ब्लास्ट कर उड़ाने का है आरोपी

साल 2016 में बिहार के औरंगाबाद के नबीनगर और झारखंड के टंडवा प्रखंड की सड़क पर नक्सलियों ने आइइडी ब्लास्ट किया था। इसमें टंडवा थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष अजय कुमार सहित आठ पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। यह घटना उस समय हुई थी जब टंडवा थाना के पुलिसकर्मी नबीनगर में आयोजित क्राइम मीटिंग में शामिल होकर वापस टंडवा लौट रहे थे। आठ पुलिसकर्मियों के परखच्चे उड़ गए थे। जोनल कमांडर अभिजीत के इशारे पर ही इस घटना को अंजाम दिया गया था। नक्सली संगठन में रहते हुए जोनल कमांडर अभिजीत ने अकूत संपत्ति इडी ने झारखंड के पलामू जिले में कार्रवाई करते हुए उसके छह बड़े प्लॉट को अटैच कर लिया था।

27 मई तक बारिश के आसार

रांची। झारखंड के कई जिलों में अब भी तापमान 40 के पार है। कई इलाकों में हल्के बादलों ने डेरा डाल रखा है। राजधानी रांची में बुधवार सुबह को हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन दिन चढ़ते धूप निकली और लोगों को गर्मी का एहसास हुआ। रांची मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि अगले तीन से चार दिनों में मौसम करवट ले सकता है। राजधानी रांची में प्रदूषण के कारण सही मात्रा में वर्षा नहीं हो रही। अगर प्रदूषण नहीं होता तो अब तक गर्मी से थोड़ी राहत मिल गयी होती। हालांकि, मौसम के उतार-चढ़ाव के बीच गर्मी में मामूली गिरावट आयी है।

मौसम विभाग के अनुसार, 29 मई तक राजधानी समेत कई जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे। मेघ गर्जन के साथ बारिश की भी संभावना है। राज्य के उत्तर पूर्वी देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में 25 और 26 मई को ओलावृष्टि की संभावना है। 27, 28 और 29 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ तेज सतही हवा चलने की भी संभावना है। विभाग के मुताबिक जिन इलाकों में बारिश नहीं होगी, वहां दिन के समय बादल छाए रह सकते हैं। शाम में ठंडी हवाएं चलेंगी। जिन जिलों में बादल छाए रहेंगे, वहां लोगों को दिन के समय गर्मी का एहसास होगा।

मिशन लाइफ अभियान शुरू, पर्यावरण संरक्षण पर चला जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। केंद्र सरकार द्वारा पर्यावरण के अनुरूप जीवनशैली अपनाने को लेकर मिशन लाइफ कैंपेन शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग सभागार में आने वाली पीढ़ियों की बेहतरी के लिए हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण को बनाए रखने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में किया गया। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने वरीय पदाधिकारियों और कार्यालय कर्मियों के साथ वर्चुअल बैठक के माध्यम से डीडीसी, परियोजना पदाधिकारी एवं बीडीओ को हरित एवं स्वास्थ्य पर्यावरण के लिए शपथ दिलायी।

इस अवसर पर मनरेगा राजेश्वरी बी ने लोगों को ऊर्जा बचाने, पानी बचाने प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, जैविक खेती और पोषण युक्त भोजन, कूड़ा कचरा कम करने, स्वस्थ जीवनशैली व इलेक्ट्रॉनिक कचरा कम करने पर जोर दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। अधिकारियों को अभियान के रूप में इस कार्य को करने का निर्देश भी दिया। अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि मिशन लाइफ का उद्देश्य ऐसी जीवनशैल अपनाना और बढ़ावा देना है जो पर्यावरण को नुकसान न पहुंचायें। इस मिशन का उद्देश्य व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर छोटे कदमों और उपायों को लागू करके जलवाय के प्रभावों को कम करना है। इस मौके पर संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह, उप सचिव प्रमोद कुमार एवं अवर सचिव चंद्रभूषण आदि मौजूद थे।

बोकारो में माकपा राज्य कमेटी की बैठक 26 से

रांची। माकपा राज्य कमेटी की दो दिवसीय बैठक 26 और 27 मई को बोकारो स्टील सिटी में होगी। बैठक में 35 राज्य कमेटी सदस्यों के अलावा जिला सचिव और विशेष आमंत्रित सदस्य भी हिस्सा लेंगे। पार्टी की पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा करात और पूर्व सांसद डॉ. रामचंद्र डोम भी दिशा-निर्देश के लिए उपस्थित रहेंगे। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि बैठक में राज्य के ताजा राजनीतिक घटना विकास, हाल ही में संयुक्त वाम कन्वेंशन से तय किए गए कार्यभार और राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही विस्थापितों की समस्या, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा और वन अधिकार अधिनियम में कॉरपोरेट पक्षीय संशोधनों के खिलाफ आंदोलन की श्रृंखला शुरू करने पर फैसला होगा।

रांची में 56 केंद्रों पर होगी यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा, 26054 छात्र होंगे शामिल

28 मई रविवार को आयोजित होगी परीक्षा, सभी तैयारियां पूरी

9.30 बजे पहली पाली
2.30 बजे दूसरी पाली

परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से दो घंटे केंद्र पर उपस्थित होने का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) 28 मई को राजधानी के 56 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा अन्य प्रदेश के 26054 परीक्षार्थी शामिल होंगे। यूपीएससी की परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जायेगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 बजकर 30 मिनट से शुरू होगी, जबकि दूसरी पाली 2 बजकर 30 मिनट से शुरू होगी। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले उम्मीदवारों के मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस परीक्षा केंद्र के बाहर जमा करा लिये जायेंगे। परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने को कहा गया है।

कदाचार मुक्त परीक्षा के आयोजन को सारी तैयारियां पूरी : यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन की तरफ से सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इन कदाचार मुक्त परीक्षा के आयोजन को लेकर स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों, सहायक समन्वय पर्वेक्षक और केंद्राधीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सभी को उनके कार्य एवं उत्तरदायित्व भी बता दिये गये हैं। स्थानीय निरीक्षण अधिकारियों को परीक्षा के एक दिन पहले यानी 27 मई को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने को कहा गया है।

पटना में मॉल बम ब्लास्ट का आरोपी है दिनेश गोप!

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। एनआइए की गिरफ्त में आया पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप बिहार की राजधानी पटना में एक मॉल में विस्फोट करने का आरोपी है। दिनेश पर ओड़िशा में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस बाबत बिहार पुलिस और ओडिशा पुलिस रांची आकर दिनेश गोप से पूछताछ करेगी।

पीएलएफआई के नेटवर्क को ध्वस्त करने की तैयारी : पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की तैयारी है। इसके लिए ना सिर्फ एनआईए, बल्कि पूरी झारखंड पुलिस एक साथ काम कर रही है। गिरफ्तार पीएलएफआई सुप्रीमो से लगातार पूछताछ की जा रही है। जिसमें कई अहम जानकारियां मिली हैं। इसके आधार पर एनआईए और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

रिमांड पर है दिनेश गोप

पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के पूरे नेटवर्क का पदार्फाश करने के लिए एनआईए लगातार दिनेश से ही जानकारियां जुटा रही हैं। रिमांड पर पूछताछ के दौरान दिनेश गोप से रांची, खूंटी से लेकर नेपाल तक के सहयोगियों और मददगारों के बारे में जानकारी मिली है। पूछताछ में दिनेश ने उसे राजनीतिक संरक्षण देने वालों के साथ-साथ संगठन के मददगारों, पैसों के निवेशकों, हथियार के सप्लायरों, हथियार छिपाने वाले लोगों के विषय में भी बताया है।

विराटनगर में रवि यादव करता था मदद

एनआईए की पूछताछ के दौरान दिनेश गोप ने बताया है कि चाईबासा में हुए पुलिस मुठभेड़ के बाद वह नेपाल भाग गया था। नेपाल के विराटनगर में रहते हुए उसने अपना एक बेहतर नेटवर्क तैयार कर लिया और वहीं से अपने संगठन का संचालन करने लगा। विराटनगर में उसने कई सहयोगी बना लिए थे। दिनेश गोप ने पूछताछ में यह भी बताया है कि स्थानीय पंचायत सदस्य रवि यादव के द्वारा उसे संरक्षण मिल रहा था।

एनआइए बैंकों में जमा ₹2.5 करोड़ निकालने में जुटा, पूछा कहां-कहां जमा किया है काला धन

दिनेश गोप के काले धन को निकालने के लिए एनआइए दिनेश गोप से पूछताछ कर रही है।

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। एनआइए जांच में पता चला है कि दिनेश गोप ठेकेदारों और व्यापारियों को धमकी देकर रंगदारी और लेवी वसूलने वाला दिनेश गोप अपनी दो पत्नियों हीरा देवी और शकुंतला कुमारी के अलावा कुछ करीबी व्यापारियों के जरिये इन पैसों को कंपनियों में लगाता था। वह जितनी भी काली कमाई करता था, शेल कंपनियों के जरिये उसे बाजार में खपा देता था। इसमें उसकी दोनों पत्नियां और कई रिश्तेदार भी मदद करते थे।

गौरतलब हो कि राजधानी रांची से सटे बेड़ो प्रखंड में 10 नवंबर 2016 को पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के 25.38 लाख रुपये जब्त हुए थे। दिनेश गोप के सहयोगियों के 42.79 लाख रुपये नकद और करीब 70 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति एनआईए ने जब्त कर ली थी। एनआईए की जांच में पता चला था कि दिनेश गोप ने पत्नियों और परिवार के अन्य सदस्यों के जरिये दो दर्जन से अधिक बैंकों में 2.5 करोड़ रुपये जमा कर रखे हैं। एनआइए उन्हीं ढाई करोड़ के निवेश में जानकारी जुटा रही है।

नोटबंदी के बाद पेट्रोल पंप संचालक समेत चार हुए थे गिरफ्तार : बता दें कि नोटबंदी के ठीक बाद 10 नवंबर 2016 को रांची पुलिस ने एक पेट्रोल पंप संचालक समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने 19 जनवरी 2018 को इस केस को टेकओवर किया। एनआईए ने दिनेश गोप के सहयोगी सुमंत कुमार और अन्य के ठिकानों पर छापेमारी की, तो उसे 90 लाख रुपये कैश और निवेश संबंधी कई कागजात मिले। इसके बाद ही एनआईए ने उसकी दोनों पत्नियों को गिरफ्तार किया. मार्च 2020 में दिनेश गोप के खास सहयोगी जयप्रकाश सिंह भुइयां और अमित देशवाल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पीएलएफआई के पैसे को कंपनियों में निवेश करने वाले गुजरात के एक व्यापारी की भी इस मामले में गिरफ्तारी हुई थी।

टूट कर गिर गयी हॉस्टल नंबर 4 की छत

रिम्स के जर्जर भवन दे रहे हादसों को निमंत्रण

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के जर्जर भवन बड़े हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। बुधवार को भी बॉयज हॉस्टल नंबर 4 के बाथरूम की सीलिंग टूट कर गिर गयी। इसमें एमबीबीएस 2020 बैच के 2 छात्र रिकेत कुमार और अमन सिंह बाल-बाल बचे। घटना के बाद से छात्रों में आक्रोश है। उनका कहना है कि रिम्स प्रबंधन ने हॉस्टल के मेंटेनेंस को लेकर कोई पहल नहीं की है। इसलिए भवन जर्जर होते जा रहे हैं। हॉस्टल के बाथरूम की भी हालत नारकीय है। कमरे में सीपेज और गंदगी का अंबार है। दीवार पर पेड़ पौधे निकल आये हैं।

हॉस्टल की मरम्मत को लेकर कई बार लिखा गया है पत्र : जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जेडीए) के अध्यक्ष डॉ जयदीप चौधरी ने कहा कि रिम्स प्रबंधन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। हॉस्टल की मरम्मत के लिए पत्र लिखा, लेकिन प्रबंधन ने नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा कि हॉस्टल फीस भरने के बाद भी छात्र बदतर स्थिति में रहने को विवश हैं। यह हालत सिर्फ बॉयज हॉस्टल की नहीं बल्कि गर्ल्स हॉस्टल की भी है।

हॉस्टल का निरीक्षण करने पहुंचे डीन स्टूडेंट : घटना के बाद हॉस्टल का निरीक्षण करने डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ शिव प्रिय, हॉस्टल सुपरीटेंडेंट बॉयज हॉस्टल नंबर 8 के डॉ जितेंद्र कुमार पहुंचे। इस दौरान भवन निर्माण विभाग के निरीक्षक को बुलाकर हॉस्टल की जर्जर हालत से छात्रों ने अवगत कराया।

जैक 10वीं की स्टेट टॉपर व जिला के तीनों टॉपर समेत उनके माता-पिता को किया गया सम्मानित

आपने अपनी उपलब्धि से जिले का मान बढ़ाया, आप सभी पर गर्व है : उपायुक्त

पूर्वी सिंहभूम के शत प्रतिशत रहा जिले के आवासीय विद्यालयों का रिजल्ट

एसडीएम धालभूम, निदेशक डीआरडीए सभी ने टॉपर्स को दिया आशीर्वचन

खबर मन्त्र ब्यूरो

श्रेया के पिता को सम्मानित करती डीसी। साथ में श्रेया और उसकी माताजी।

कुणाल पॉल को सम्मानित करते डीआरडीए के निदेशक सौरव कुमार।

थर्ड टॉपर सोनल कुमारी व उसके माता-पिता को सम्मानित करती डीसी विजया जाधव। साथ में एसडीएम पियूष सिन्हा।

जमशेदपुर। समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में खअउ 10वीं की स्टेट टॉपर श्रेया सोनगिरी, जिला के टॉपर में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले कुणाल पाल एवं तीसरे स्थान पर रहीं सोनल कुमारी को उपायुक्त विजया जाधव एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के माता पिता को भी शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। समारोह में एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, एडीसी जयदीप तिग्गा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, डीटीओ दिनेश रंजन, डीपीओ अरूण द्विवेदी, स्थापना उप समाहर्ता अभिषेक कुमार, डीईओ निर्मला बरेलिया, डीएसई निशु कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे। उपायुक्त ने सभी टॉपर्स को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आपकी इस उपलब्धि ने जिले का गौरव बढ़ाया है, आगे नित नई ऊचाइयों को छुएं ऐसी शुभकामना है। समाचारों में बेटियां ही छाई हुई हैं, बेटियां जिस तरह आगे बढ़ रही हैं ये संकेत है कि समाज अच्छे दिशा में जा रहा। उन्होने कहा कि स्टेट व जिला के टॉपर से यह मिथ्या भी टूटा है कि शहर या अंग्रेजी माध्यम के बच्चे ही अच्छा कर सकते हैं। उन्होने सभी प्राचार्य, शिक्षक, निजी विद्यालयों के शिक्षक जिन्होने मॉडल सेट बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग किया तथा उन सभी पदाधिकारी व शिक्षक जिन्होने मासिक मूल्यांकन परीक्षा की कॉपी जांची तथा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जिले के बेहतर रिजल्ट में अपना योगदान देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर अन्य सभी पदाधिकारियों ने भी तीनों टॉपर बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देते हुए इस उपलब्धि पर बधाई दी। मौके पर टॉपर बच्चों के माता-पिता ने भी अपनी बात रखी एवं जिला स्तरीय सम्मान समारोह के लिए प्रशासन को धन्यवाद दिया।

तीन केजीबीवी व एक जेबीएवी के सभी बच्चों ने फर्स्ट डिविजन से पास किया परीक्षा

जैक 10वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के सभी आवासीय विद्यालय का बेहतर प्रदर्शन रहा। सभी 09 केजीबीवी व 02 जेबीएवी से इस वर्ष 682 छात्र-छात्राओं में से 681 छात्राओं ने परीक्षा दिया (एक छात्रा चेचक होने की वजह से 02 पेपर नहीं दे पाई) जिसमें 619 छात्र-छात्रायें फर्स्ट डिविजन एवं 62 छात्रों ने सेकेंड डिविजन से परीक्षा पास किया। केजीबीवी पोटका, केजीबीवी धालभूमगढ़, केजीबीवी बहरागोड़ा तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय गुड़ाबांदा के सभी बच्चों ने फर्स्ट डिविजन से परीक्षा पास किया। उपायुक्त ने इस उपलब्धि पर शिक्षा विभागीय पदाधिकारी, शिक्षक, वार्डन आदि को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि निश्चित ही यह गर्व का पल है जहां आवासीय विद्यालय में रहने वाले बच्चे पूरी तरह से प्रशासन की देखरेख में रहते हैं, सभी से अच्छे रिजल्ट की भी अपेक्षा थी जिसे उन्होने पूरा भी किया।

स्पीड न्यूज

झूम कर नाचे खेसारीलाल यादव, की जमकर मस्ती

नये अलबम मुरब्बा में खेसारीलाल।

जमशेदपुर। भोजपुरी भाषा, फिल्म और गानों के विकास के लिए शुरू हुआ सारेगामा खेसारी नाईट का कारवां बुधवार को जमशेदपुर पहुंचा, जहां भोजपुरी अभिनेता और ट्रेंडिंग मशीन के नाम से मशहूर खेसारीलाल यादव ने दर्शकों को अपने गानों पर झूमने को मजबूर कर दिया। सारेगामा खेसारी नाईट में खेसारीलाल यादव भी झूमकर नाचे और वहां मौजूद अपने फैंस को भी खूब नचाया। इससे पहले यहां उन्होंने अपना आज रिलीज हुआ गाना मुरब्बा का भी प्रमोशन किया और कहा कि दर्शकों के प्यार और आशीर्वाद ने हमें आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। उम्मीद है हमारे नए गाने को भी खूब सफल बनाएंगे। मौके पर खेसारीलाल यादव ने सारेगामा खेसारी नाईट की भी सराहना की और झारखंड के शहर जमशेदपुर को लेकर कहा कि जमशेदपुर जितना खूबसूरत जगह है, उतने ही प्यारे लोग हैं यहां। अगर देखा जाए तो फिल्मों के शूटिंग के लिहाज से यह जगह परफेक्ट है और यहां के प्राकृतिक छटा इस जगह को फिल्म सिटी जैसा एहसास कराता है। यहां जल, जंगल, जमीन, नाले, सड़क, खूबसूरत आसमान, वर्ल्ड क्लास सुविधाएं जैसी हर वो चीज है, जो फिल्म सिटी में होनी चाहिए। बस जरूरत है कि यहां सरकार से फिल्म मेकिंग के लिए थोड़ी मदद मिल जाए, फिर इस शहर से भी अच्छी फिल्में बनकर निकलेंगी और दुनिया में इस लोकेशन को देखा जाएगा। इसके साथ ही यह स्थानीय कलाकारों और तकनीशियनों के साथ अन्य लोगों के लिए रोजगार का भी सृजन करेगा। यहां की आवोहवा हम फिल्मकारों को खूब लुभाती है। वहीं, मशहूर म्यूजिक कंपनी सारेगामा हम भोजपुरी के बिजनेस हेड ने बताया कि सारेगामा खेसारी नाईट की परिकल्पना भोजपुरी भाषा, भोजपुरी फिल्में और भोजपुरी गानों के विकास से जुड़ी हुई है। इस नाईट का जमशेदपुर में आयोजन के पीछे हमारा मुख्य उद्देश्य भोजपुरी भाषा, गानों और फिल्मों को आगे बढ़ना व झारखंड में फिल्मो के प्रति जागरूकता लाने का है।

अब चाकुलिया में रुकेगी शालीमार-एलटीटी

जमशेदपुर। सांसद विद्युत वरण महतो के प्रयास ने एक बार पुनः रंग लाया। उल्लेखनीय है कि सांसद महतो शालीमार लोकमान्य तिलक टर्मिनस ट्रेन संख्या 18029/18030 के चाकुलिया में ठहराव की मांग कर रहे थे। इस संबंध में पूर्व में भी रेलवे बोर्ड को पत्राचार किया गया था साथ ही रेलमंत्री के सचिव वेदप्रकाश से इस संबंध मे कई बार बात हुई थी। उन्होंने सांसद महतो को आश्वस्त किया था कि इस मांग को पूरा किया जाएगा। कल पुनः दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक के साथ बैठक में इस बात पर जोर दिया था की चाकुलिया एवं आसपास के यात्रियों के लिए इस ट्रेन का ठहराव वहां पर आवश्यक है।

टिमकेन कंपनी के कर्मचारियों का वेतन बढ़ा

प्रबंधन और यूनियन ने देर रात किया वेतन समझौता

कंपनी के इतिहास में पहली बार समय पर समझौता

खबर मन्त्र ब्यूरो

वेतन समझौते पर हस्ताक्षर करते यूनियन और प्रबंधन के पदाधिकारी।

समझौते पर इन्होंने किये हस्ताक्षर : समझौते पर प्रबंधन की ओर से प्लांट जनरल मैनेजर ऑपरेशन राजीव सारस्वत, एजीएम एचआर दिनेश सिंह, एजीएम हिमांशु मिश्रा, डिविजनल मैनेजर नितिन भटनागर, डीएम सपन मैथी, डिप्टी मैनेजर अभिषेक हर्षदीप एवं यूनियन की ओर से अध्यक्ष अस्तिक महतो, महामंत्री विजय यादव, डिप्टी प्रेसिडेंट रविंद्र प्रसाद व अनिल पांडे, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार राय पवन शर्मा धीरेंद्र प्रसाद शुभाशीष प्रधान, सहायक सचिव कमलेश यादव जयंत चट्टोपाध्याय नरेंद्र गुप्ता राधाकत वर्मा एवं कोषाध्यक्ष अजय भौतिका ने हस्ताक्षर किए।

जमशेदपुर। टिमकेन इंडिया लिमिटेड के जमशेदपुर प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों के लिए बुधवार की देर रात नया वेतन समझौता हस्ताक्षरित हुआ। अपर श्रमायुक्त अजीत कुमार पन्ना की उपस्थिति में टिमकेन इंडिया प्रबंधन एवं मान्यता प्राप्त टिमकेन वर्कर्स यूनियन के बीच प्लांट में कार्यरत 200 अस्थाई कर्मचारियों के लिए 3 साल की अवधि वाला वेतन समझौता हुआ।

समझौते के तहत कर्मचारियों को औसत मासिक बढ़ोतरी 10200 रुपये का लाभ मिलेगा। कर्मचारियों के बेसिक में अधिकतम मासिक बढ़ोतरी 3285 रुपए एवं औसत मासिक बढ़ोतरी 2982 रुपए की होगी। समझौता 1 मई 2023 से 30 अप्रैल 2026 तक मान्य रहेगा। समझौते के तहत कंपनी को 3 साल में औसतन हर महीने 18,010 रुपये का फाइनेंसियल इंपैक्ट पड़ेगा जिसका ब्रेकअप इस प्रकार है : बेसिक 2982 रुपए, 3 साल का वार्षिक इंक्रीमेंट 2334 रुपए, 3 वर्ष में डीए 2700 रुपये, प्रमोशन पॉलिसी लाभ 1050 रुपये, पीएफ एंड ग्रेज्यूटी में लाभ 1541 रुपये, भत्तों में लाभ 5772 रुपए एवं बोनस लाभ 1632 रुपए मिलाकर कुल योग 18010 पड़ता है। एलटीसी जो पूर्व में ब्लॉक ईयर में 50,000 रुपये मिलता था उसे बढ़ाकर ब्लॉक ईयर में 100000 रुपये कर दिया गया है जिसके कारण एलटीसी में मासिक 2083 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। पर्सनल मेंटेनेंस अलाउंस में मासिक 3688 रुपए की वृद्धि की गई है। वैरीएबुल डीए प्रति प्वाइंट 2 रुपये से बढ़ाकर 2.25 रुपये प्रति पॉइंट किया गया है। ग्रुप इंश्योरेंस की राशि 138000 रुपये से बढ़ाकर 250000 रुपये कर दी गई है।

रिटायरमेंट के समय जमा 48 दिन का मेडिकल लीव कैश करवा सकेंगे कर्मचारी

अभी तक कंपनी में रिटायरमेंट के समय जो मेडिकल लीव बैलेंस रहता था वह लेप्स हो जाता था लेकिन नए समझौते के अनुसार अब रिटायरमेंट के समय कर्मचारी अधिकतम 48 दिन मेडिकल लीव इन कैश करा सकते हैं।

नए समझौते में मेडिकल रेफरेंस केस में कर्मचारियों को मिलने वाली प्रतिदिन दैनिक भत्ता 300 रुपये से बढ़ाकर साडे 450 रुपये किया गया है।

कई मामलों में ऐतिहासिक है वेतन समझौता : आस्तिक-विजय

समझौते के पश्चात अपनी प्रतिक्रिया देते हुए टिमकेन वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष आस्तिक महतो और महासचिव विजय कुमार ने बताया कि टिमकेन कंपनी के इतिहास में पहली बार यूनियन एवं प्रबंधन के संयुक्त प्रयास से कर्मचारियों को सही समय पर ऑन टाइम बहुत बढ़िया ग्रेड रिवीजन का लाभ मिल रहा है। साथ ही साथ कंपनी में कर्मचारी पुत्रों के नियोजन में प्राथमिकता के लिए एंप्लॉयमेंट पॉलिसी बनाई गई है यह एक बड़ी उपलब्धि है। मई 2023 महीना के सैलरी में ही ग्रेड रिवीजन का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। समय पर एवं अच्छा ग्रेड रिवीजन समझौता होने पर कर्मचारियों में खुशी का माहौल है।

कर्मचारी पुत्रों को नियोजन में मिलेगी प्राथमिकता

ग्रेड रिवीजन के समझौते के साथ ही लंबित कर्मचारी पुत्रों के नियोजन मामले को लेकर एंप्लॉयमेंट पॉलिसी बनाया गया है जिसके तहत आने वाले दिनों में कंपनी में कर्मचारी पुत्रों के नियोजन में प्राथमिकता के साथ मौका मिलेगा। कर्मचारियों के बच्चों को विभिन्न कैटेगरी में प्रतिवर्ष 18 बच्चों का स्कॉलरशिप हर साल दिया जाता था जिसे बढ़ाकर 20 बच्चों के लिए कर दिया गया है। हिट ट्रीटमेंट एलावेंस 300 से बढ़ाकर 325 रुपये किया गया है।

यूपीएससी में 114 रैंक लाने वाले मनीष के माता-पिता को क्षत्रिय समाज ने किया सम्मानित

विजया गार्डेन आवास पर मनीष भारद्वाज के माता-पिता को सम्मानित करते क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष शंभू सिंह, मंजू सिंह व शिवशंकर सिंह।

जमशेदपुर। झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह ने बुधवार को कांति सिंह और लक्ष्मण सिंह के सुपुत्र मनीष भारद्वाज जिन्होंने यूपीएससी के परीक्षा में 114 वीं रैंक लाकर सफलता प्राप्त की उनके घर विद्या गार्डन जाकर माता पिता को सम्मानित किया। उनके साथ शिव शंकर सिंह एवं महासचिव मंजू सिंह ने भी फूलों के गुलदस्ता अंग वस्त्र और मिठाई खिलाकर मनीष के माता-पिता को धन्यवाद दिया। शंभू सिंह ने कहा मनीष की सफलता ने पूरे समाज को गौरवान्वित किया है। शिव शंकर सिंह ने मनीष को उसके नए कैरियर की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दी। मंजू सिंह ने कहा हमारे समाज के बच्चों के लिए मनीष प्रेरणा का स्रोत है। झारखंड क्षत्रिय संघ के सभी पदाधिकारी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मनीष एक सफल ऑफिसर बन कर देश और समाज की सेवा करें।

माउंट एवरेस्ट फतह कर बेस कैंप लौट आयी टाटा की अस्मिता दोरजी

लौहनगरी की अस्मिता दोरजी दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा और टाटा स्टील का ध्वज फहरा कर सुरक्षित बुधवार की शाम पांच बजे बेस कैंप लौट आई हैं। बेहद खराब मौसम के बावजूद अस्मिता ने यह उपलब्धि हासिल की है। बेस कैंप उनके सुरक्षित लौटने पर टाटा स्टील परिवार और टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन ने राहत की सांस ली है क्योंकि एक माह के भीतर खराब मौसम के चलते माउंट एवरेस्ट पर गए 15 से अधिक पर्वतारोही अपनी जान गवां चुके हैं।

एसीसी और अंबुजा सीमेंट ने सीमेंट और कंक्रीट रिसर्च और डेवलपमेंट सुविधा शुरू की

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर/मुंबई। अदाणी समूह की सीमेंट और निर्माण सामग्री बनाने वाली कंपनी एसीसी और अंबुजा सीमेंट ने नवी मुंबई के कलांबोली में अत्याधुनिक सीमेंट और कंक्रीट रिसर्च और डेवलपमेंट सुविधा का शुभारंभ किया। लॉन्च की अध्यक्षता सीमेंट बिजनेस के सीईओ श्री अजय कपूर ने की। नवस्थापित आर एंड डी फेसिलिटी सीमेंट बिजनेस के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो अत्याधुनिक अनुसंधान, सहयोग और इनोवेटिव सॉल्यूशंस को बढ़ावा देने के कंपनी के विजन के अनुरूप है। यह सुविधा उत्पाद की गुणवत्ता को और बढ़ाने और सीमेंट और कंक्रीट उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक सार्थक प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगी। सीमेंट बिजनेस के सीईओ अजय कपूर ने कहा, हमारी नई आरएंडडी फेसिलिटी सीमाओं को आगे बढ़ाने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और उद्योग की चुनौतियों का समाधान करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम इस सुविधा की क्षमता का गवाह बनने के लिए उत्साहित हैं। हमें यकीन है कि यह फेसिलिटी सीमेंट और कंक्रीट उद्योग को विकास की एक नई राह पर ले जाने में कामयाब रहेगी। नई अनुसंधान और विकास सुविधा शोधकताओं और पेशेवरों को एक साथ आने और सीमेंट और कंक्रीट के भविष्य पर चर्चा करने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में भी कार्य करेगी।

वीमेंस यूनिवर्सिटी में इग्नू बीएड सेमिनार पांचवें दिन भी जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय में इग्नू बीएड कार्यशाला के पांचवें दिन प्रथम सत्र की शुरूआत प्रार्थना सभा से की गई। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ त्रिपुरा झा ने समावेशी परिवेश में भाषाई विविधता और शिक्षण अधिगम में मदद करने में परिस्थितिक तथा सामाजिक, राजनैतिक वास्तविकताओं की भूमिका को स्पष्ट किया ताकि कक्षा कक्ष में शिक्षक भाषाई विविधता और शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में इसकी भूमिका के प्रति शिक्षक संवेदना निर्मित कर सकें। प्रथम एवं द्वितीय सत्र में विद्यालय प्रशिक्षण के दौरान किए गए क्रियाकलापों के प्रतिवेदन और चिंतनशील डायरी का आकलन किया गया। 60 शिक्षार्थियों में 30 छात्रों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत किये एवं 30 छात्रों ने उस पर रचनात्मक प्रतिपुष्टि दी। तृतीय एवं चौथे सत्र में पांच शिक्षण शास्त्रीय पाठ्यक्रमों के लिए पांच समानांतर सत्र विभिन्न विषय के विशेषज्ञों ने शिक्षण विषयों से संबंधित पाठ योजना प्रस्तुत करवाए।

सभी प्रखंडों में श्रम विभाग लगायेगा मजदूरों के लिए जनता दरबार

नवंबर तक सभी सरकारी विद्यालयों का हो जायेगा विद्युतीकरण

सांसद की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

बैठक की अध्यक्षता करते सांसद विद्युतवरण महतो। साथ में डीसी विजया जाधव, विधायक रामदास सोरेन व अन्य पदाधिकारीगण।

जमशेदपुर। समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक माननीय सांसद, जमशेदपुर विधुत वरण महतो की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विधायक घाटशिला रामदास सोरेन, विधायक बहरागोड़ा समीर महंती व अन्य विधायकगण के प्रतिनिधि, जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, प्रखंडों के प्रमुख, उपायुक्त विजया जाधव, डीएफओ ममता प्रियदर्शी समेत अन्य विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिला के विभिन्न समस्याओं एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। साथ ही सभी विभाग को समस्याओं के निष्पादन के लिए आदेश दिए गए। बिजली आपूर्ति की सुनिश्चितता, पुल, शिक्षा, सड़क, मनरेगा, जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य सुविधाओं आदि को लेकर विशेष चर्चा हुई। बिजली विभाग के जीएम ने सदन को बताया कि वर्तमान में किसी भी स्थान पर कोई ट्रांस्फॉर्मर जला हुआ नहीं है, ग्रामीण क्षेत्र में 48 घंटे तथा शहरी क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर ट्रांस्फॉर्मर बदला जा रहा। बैठक में केजीबीवी डुमरिया के जलमीनार में सोलर प्लेट खराब होने तथा मोटर बदलने की बात सामने आई जिसपर माननीय सांसद द्वारा सांसद मद से मरम्मतीकरण की स्वीकृति दी गई। चाकुलिया प्रखंड में प्राथमिक विद्यालय चियाबांधी एवं बगडुबा में पेयजल समस्या को लेकर विधायक बहरागोड़ा द्वारा विधायक मद से समाधान की स्वीकृति दी गई। प्रधानमंत्री आवास में जिले की उपलब्धि संतोषजनक पाई गई। उपायुक्त द्वारा मजदूरों की समस्या के समाधान को लेकर श्रम विभाग को सभी प्रखंडों में जनता दरबार लगाने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक बुधवार को एक-एक प्रखंड में जनता दरबार लगेगा। साथ ही सभी पदाधिकारियों को विभागीय नंबर उपयोग करने का निर्देश दिया गया ताकि उनके स्थानांतरण होने पर नए पदाधिकारी से संपर्क करने में जनप्रतिनिधियों या अन्य लोगों को समस्या नहीं आए। विशेष पदाधिकारी जेएनएसी को 15 जून को आवास मेला लगाते हुए शहरी आवास योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया ताकि योग्य लाभुकों को आवास योजना की जानकारी हो सके एवं वे लाभान्वित हो सकें। बैठक में सभी तकनीकी विभागों, एनएचएआई, मोबाइल नेटवर्क की समस्या पर भी विमर्श कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, ग्रामीण विकास विभाग के अवर सचिव अशोक कुमार, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, डीएसओ राजीव रंजन, डीटीओ दिनेश रंजन, एसओआर दीपू कुमार, डीपीओ अरूण द्विवेदी, डीपीआरओ डॉ रजनीकांत मिश्रा, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

खबर एक नजर में

टाटा वर्कर्स यूनियन मजदूरों के हितों को कभी अनदेखी नहीं करेगी : संजीव चौधरी

जमशेदपुर। कार्यकारिणी समिति की बैठक बुधवार को यूनियन परिसर के माइकॉल जॉन सभागार में आरम्भ हुई। यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने सभा का सभापतित्व किया। बैठक की शुरुआत सर्वप्रथम कार्यकारिणी समिति के द्वारा पिछली बैठक तथा बुधवार की बैठक के बीच मृतक कर्मचारियों, पदाधिकारियों तथा पूर्व कार्यकारिणी के सदस्यों एवं उनके परिजनों की आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारणकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। तत्पश्चात् सभा की कार्यवाई को आगे बढाते हुए, यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने सर्वप्रथम अप्रैल एवं मई माह में सेवानिवृत हुए, कार्यकारिणी समिति के सदस्यों-चन्दन बनर्जी, विभाग-प्रोक्योरेमेन्ट एवं मन्सुक लाल पटेल, विभाग-कोक प्लांट को मंच पर आमंत्रित किया। साथ ही अपने महामंत्री-सतीश कुमार सिंह, सह-अध्यक्ष-शैलेस कुमार सिंह एवं सभी उपाध्यक्षों, सहायक-सचिवों एवं कोषाध्यक्ष के साथ एकत्रित होकर चन्दन बनर्जी एवं मन्सुक लाल पटेल को पुष्पगुच्छ एव साल भेंट कर दोनों समिति सदस्यों का अभिवादन किया। इसके बाद कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने अध्यक्ष से अनुमति के बाद, राष्ट्रीय इन्टक में एक लम्बे अंतराल के बाद टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष-संजीव कुमार चौधरी ने पिछली बैठक की कार्यवाई विवरण की पुष्टी के लिए यूनियन के महामंत्री-सतीष कुमार सिंह को कमिंटी के समक्ष आमंत्रीत किया। सतीश कुमार सिंह ने पिछली बैठक के मिनट्स को कार्यकारिणी समिति के समक्ष पढ़कर सुनाया एवं उसकी पुष्टी के लिए कार्यकारिणी सदस्यों से आग्रह किया। उसके बाद कोषाध्यक्ष हरि शंकर सिंह ने जनवरी एवं फरवरी-2023 के आय-व्यय का ब्यौरा को कार्यकारिणी सदस्यों के समक्ष रखा। उसके बाद अध्यक्ष-संजीव कुमार चौधरी ने कार्यकारिणी सदस्यों से जनवरी एवं फरवरी-2023 के आय-व्यय का ब्यौरा को पारित करने का आग्रह किया। कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा उठायें गए मुद्दों पर अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने वेवाकी से एक-एक कर अपने विचार रखें एवं यथाषघ्रि इन सभी मुद्दों पर प्रबंधन से सकारात्मक वार्ता कर हल निकालने का प्रयास करेंगे।

पूर्वी सिंहभूम में बेहतर रिजल्ट के लिए डीसी को दी बधाई

डीसी को गुलदस्ता देकर बधाई देते मुख्तार आलम व साथी।

जमशेदपुर। बुधवार को केंद्रीय शांति समिति के सदस्य और मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिसमे आजादनगर थाना शांति समिति के सदस्य शमशेर आलम,ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के पैट्रन सैयद आसिफ अख्तर, समाजसेवी अनिल मंडल, परडीह दुर्गा पूजा समिति के अपूर्व पाल,पुरेन्द्र कुमार सिंह, राकेश पति दुबे एवं जुगसलाई के रहने वाले विजय तपरिया ने उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम विजया जाधव को मुबारकबाद दिया। उपयुक्त की बच्चों के विकास के लिए की गई इस विशेष पहल और शिक्षा के स्तर में सुधार की उनकी विशेष दिलचस्पी की सराहना की गई। पूर्वी सिंहभूम ने झारखंड में पांचवा स्थान प्राप्त कर लिया, जिसके लिये उन्हें बधाई दी गई।

टाटा मोटर्स यूनियन ने राजेंद्र बाबू को किया याद

जमशेदपुर। बुधवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में मजदूर नेता स्वर्गीय राजेंद्र सिंह जी के पुण्य तिथि के अवसर पर सभी यूनियन के लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। यूनियन कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए महामंत्री श्री आरके सिंह ने कहा झारखंड में मजदूर के मसीहा के रूप में राजेंद्र बाबू हमेशा जाने जाएंगे। चाहे वह कोल फील्ड के मजदूर हो या फिर ऑटोमोबाइल सेक्टर में स्टील के सेक्टर में सभी मजदूरों का जीवन उत्थान के लिए उन्होंने भरपूर प्रयास किया। निश्चित तौर पर ट्रेड यूनियन के माध्यम से मजदूरों का उत्थान करने का गुण हम लोगों को उनसे सीखने की जरूरत है और हम लोग पूरा प्रयास करेंगे मजदूर कल्याण के क्षेत्र में हम लोग भी कार्य कर सकें अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह ने कहा बहुत ही सरल स्वभाव के मृदुल भासी और संगठन के प्रति बहुत ही जुझारू पूर्ण कार्य करने वाले व्यक्तित्व को हमें याद करना चाहिए और संगठन में एकता और मजबूती प्रदान करने के लिए उनके गुणों को हमें अनुकरण करना चाहिए हम सब राजेंद्र बाबू को हृदय से नमन करते हैं।अंत में धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने किया।

जिला परिषद निधि से बनेगा स्नान घाट

चांडिल। चांडिल प्रखंड क्षेत्र के रुगड़ी गांव के सरकारी तलाब में 15 वे वित्त आयोग अंतर्गत चांडिल जिला परिषद निधी से साढ़े तीन लाख की लागत से स्नान घाट का शिलान्यास विधायक सविता महतो एवं जिला परिषद पिंकी लायेक ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर किया। विधायक ने कहा स्नान घाट नहीं रहने से हमने तो काफी परेशानी होती थी ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। जिप पिंकी लायेक ने संवेदक को यह कार्य ससमय एवं गुणवत्ता पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा आने वाले समय में जिला परिषद निधि से कई विकास के कार्य धरातल पर दिखेंगे। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु माहतो, पूर्व जिप सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक सहित कई लोग उपस्थित थे।

शौर्य संस्था ने लगायी प्याऊ सेवा

जमशेदपुर। भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत पंहुचाने के उद्देश्य से जमशेदपुर की सामाजिक संस्था शौर्य के द्वारा बुधवार को युवा क्रांतिकारी शहीद सरदार करतार सिंह सराभा जी की जयंती के उपलक्ष्य पर जल सेवा (प्याऊ) गोलमुरी मुख्य मार्ग पर आम जनमानस को समर्पित किया। इसका उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथलेश सिंह यादव व बस्ती विकास समिति के अध्यक्ष खेमलाल चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का नेतृत्व विशाल उपाध्याय व दिनेश शर्मा ने किया। उपस्थित सभी अथितियों ने संबोधित किया व संस्था के जन सेवा कार्यों की प्रशंसा की। संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा ने बताया कि मई माह में इतनी भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए आम जनमानस को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शौर्य संस्था द्वारा जल सेवा (प्याऊ) की व्यवस्था आज गोलमुरी साकची मुख्यमार्ग पर लगाई गई हैं। आने वाले सप्ताह में यह सेवा जमशेदपुर के और विभिन्न मुख्य स्थानों पर संस्था द्वारा लगाई जाएगी।

स्पीड न्यूज

दुष्कर्म के आरोपी मृतक के पिता ने हत्या का मामला दर्ज कराया, 10 नामजद

हुसैनाबाद,पलामू। थाना क्षेत्र के एक नाबालिक से सामुहिक दुष्कर्म के आरोपी का शव महुआ में झूलते हुए मिलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में मृतक सचिन कुमार ठाकुर के पिता रामजी ठाकुर ने हुसैनाबाद थाना में 10 लोगो को नामजद व कई अन्य पर हत्या का मामला दर्ज कराया हैं। आवेदन में कहा गया हैं कि 18 मई को नबालिक से हुए सामुहिक दुष्कर्म मामले एक ही समाज से छः लोगो को आरोपी बनाया गया हैं जिसमे एक मेरा बेटा भी हैं, लेकिन 22 मई को दोपहर में मेरा बेटा का शव महुआ के पेड़ में झूलते हुए पाया गया। उसके पैकेट से एक सुसाईट नोट भी मिला है जो पुलिस के पास है। उन्होंने यह भी लिखा है मेरा बेटा उस दिन शादी समारोह में गया था। जहां की जिन जिन स्थानों पर गया हैं उसका सीसीटीवी फुटेज चेक किया जाए। वहीं उन्होंने कहा हैं कि मेरा बेटा पुलिस को आत्मसमर्पण करने के लिए धनबाद से शक्तिपुंज एक्सप्रेस से गढवारोड उतरा हैं। जहां से उसे अपहरण कर हत्या कर के ब्लोरो गाड़ी से लाकर दोपहर में घटना वाले स्थल पर महुआ में रस्सी में फंसी लगा कर टांग दिया गया, ताकि लोग इसे आत्महत्या समझे। उन्होंने इस घटना में भरत पासवान के गाड़ी इस्तेमाल होने की बात कही हैं एवं इस घटना में ममता देवी, मुन्ना पासवान, मुकेश पासवान, विकास पासवान, राकेश पासवान, राहुल पासवान, राजू पासवान, राजनाथ पासवान, मनेश पासवान को नामजद अभियुक्त बनाया गया हैं। आवेदन में उन्होंने 20 मई को 100 लोगो के द्वारा घर पर हमला करने एवं बेटे को जान मारने की धमकी दी गयी थी। जिससे पूरे गांव में दहशत हैं। उन्होंने जान माल की सुरक्षा की भी पुलिस से गुहार लगाया हैं।

अनियंत्रित बोलेरो 20 फिट खाई में गिरा

हुसैनाबाद,पलामू। जपला देहरी ऑन सोन मुख्य सड़क में एक ब्लोरो गाड़ी चालक के लापरवाही से अनियंत्रित होकर सड़क से 20 फिट खाई में गिर गया हालांकि इस घटना में कोई हताहत होने की सूचना नही हैं। बताया जाता हैं मंगलवार को संध्या में जपला से देहरी की ओर जा रही ब्लोरो गाड़ी दंगवार ओपी थाना क्षेत्र के बराही गांव के समीप एक पुल के पास अचानक चालक की ध्यान भटकाने से अनियंत्रित हो गया और पुल में जा गिरा जहां पर ग्रामीणों और आस पास के लोगो के मदद से गाड़ी निकाला गया सभी यात्री और चालक बाल बाल बच्चें।

हुसैनाबाद : मिट्टी से दबकर महिला की मौत

हुसैनाबाद पलामू। जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के गारहेगोरया गांव निवासी रामसुंदर राम की 42 वर्षीय पत्नी रीना देवी की मौत मिट्टी में दबाने से हो गयी, मिली जानकारी के अनुसार महिला नदी में शौच के लिए गयी थी। उसी क्रम में मिट्टी खिसक गयी और महिला दब गए, घायलवस्था में परिजनों ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती कराया, जहां पर ईलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी। पुलिस छानबीन में जुट गई हैं।

सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

हुसैनाबाद। जपला छतरपुर मुख्य सड़क के गमहरबीघा गांव के समीप बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। जिससे बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलवस्था में दोनों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए लोगों ने भर्ती कराया। जहां पर ईलाज करने के बाद एक युवक को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल युवक रंजन रजवार 25 वर्ष तुलसिखाड़ और दिनेश रजवार 20 वर्ष सडगड़ा गांव के रहने वाले हैं।

पूरे झारखण्ड को विद्युत संकट से निजात दिलाये हेमंत सरकार : सतीश

मेदिनीनगर। आजसू के केंद्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि बिगत एक पखवाड़ा से लगातार बिजली आख मिचली खेल रही है। जिस कारण पलामू जिला समेत पूरे झारखंड में बिजली की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। बच्चों के पढाई प्रभावित हो रहे हैं। कुटीर व लघु उद्योग का व्यवसाय ठप हो गया है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी कहते हैं कि ऊर्जा सप्लाई ऊपर से ही नही हो रहा है। तो इस परिस्थिति में रेहला कास्टिक सोडा फैक्ट्री को निर्बाध बिजली कहां से मिल रही है। उन्होंने कहा कि जिला के सभी पदाधिकारियों को जरनरेटर सुविधा उपलब्ध है। लेकिन आम लोगों के लिए पानी आपूर्ति प्रभावित हो रहा है। बिजली बिभाग को समय पर भुगतान चाहिए। राज्य के हेमंत सोरेन सरकार को झुठ फरेब कर सरकार चलाना है। विद्युत संकट से निजात के लिए मुख्यमंत्री को इच्छा शक्ति नहीं है। अबिलंम्ब बिजली संकट का निदान सरकार करे। अन्यथा इस उबाल को रोक पाना जिला प्रशासन के बुते कि बात नही होगी।

रेहला ज्ञान दिप कॉन्वेंट स्कूल का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

विश्रामपुर (पलामू)। ज्ञान दिप कॉन्वेंट स्कूल का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के सभी छात्र-छात्रा प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुये। मनीष कुमार 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का टॉपर बना। जबकि दिव्या शुक्ला 89 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं विवेक कुमार गौरव 87 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहा। स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय परीक्षा परिणाम से प्रसन्न दिखे। उन्होंने कहा कि स्कूल के कुल 56 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये और सभी 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लाकर प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुये। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यालय के अनुशासन, समर्पण व बच्चो के कड़ी मेहनत का फल है। टॉपर छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन सम्मानित करेगा। मौके पर कई छात्र-छात्रा व शिक्षक-शिक्षिका मौजूद थे।

मैट्रिक परीक्षा में स्कूल टॉपर रही रिजवी

बिश्रामपुर (पलामू)। उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचंपा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल का मेट्रिक परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा। पूर्व की भाती इस वर्ष भी सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए .विद्यालय से कुल 63 बच्चे मेट्रिक परीक्षा में अंग्रेजी माध्यम से शामिल हुए थे। रिजवी शहर 90 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। वहीं शुभम ठाकुर व अमृत प्रताप सिंह 89 .20 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किये, भाषाकार गुप्ता, शूभम तिवारी, छोटी कुमारी, शिवम कुमार व ताबिश रजा 89 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किये। सुप्रिया सिंह, शत्रुधन उराव, सुमित विश्वकर्मा 88 .20 प्रतिशत लाकर चौथा स्थान प्राप्त किए और स्नेहा कुमारी 88 प्रतिशत लाकर पांचवे स्थान पर रही। स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता जताई। मौके पर प्राचार्य ओम प्रकाश मिश्रा, शिक्षक अजित कुमार तिवारी, गीता पाण्डेय, शैलेश चौबे, विकाशदीप चौबे, अब्दुल लतीफअंसारी, सुरेंद्र शर्मा, आशु चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

आरएनडीपी स्कूल की टॉपर बनीं अंशिका

विश्रामपुर (पलामू)। रेहला-बी मोड़ स्थित आरएनडीपी स्कूल का जैक मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस स्कूल के सभी छात्र-छात्रा प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुये। अंशिका कुमारी 90 प्रतिशत अंको के साथ स्कूल की टॉपर बानी। स्कूल के निदेशक संतोष शुक्ला ने कहा कि सभी टॉपर छात्र-छात्राओं को प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

शहरी क्षेत्र के पानी टंकी को पानी नहीं मिलने के कारण लोगों को नहीं मिल रहा पानी : परशुराम ओझा

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पानी बाबा ने पम्पूकल का निरीक्षण करने के बाद कहा कि शहर के पानी टंकी में पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण शहर वासियों के लिए पानी सप्लाई नहीं मिल पा रहा है।

इस पर नगर निगम एवं जिला प्रशासन गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नदी में पानी सूखने के कारण बहुत ही दिक्कत हो रहा है। अगर दिन में पानी सप्लाई टंकी में नहीं चढ़ता है तो सुबह में पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि 22 मई की रात्रि में पानी नहीं चढ़ा। कारण की पम्पू कल को बिजली नहीं मिल पा रहा है। इसकी जानकारी लेने के लिए मैं बिजली विभाग जा कर जानकारी लिया तो मालूम हुआ कि मात्र सात मेगावाट बिजली ही मिल पा रहा है। जिसके कारण रात्रि में विद्युत सप्लाई कम मिला और पानी नहीं मिल पाया। उन्होंने बिधुत बिभाग से आग्रह किया कि पानी सप्लाई करने के लिए बिजली जरूर दें। तब जाकर दूसरे दिन बिजली मिला तो सभी जगह पानी टंकी में पानी चला गया। उन्होंने कहा कि जब सुबह में आबादगंज में सप्लाई पानी आया तो पानी के लिए मारामारी कर रहे हैं लोग। पानी बाबा ने कहा कि इस समस्या से मुख्यमंत्री को भी तस्वीर भेज कर अवगत कराने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पीएचडी विभाग के द्वारा नागरिकों को जो पानी दिया जा रहा है। नदी में से बालू निकाला गया। उसमे पानी काफी है। लेकिन जो कम्पनी काम कर रहा था। वह कंपनी काम छोड़ कर भाग गया। मैं जिला प्रशासन एवं नगर आयुक्त सभी को व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी भी देते हुए मांग कर रहा हूं कि पानी की सप्लाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि नगर निगम में लगभग चापाकल सूख चुका है। जो की लोग सप्लाई पानी पर ही निर्भर रहते हैं।

इसके बाद भी विभाग कोई केयर नहीं करता है। ओझा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस समस्या पर अविलंब जिला प्रशासन को आदेश करें कि लोगों को पानी सही तरीके से मिले।

यूपीएससी परीक्षा में सफलता पाने पर अक्षिता निधि को दिया बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। कुटुंब न्यायालय पलामू के प्रधान न्यायाधीश बंशीधर तिवारी के पुत्री अक्षिता निधि ने यूपीएससी परीक्षा में 421 वा रैंक हासिल की है। अक्षिता निधि मुलतः भोजपुर के तरारी प्रखंड के कुसम्ही गांव की रहने वाली है। विदित हो कि अक्षिता निधि ने अपना पढ़ाई लिखाई बोकारो और दिल्ली से की है और उन्होंने चौथे प्रयास से यूपीएससी की परीक्षा क्लियर किया है। विदित हो कि अक्षिता निधि के पिता बंशीधर तिवारी कुटुंब न्यायालय पलामू के प्रधान न्यायाधीश व साहिबगंज के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रह चुके हैं। वर्तमान में वे लोहरदगा के उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष पद पर पदस्थापित हैं। अक्षिता निधि के भाई भी न्यायिक सेवा में दानापुर में पदस्थापित हैं। अक्षिता निधि को यूपीएससी परीक्षा क्लियर करने पर पलामू जिले के अधिवक्ताओं ने भी बधाई दिया है। लोगो ने कहां है कि अक्षिता ने परिवार का ही नहीं बल्कि ब्राह्मण समाज का भी नाम रोशन किया है। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि अक्षिता निधि ने सिविल सेवा में आकर एक बेहतर पदाधिकारी के रूप में सेवा देगी। जिस तरह उनके पिता न्यायिक सेवा में नाम कमाए हैं।

बिजली और पेयजल संकट को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन

पांकी विस क्षेत्र पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार की विफलताओं से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है

खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर। प्रखंड क्षेत्र में बिजली, पेयजल संकट को लेकर भाजपा ने गांधी चौक प्रदर्शन किया गया। नेता कार्यकर्ता बहुदेशीय भवव परिसर में एकत्रित हुए। यहां से पैदल रैली निकाली। बाजार होते हुए गांधी चौक पहुंचे। जहां राज्य सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की तथा नुक्कड़ सभा किया सभा को संबोधित करते हुए भाजपा लेस्लीगंज प्रभारी अजय तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार अपनी नाकामियों को हमेशा छुपाने में लगी है। राज्य भर में पानी बिजली दूर करने की बजाए बिना बिजली दिए विल बढ़ाकर जनता पर बोझ डाल रही है। जिले के सभी प्रखंडों में बिजली और पेयजल की व्यवस्था ठप हो चुकी है। सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है। मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस गठबंधन कि सरकार में राज में लोगों और किसानों का बुरा हाल है। गांवों में घंटों अघोषित बिजली कटौती हो रही है। प्रदर्शन के दौरान पांकी विधानसभा क्षेत्र पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी ने अपने संबोधन कहा है कि राज्य सरकार की विफलताओं से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है और आने वाले चुनाव में हेमंत सोरेन की सरकार को करारी हार मुंह देखना पड़ेगा। मौके पर नीलकंठ गिरी विक्रमादित्य दुबे, मुन्ना पासवान, जीतेन्द्र मेहता, अहिल्या देवी, श्याबिहारी सिंह, अरूण सिंह, ओमप्रकाश दुबे, पंचम गिरी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

कलश यात्रा के साथ लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ

यज्ञ से होता है संपूर्ण श्रृष्टि का कल्याण: बीनू सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद,पलामू। हुसैनाबाद के बुलंद बिगहा गांव में श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन को लेकर भव्य जल यात्रा निकली गई।

जल यात्रा में एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय होने के साथ साथ सम्पूर्ण श्रृष्टि का कल्याण भी होता है।

उन्होंने कहा कि बुलंद बिगहा में श्री हनुमत के मंदिर निर्माण व यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में खुशहाली और समृद्धि आयेगी।

यज्ञ से क्षेत्र में वातावरण शुद्ध हो जाता है : कर्नल संजय

पलामू। हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत दरुआ बेनी पंचायत के बुलंदबिघा गांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए बुधवार को हाथी-घोड़े व बैंड बाजे डीजे के साथ यज्ञाचार्य महाराज के नेतृत्व में कलश जल यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से आरंभ होकर बुलंदबिघा करमनडीह सोनबरसा तथा जपला बाजार का भ्रमण करते हुए देवरी सोन नदी घाट पर पहुंची जहां विद्वान पुजारियों ने वैदिक मंत्रोचार के साथ जल भरी कराया। जल भरकर श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचे जहां यज्ञाचार्य के नेतृत्व में महायज्ञ आरंभ हुआ। कलश यात्रा में शामिल भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में शांति बनी रहती है तथा वातावरण में शुद्धि आती है। यज्ञाचार्य ने बताया कि महायज्ञ की पूणार्हुति 29 मई को हवन पूजा के साथ की जाएगी। प्रतिदिन सुबह सात बजे से 11 बजे तक पूजन किया जाएगा।

भाजपा प्रखंड कार्यसमिति की बैठक में महा जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

हरिहरगंज पलामू। पुरानी बस स्टैंड के समीप भाजपा कार्यालय में मंगलवार को प्रखण्ड कार्यसमिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष बल्लू बलराम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह उपस्थित थे। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार एक जुन से तीस जुन तक बारह पंचायतों एवं 61 बूथो पर महा जनसम्पर्क अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सत्येन्द्र मेहता, राजीव रंजन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, दिनेश गुप्ता, सत्येन्द्र पासवान, सिकन्दर पासवान, रघुनंदन साव, सन्नी गुप्ता, मंत्री सनोज गुप्ता, विनय विश्वकर्मा, अमित कुमार,करण राजवीर, संजीव कुमार सिंह, महेंद्र सिंह, संतोष सौणडिक, भीमसेन शर्मा, मनोज सोनी, अम्बुज सिंह, रामाशीष यादव, विजय यादव, धन्नजय सिंह, पप्पू सिंह, धन्नजय यादव, ओम सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुपमा देवी, महामंत्री रानी देवी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विक्की पटेल, लखन साव, राजु गुप्ता, कपेश्वर सिंह, मनोज मेहता उपस्थित थे।

तोलरा में भगवान विष्णु ने रथ पर सवार होकर किया नगर भ्रमण

बिश्रामपुर (पलामू)। पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव में नव निर्मित विष्णु मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ चल रहा है। मंदिर में भगवान विष्णु सहित कई देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित होना है। प्रतिमा स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा से पहले बुधवार को भगवान विष्णु सहित सभी देवी देवताओं ने रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान के रथ के पीछे चल रहे श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजमान हो गया। इस क्रम में बटेश्वर तिवारी, दिलीप तिवारी, बिजय तिवारी सहित कई अन्य लोगों ने अपने घर के सामने श्रद्धालुओं को जलपान कराया। रथ पर देव प्रतिमाओं के साथ यज्ञाचार्य जगतगुरु ब्रह्मदेवाचार्य जी महाराज भी मौजूद रहे। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष तुलसी तिवारी, सचिव रासबिहारी तिवारी, भाजपा नेता अमरेश तिवारी, राम निवास तिवारी, सुमंत तिवारी, संजय तिवारी, अरुण त्रिवेदी, गोखूल तिवारी, धीरन तिवारी, सोनी तिवारी, मुकेश तिवारी, दिपु तिवारी, श्रीराम तिवारी,अजित तिवारी,सुधीर तिवारी, नितु तिवारी, अमित तिवारी, बालमुकुंद तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे। यज्ञ समिति ने बताया कि बलिया से पधारे मानस प्रवक्ता राधेश्याम तिवारी, मानस मर्मज्ञ राजहंस श्याम शास्त्री व वाराणसी से आईं मानस माधुरी सुनीता पांडेय के द्वारा प्रतिदिन रात्रि सात बजे से बारह बजे तक श्रीराम कथा व भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है।

एसबीएस इंटर कॉलेज का परिणाम सत प्रतिशत अभिमन्यु, रिया व वैभव ने टॉपटेन में दबदबा बनाया

हुसैनाबाद,पलामू। झारखण्ड अधिविध परिषद रांची के द्वरा जारी किया गया विज्ञान संकाय की 12वी का परीक्षा परिणाम, वहीं हुसैनाबाद अनुमण्डल क्षेत्र के एक मात्र इंटर कॉलेज शाहिद भगत सिंह महाविद्यालय जपला के विद्यार्थियों ने राज्य टॉप टेन के श्रेणी में दबदबा बनाकर क्षेत्र एवं महाविद्यालय का नाम रौशन किया हैं। विज्ञान संकाय में अभिमन्यु कुमार ने कुल 468 अंक, 93 .6% लाकर राज्य में टॉप टेन एवं जिला में दूसरा स्थान लाया हैं। वही रिया सिंह कुल 667अंक 93 .4% लाकर राज्य टॉप टेन व जिला में तीसरा स्थान लाने में सफल रही, वहीं वैभवराज ने कुल 666 अंक 93 .2% लाकर जिला टॉप टेन में अस्थान बनाने में सफल रहे। इनके अतिरिक्त एसबीएस इंटर महाविद्यालय के शिवानी कुमारी, 462, अंक 92 .4%, चन्दन कुमार यादव 659 अंक, 91 .8% एवं अरुण कुमार सिंह, 458 अंक 91 .6 अंक लाकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया हैं। रिया सिंह एसबीएस कालेज के शिक्षक प्रतिनिधि की बेटी हैं। रिया सिंह ने बताया कि मैं मन लगाकर तैयारी की थी। बुधवार को अपने माता रेणु सिंह व पिता संजय कुमार सिंह को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। वहीं वैभवराज के पिता भी एसबीएस कॉलेज में बायोलॉजी के शिक्षक हैं। महाविद्यालय की परीक्षा परिणाम की बात करें तो इस वर्ष कुल 1024 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था। जिसमें कुल 1023 प्रथम स्थान से पास हुए है शेष एक विद्यार्थी द्वितीय स्थान लाया हैं। परीक्षा परिणाम पर महाविद्यालय के प्राचार्य सचितानंद तिवारी, प्रोफेसर संजय सिंह, कृष्णा सिंह, कंचन कुमार सिंह डॉ पुष्पलता कुमारी, अरुण कुमार सिंह समेत सभी लोगो मे हर्ष व्याप्त हैं।

द कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों का हुआ बेल्ट प्रमोशन

कराटे में कैरियर बनायें युवा : रूद्रा

मेदिनीनगर। रेड़मा पांकी रोड स्थित द कराटे एकेडमी में बेल्ट ग्रेडिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीओपी 2 के थाना प्रभारी रुद्रा सरस और दायित्व ट्रस्ट के चेयरमैन अविनाश वर्मा ने खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और बेल्ट देकर सम्मानित किया। मौके पर रुद्रा सरस ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा के दृष्टिकोण से बहुत ही बेहतरीन खेल है। कराटे खेल में अपना भविष्य बना सके। वही मौके पर अविनाश वर्मा ने कहा वर्तमान समय कराटे का महत्वपूर्ण स्थान है। कराटेकार खुद का रक्षा कर दूसरों को भी सिखायें। वही मौके पर द कराटे एकेडमी के निर्देशक सुमित वर्मन ने कहा कि हर 4 महीनो पर बच्चों की बेल्ट ग्रेडिंग की परीक्षा झारखंड शोतोकान कराटे डू एसोसिएशन द्वारा ली जाती है। इस बार येलो बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ी में विष्णु हसन, रिशु राज, कार्तिक्या, हृसिकेश सिंह, मुकेश कुमार सिंह, शोर्या शुक्ला, ऋषभ राज, आनंद राज, सम्यक स्नितिक, समीर कुमार, रोहित कुमार वही ऑरेंज बेल्ट में ऋतिक राज तिवारी, आयुष कुमार, उमंग दुबे, अथर्व भारद्वाज, समीर कुमार, निधि रानी, सर्वज्ञ भारद्वाज तो वही ग्रीन बेल्ट में अंशिका प्रिया, सौभाग्य सिद्धार्थ, अश्विन विश्वकर्मा, पीयूष कुमार सिंह, अगरिया प्रियदर्शनी, नव्या सिंह, आदित्य सिंह। ब्लू बेल्ट में काजल कुमारी, औशी, राम प्रताप सिंह तो वही पर्पल बेल्ट में प्रवीण कुमार सिंह और ब्राउन बेल्ट में साक्षी वर्मा इन सभी कराटे खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं बेल्ट देकर सम्मानित किया गया।

परशुराम सेना भार्गव ने खोला पनशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव पलामू जिला इकाई के द्वारा ठाकुरबाड़ी मंदिर के समीप पलामू टेम्पू हाउस के सामने पनशाला का उद्घाटन किया गया। पनशाला का उद्घघाटन प्रदेश संरक्षक अजय तिवारी, मुकेश तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, बंसत तिवारी, परमेस तिवारी और जिलाध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। पानी की दिक्कत को देखकर परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारीयों ने राहगीरों के लिए पनशाला खोलने का निर्णय लिया। मौके पर प्रदेश संरक्षक सत्येन्द्र तिवारी ने कहा कि अभी वर्तमान की स्थिति में जो पलामू में गर्मी पड़ रही है इससे एसी, कूलर सभी फेल हो जा रहे हैं। जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने बताया कि आने वाले दिनों में गर्मी को देखते हुए जरूरत के हिसाब से कई अन्य जगह पनशाला की व्यवस्था किया जाएगा। मौके पर अमित तिवारी, अभिषेक तिवारी, आशुतोष तिवारी ब्राह्मण, अंकित पांडे, राजन पंडित, रितिक चौबे, जिला अनुशासन समिति अध्यक्ष संजीत पांडे, झारखण्ड प्रशासनिक पदाधिकारी रमेश कुमार, अंकित तिवारी, मनोज तिवारी, सहित दर्जनों परशुराम भक्त उपस्थित थे।

80 वर्ष पुरा होने पर पीपल का पौधा रोपण करेगा इप्टा

मेदनीनगर। कॅल इंडियन पीपल्स थियेटर एसोसिएशन (इप्टा) अपने सांस्कृतिक आंदोलन का 80 वर्ष पूरा करने जा रहा है। इसे लेकर झारखंड के पलामू इप्टाकर्मियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इप्टा की पलामू इकाई के जिला सचिव रविशंकर ने बताया कि मेदिनीनगर स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सद्भावना वृक्ष के रूप में पीपल का पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सद्भावना वृक्ष के रूप में पौधारोपण कार्यक्रम में उस मिट्टी का प्रयोग किया जाएगा, जिसे इप्टा की राष्ट्रीय समिति ने ढाई आखर प्रेम की यात्रा के वक्त कई राज्यों के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हुए शहीदों, साहित्यकारों, कलाकारों की शहादत स्थल व जन्मभूमि से मिट्टी संग्रहित की गई थी। ज्ञात हो कि देश में नफरत का माहौल देखते हुए इप्टा की राष्ट्रीय समिति ने ढाई आखर प्रेम की यात्रा राहुल सांकृत्यायन की जयंती के अवसर पर 9 अप्रैल को छत्तीसगढ़ से प्रारंभ की गई थी। यह यात्रा तमाम हिंदी प्रदेशों में पहुंची थी और संत कबीर के ढाई आखर संदेश को लोगों तक पहुंचाया था। संग्रहित मिट्टी का उपयोग कर सभी राज्यों में सद्भावना वृक्ष लगाने का निर्णय भी लिया गया था। इसी निर्णय के आधार पर झारखंड इप्टा की पलामू इकाई के द्वारा इप्टा के 80 वर्ष पूरा करने के अवसर पर सद्भावना वृक्ष लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस मौके पर जिला सचिव रविशंकर ने तमाम मेदनीनगर वासियों से अपील किया है कि मेदिनीनगर स्थित अंबेडकर पार्क में 6 :00 बजे शाम को उपस्थित होकर इप्टा द्वारा आयोजित पौधारोपण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आपसी सद्भावना को समृद्ध करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

एलएलटीसी के छात्रों ने मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में मारी बाजी, कई विद्यार्थियों ने राज्य व जिला में बनाया स्थान

इंटर विज्ञान में मो अरबाज 94.2 % व मैट्रिक में रिषभ 96.2 % अंक लाकर रहे अव्वल

खबर मन्त्र संवाददाता

पंडवा पलामू। झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में एलएलटीसी के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है। इंटर विज्ञान संकाय में मो अरबाज हुसैन 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में सातवां व पलामू जिला में प्रथम स्थान हासिल किया है। अरबाज पाटन प्रखंड के मंझौली का रहनेवाला है। वहीं पाटन ग्राम पचकेड़िया निवासी आकृति कुमारी 93.2 प्रतिशत अंक के साथ जिले में चौथा व अनिश पाल तुकबेरा भी चौथा स्थान प्राप्त किया है। अभिराज गुप्ता लठेया झरगड़ा 92.6 प्रतिशत अंक लाकर जिले में नौवां स्थान पाया है। वहीं इसके अलावे इंटर में चांदनी गुप्ता 91.2 प्रतिशत, अनुप्रिया कुमारी 90.6 %, अनुराग पाल 90.4 %, राखी कुमारी 90% रिया कुमारी 89.8 %, खुशबू कुमारी 89.2 %, पायल विश्वकर्मा 89 %, आरिफ अंसारी 89 %, रूपा कुमारी 88.6 % अंक प्राप्त कर परीक्षा उतीर्ण की है। मैट्रिक में भी एलएलटीसी के छात्रों ने जिले में दबदबा कायम किया। तीन विद्यार्थी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थानों पर कब्जा किया। पंडवा के रिषभ मेहता पिता राकेश मेहता 96.2 % अंक लाकर जिले में प्रथम व राज्य में दसवां स्थान प्राप्त किया। वहीं अमन राज पिता हरेंद्र कुमार देल्हा 95.8 % अंक के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। ब्यूटी रानी पिता अनिल मेहता सांगबार बनुआ 95.6 प्रतिशत अंक लाकर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावे नीलम कुमारी 94.60 प्रतिशत, आयुष कुमार 93.40 प्रतिशत, अनिश वर्मा 92 प्रतिशत, सोनी कुमारी 90.40 प्रतिशत, प्रीतम कुमार 90 प्रतिशत, विशाखा एक्का 89 प्रतिशत, बृजमोहन मेहता 88.80 प्रतिशत, सुजाता कुमारी व अनिसा 88.20 प्रतिशत अंक लाकर परीक्षा पास की है। विद्यार्थियों की सफलता पर एलएलटीसी के निदेशक मोनीर हुसैन ने बधाई देते हुए इनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा

खबर मन्त्र संवाददाता

निदेशक बिनोद मिश्र ने सफल छात्रों को दिया शुभकामनाएं

मेदिनीनगर। ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल बाईपास रोड का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। मैट्रिक की परीक्षा में स्कूल के कुल 46 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए थे। जिनमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिसमें निखिल कुमार महतो ने 90.80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि आयुष अमन ने 90.60 % अंक लाकर द्वितीय स्थान तथा अंजली कुमारी 89.60% अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। वहीं आधा से अधिक छात्र-छात्राओं का अंक 80 % से 90% के बीच रहा। स्कूल के निदेशक सह प्राचार्य बिनोद मिश्रा ने सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि परीक्षा फल का परिणाम छात्र-छात्राओं का मेहनत व शिक्षकों का मार्गदर्शन तथा अभिभावकों का सहयोग से ही सम्भव हो पाया है। उन्होंने कहा कि स्कूल के सभी बच्चे शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। मिश्र ने कहा कि विद्यालय की स्थापना काल से लेकर आज तक विद्यालय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही साथ संस्कार एवं अन्य गतिविधियों की शिक्षा दी जाती है। उन्होंने छात्रों के साथ ही साथ विद्यालय के शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामना व्यक्त किया है।

स्पीड न्यूज

पायोनियर कंपनी ने किसानों को दिये बीज

पिठोरिया। मुडहर पहाड़ स्थित सामुदायिक भवन में पायनियर कंपनी के द्वारा कांके प्रखंड के सभी गांव से 1-1 प्रवक्ता को बुलाकर खरीफ सीजन की खेती के गुर के विषय में बताया गया। कम्पनी के अधिकारियों ने कहा कि किसान भाई अपनी खून-पसीने की कमाई को खेती में सोच समझ कर लगाय। साथ ही मौके पर किसानों को इस साल के लिए तीन तीन केजी पायनियर हाइब्रिड धान 27 पी 37 दिया गया। मौके पर क्षेत्र के कई प्रगतिशील किसान के साथ कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा सोनाहातू मंडल कार्यसमिति बैठक

सोनाहातू। भाजपा सोनाहातू मंडल कार्यसमिति की बैठक जामुदाग के हरिमंदिर परिसर में संपन्न हुई बैठक में रांची जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष सह सोनाहातू के प्रभारी लक्ष्मण मुंडा उपस्थित हुये। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोइरी और संचालन मंडल के महामंत्री परीक्षित मंडल ने किया। बैठक में प्रधानमंत्री ओर केंद्र सरकार की जान कल्याण योजनाओं की जानकारी देकर जन जन तक पहुंचाने को कहा गया। बैठक में युवा अध्यक्ष खगेश कुमार महतो, महामंत्री सजल कुमार मंडल, एसटी अध्यक्ष महिपाल सिंह, कुशल महतो, महावीर सोनी मौजूद थे।

पाइप फटने से बर्बाद हो रहा सैकड़ों लीटर पानी

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड मुख्यालय परिसर के में गेट के समीप पेयजल पाइप लाइन फटने से रोज सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। वहीं सड़क पर पानी बहते रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है जब भी सप्लाई आती है तो उस दौरान दबाव के चलते पानी बहने लगता है। लोगों ने इसकी शिकायत कई बार पंचायत प्रतिनिधियों एवं जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों से की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। विभाग द्वारा इसकी जाच कर ठीक करा देने बात कही जाती है परंतु अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। यह समस्या बीते करीब 10 दिनों से है। स्थानीय लोगों ने पाइपलाइन की लिकेज बंद करने की मांग की है।

पता पूछने के बहाने जगुआर के सिपाही से 21 मई को हुई थी लूट

मोबाइल, स्कूटी के साथ लूट का आरोपी गिरफ्तार

नगद, एटीएम कार्ड सहित लूट लिया था सर्विस आईडी

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। पुलिस ने थाना कांड संख्या 83-23 का खुलासा करते हुये सुखदेवनगर पहाड़ीटोला बानो मंजिल हाफपैंटवा मुहल्ला निवासी स्व मो गन्नी के पुत्र 25 वर्षीय मो रमजान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके पास से रेडमी कंपनी की मोबाइल और लूट में प्रयुक्त काले रंग की एक्टिवा जेएच1 डीसी 1498 भी बरामद की गयी है। यह जानकारी थानेदार सपन कुमार महथा ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि 21 फरवरी की रात आठ बजे झिरी आनंदनगर स्थित रिंग रोड में स्कूटी जेएच 01 डीसी 1498 पर सवार दो हथियारबंद अपराधियों ने पता पूछने के बहाने रोक जगुआर के सिपाही संतोष हांसदा से पर्स में रखे 5 हजार नकद, रेडमी मोबाइल, पैन कार्ड, आधार, एटीएम, सर्विस आईडी और बक्से की चाभी लूट ली थी।

कैसे हुआ खुलासा

आरोपी मो रमजान

श्री महथा ने जानकारी दी कि मोबाइल चालू हालत में थी। टेक्निकल सेल से सीडीआर निकाला गया। लोकेशन के जरिये नरकोपी के अशफाक अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। उसने मोबाइल का उपयोग जीजा मो रमजान द्वारा किये जाने की बात कही। उसकी निशानदेही पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में कांड के आईओ अवर निरीक्षक शेखर कुमार सिंह समेत कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

घर का ताला तोड़ नगद और जेवरात की चोरी

नामकुम। थाना क्षेत्र के सिदरौल में अज्ञात चोरो ने चंदन कुमार नामक व्यक्ति के घर में ताला काटकर लाखो रुपए मूल्य के गहने और लगभग बीस हजार रुपए नकदी की चोरी कर ली। मामले में पीडित चंदन कुमार ने नामकुम थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरो पर प्रथमिकी दर्ज करायी है। थाने में दिए आवेदन में चदंन ने बताया है कि बुधवार सुबह लगभग साढे दस बजे घर में ताला लगा कर अपने आफिस चला गया था, दोपहर लगभग दो बजे पडोसियों के द्वारा उसे सूचना दी गयी कि उसके घर का ताला टुटा हुआ है,उसके बाद वह अपने घर पहुंचा तो देखा कि मुख्य द्वारा पर लगे एलड्राप और ताले को कट कर चोर उसके घर में घुसे थे घर के अंद जाकर देखा तो अलमीरा और सारा सामान बिखरा पड़ा था।

बेड़ो में तीन हाथियों ने रौंद डाली सब्जी की फसल

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में मंगलवार की रात लगभग नौ बजे तीन जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने इसी गांव के डाकी उराईन पति टोप्पो उरांव के मीठा मक्काए मिर्चाए शिमला मिर्चाए बोदी व खीरा बनारसी उरांव के खीरा गोंगरा व सत्पुतिया जेवियर उरांव के मक्का व खीरा के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इधर घटना की सूचना पाने के बाद समाजसेवी चरवा उरांव ने वन विभाग को जानकारी दी। उन्होंने पीड़ित किसानों को प्रखंड प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इन क्षेत्रों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन जंगली हाथी उत्पात मचा रहे हैं। फसलों को खाकर व रौंदकर तथा घरों को ध्वस्त कर रहे हैं।

मैट्रिक परीक्षा: निश्चल मेमोरियल के सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता

ठाकुरगांव। झारखंड बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में क्षेत्र के स्कूलों के छात्रों ने उत्कृष्ट सफलता पाई है। निश्चल मेमोमोरियल उच्च विद्यालय पिठोरिया के 48 छात्रों में से सभी ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल के छात्र कार्तिक गोप ने 90.6 प्रतिशत, प्रियंका कुमारी ने 88.8 प्रतिशत तथा संजना मुंडा ने 87 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर किया। किसान उच्च विद्यालय पिठोरिया के 75 छात्रों में से 66 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल के अंकित कुमार ने 92 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर किया है। साइंस विजन पब्लिक स्कूल मारवा के 45 छात्रों में से 43 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल की छात्रा नाज परवीन ने 90 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। न्यू ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल बूढ़ीबागी के 50 छात्रों में 45 ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल का छात्र निसार अंसारी 86 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना। वहीं किसान हाई स्कूल गेसवे की छात्रा संगीता कुमारी ने 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। साथ ही स्कूल के ईश्वर पाहन व सईद अनवर ने 91 प्रतिशत अंक लाया है।

Affidavit

I, Sayyad Shah Alaquama Shibli Quadri S/o Enamur Rab, R/o Near Firdous Nagar, Masjid, Firdaus Nagar, Mani Tola, P.O. & P.S. Doranda, Dist. Ranchi Jharkhand do hereby solemnly declre vide affidavit no 200 dated 12.05.2023 that my correct name is mentioned as Sayyad shah Alaquama Shibli Quadri which is mentioned in my Aadhar Card No. 4426 5087 8566, but my name is mentioned as Shibli Alquama in my Indian Passport No. V6374472. Sayyad Shah Alaquama Shibli Quadri and Shibli Alquama is the name of only one and same person i.e. myself.

एकल विद्यालय के बच्चों ने की नगर यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड स्थित सभी एकल विद्यालय के बच्चों को एकल अभियान रांची चैप्टर के तहत बुधवार नगर यात्रा करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान रांची मैन रोड स्थित जेडी हाईस्ट्रीट मोल में बच्चों को रिफ्रेश हाल पर जलपान कराया गया। तत्पश्चात एमएस धोनी मूवी दिखाया गया। इन बहुमंजिली इमारत के सातवें तल्ले पर लिफ्ट और इलेक्ट्रॉनिक सीढ़ियां चढ़ , सातवें मंजिल से रांची का नजारा देख खुशी का ठिकाना नहीं रहा। फिर विडियो गेम्स खेलकर बच्चे काफी आनंद उठाया। वहीं दोपहर में सभी को भोजन के साथ आइस क्रीम और मिठाई बांटी गई। एकल

विद्यालय का यह कार्यक्रम पिछले 20 मई से लगातार चला। जिसमें रांची, खूंटी और रामगढ़, सिल्ली, सोनाहातू, राहे, बुंडू, बरलंगा, गोला समेत 18 संचो के 121 विद्यालय से 850 से अधिक बच्चे एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। यह नगर यात्रा कार्यक्रम से बच्चे काफी उत्साहित हैं। वहीं रांची चैप्टर के लोग गांव के बच्चों की खुशी से काफी खुश हैं। ग्रामीण एकल परिवार को यह महसूस न हो कि शहर में हमारा कोई परिचित नहीं है। इस भाव के साथ शहरवासियों और ग्रामवासियों को जोड़कर अखंडता में एकता की पहचान कराकर एकल हमेशा आगे बढ़ रहा है।

पिपरवार विकास विद्यालय के मनीकांत स्कूल टॉपर

पिपरवार। पिपरवार विकास विद्यालय के छात्रों ने जैक दसवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है विद्यालय के छात्र मनीकांत कुमार ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहे । जबकि बसंत कुमार 76.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सेकेंड टॉपर एवं चंचल कुमार ने 76.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के तृतीय टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया द्य पिपरवार विकास विद्यालय द्वारा दसवीं जैक बोर्ड परीक्षा में कुल 43 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे।

राहे: हरिनाम कीर्तन में उमड़ रही भीड़

राहे। सोलह आना समिति राहे द्वारा आयोजित नवरात्र अखंड हरीनाम संकीर्तन सातवें दिन बुधवार को कीर्तन स्थल पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। हरि मंदिर में स्थापित राधाकृष्ण के प्रतिमा पर लोग दिन भर पूजन कर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किये। बंगालएझारखंड के कीर्तन मंडली के द्वारा किये जा रहे आकर्षक हरीनाम कीर्तन से लोग आनन्दित ही रहे है। इसअवसर पर मेला का भी आयोजन किया गया है। मेले में टॉवर झूला मिकी माउसमौत का कुंआलगाय गया है। समिति के मनोज चटर्जी सुशांत सिंह कमलाकांत सिंह सुरेन्द प्रजापति सपन दास सुधीर दास विनोद रक्षित आदि के साथ नेहरू युवा क्लब के सदस्यों के द्वारा कीर्तन को सम्पन्न कराया जा रहा है।

दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम पर चर्चा

समावेशी शिक्षा पर तीन दिनी प्रशिक्षण का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। समावेशी शिक्षा पर साइटसेवर्स, झारखंड शिक्षा परियोजना, राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र की ओर से तीन दिनी आवासीय शिक्षण प्रशिक्षण बुधवार की शाम समाप्त हो गया। डायट परिसर स्थित जेसीईआरटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सात जिले से नव चयनित रिसोर्स शिक्षक शामिल हुये। इस बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम को सफल बनानेए दिव्यांगता के प्रकारए लक्षण, शैक्षणिक आवश्यकता व रणनीति पर चर्चा की गयी। वहीं सांकेतिक भाषा को उपयोग में लाने पर विशेष जोर दिया गया।

शिक्षकों को मिली जानकारी

समावेशी शिक्षा के सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अरूनालता केरकेट्टा, साईटसेवर्स इंडिया की सपना सारिका सुरीन व सलाहकार चंदन सिंह ने शिक्षकों को दृष्टिबाधित व मुखबधिर समेत सभी प्रकार के दिव्यांगता से ग्रसित बच्चों के पठन-पाठन की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षक-शिक्षिकायें बेहद उत्साहित नजर आये।

देवानंद कोईरी सोनाहातू प्रखंड टॉपर

मैट्रिक परीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

सोनाहातू। जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामुदाग के देवानंद कोइरी 461 अंक लाकर सोनाहातू प्रखंड टापर बना है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामुदाग के ही प्रफुल्य महतो और राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय लांदुपडीह की छात्रा रीतु सांडिल क्रमशः 459 अंक प्राप्त कर द्वितीय प्रखंड टापर बनी है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामुदाग की ही सुलेखा कुमारी व राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सोनाहातू के अजीत महतो 458

अंक हासिल कर तृतीय टॉपर बने हैं। इन छात्रों की सफलता पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामुदाग के प्रधानाध्यापक हरिवंश उरांवए सुमार महतोए राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय लांदुपडीह के प्राचार्य रुबेल लकड़ाए शिक्षक विदेशवर महतोए उमाकांत स्वांसीए राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सोनाहातू के प्रधानाध्यापक रामेशवर सेठए दीपक महतो आदि ने बधाई दी है।

सिरका विकास विद्यालय और विद्या मंदिर का बेहतर प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

अनगड़ा। सरस्वती शिशु विधा मन्दिर गेतलसूद तथा विकास विद्यालय सिरका के छात्र छात्राओ ने भी मैट्रीक की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किए हैं । सरस्वती शिशु मन्दिर के 78 परीक्षार्थियों में से 60 ने प्रथम श्रेणी में 15 द्वितीय तथा तीन तृतीय श्रेणी में उर्तीण हुए है । विधायल की वन्दिता रानी 90 प्रतिशत पायल कुमारी 85ण्6 प्रतिशत तथा हेमंती कुमारी ने 85 प्रतिशत अंक हासिल करके प्रथम द्वितीय और तृतीय टॉपर बनी । वहीं विद्यालय के आठ छात्र छात्राओ ने80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं । विकास विधालय सिरका के 42 छात्र छात्राओ ने परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें 35 ने प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए हैं। विद्यालय परिवार ने सभी को बधाई दी है।

सड़क के लिए ग्रामीण मुख्यालय पर देंगे धरना

हेंदेबिली-गढ़टोली सड़क निर्माण की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव गढ़टोली के ग्रामीण सड़क की मांग को लेकर बाल-बच्चों के साथ प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है देश की आजादी का अमृत महोत्सव मन रहे हैं और हमें सड़क निर्माण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। इतने वर्ष बाद भी गांव का हाफ किमी सड़क निर्माण नही होने से ग्रामीण काफी दुखी हैं। गांव के राजकिशोर महतो, रामकुमार सिंह, रामचरण यादव, राजेश यादव, जयकिशुन महतो, देवनंदन बेदिया, सुमती देवी, सविता देवी, हुलसी देवी व शांति देवी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि बेदिया टोली से गढ़टोली जाने के लिए सड़क नहीं रहने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खास कर बारिश के दिनों में किचड़ भरा रहता है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों व बाजार जाने वाले किसानों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की मांग करते हुए कई पीढ़ी गुजर गई, लेकिन सड़क का

गांव जाने वाली सड़क की मांग करते ग्रामीण।

निर्माण अबतक नही हुआ। ग्रामीणों के अनुसार प्रत्येक ग्रामसभा में भी सड़क निर्माण की योजना जोड़ा जाता है। बावजूद निर्माण नहीं होता है। ग्रामीणों के अनुसार चुनाव के दौरान गांव आने वाले विभिन्न पार्टी के नेताओं व मुखिया से भी निर्माण की मांग की जा चुकी है, फिर भी कोई पहल नहीं हुई है।

NAGAR PANCHAYAT BUNDU

Very Short Tender 02/23-24

Letter No - Date-

REQUEST FOR PROPOSAL

1	Name of the Work	Selection of Chartered Accountant / Cost Accountant Firms For Intenal Audit of Nagar Panchayat Bundu
2	Descriptions and Objectives of the Assignment	Internal Audit to assist in improving the accountability of use Funds and provide a deterrent to malpractice or mismanagement.
3	Language of Documentation	English
4	Mode of submission of Bids	By Speed / Registered post / By Hand(Open Tender)
5	Tender fee and Earnest Money Deposit (EMD) (In INR)	Cost of tender fee 5000.00 (Rs Five Thousand Only) Earnest Money Deposit (EMD) 20000.00
6	Method of selection	LCS (Least cost Selection Method)
7	Total Time Period	3 Years
8	Date of Publish of Tender	25-05-2023 up to 10:00 AM
9	Date of submission of bids	02-06-2023 up to 03:00 PM
10	No. Of copies Tech. and Financial proposal for each package	1 Copy of Technical Proposal 1 Copy of Financial Proposal
11	Date/ Time of Technical Bid Opening	05-06-2023 Time 02:00 PM
12	Bid Submission address	Office of Nagar Panchayat Bundu
13	Helpline No.	8825152708, 9905766497

Note- Details of Tender also be seen in Website www.udhd.jharkhand.gov.in

PR 298211 Urban Development(23-24).D

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत बुण्डू

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

अल्पकालीन-ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या **SPUF/MID/KODREMA/F2-2/2023-24 Date 23-05-2023**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:-

क0सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	डंडाडीह पावर हाउस से लेकर डंडाडीह हरिजन टोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	2484000.00	49700.00	5000.00	03 (तीन) माह
2	ग्राम सतगँवा में वन विभाग के कार्यालय के बगल से समलडीह पैक्स गोदाम तक निर्माणाधीन पी0सी0सी0 रोड के शेष भाग को पूर्ण करना।	2412000.00	48300.00	5000.00	03 (तीन) माह
3	ग्राम पहाड सिंह खैरा गाँव में पी0डब्लूडी0 रोड से उ0म0 विद्यालय तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण।	2498000.00	50000.00	5000.00	03 (तीन) माह
4	डोमचाँच प्रखण्ड के ग्राम कटाही से नईटांड (प्रखण्ड जयनगर) रोड निर्माण।	2499900.00	50000.00	5000.00	03 (तीन) माह
5	जयनगर प्रखण्ड के डण्डाडीह पंचायत में डण्डाडीह ग्रामीण कार्य विभाग पथ सडक से डण्डाधारी धाम तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण लगभग 800 फीट।	1515000.00	30300.00	5000.00	03 (तीन) माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :-30.05.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 05.06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि 06.06.2023 एवं समय 10:00 बजे से 03:00 बजे तक। स्थान कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा एवं सहायक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई अनुमंडल, जयनगर निविदा खोलने का स्थान- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.06.2023 अपराह्न 02:00 बजे

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट- WWW.Jharkhand tenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.298197 Minor Irrigation(23-24):D

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना

(लापता ऋषी कुमार, उम्र-20 वर्ष)

नगर उटाँरी थाना दैनिकी सनहा सं0-16/023, दिनांक-06.06.2023, में लापता ऋषी कुमार, उम्र-20 वर्ष, पे0-सुदामा राम, सा0-जमुआ, थाना-नगर उटाँरी, जिला-गढ़वा, राज्य झारखण्ड के रहने वाले हैं। जो दिनांक-02/05/.2023 को समय लगभग 10:30 अपने घर से लापता हैं। घर से बिना बताये हुये निकला जो अभी तक लापता है, जो मानसीक रूप से थेड़ा विक्षिप्त है। उक्त लापाता का काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता में लापता ऋषी कुमार, उम्र-20 वर्ष, पे0-सुदामा राम, के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0-9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0- 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:-

रंग-गेहुँआ
लम्बाई- लगभग 5 फीट
भाषा- हिन्दी, स्थानीय

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 298187 (Police)23-24*D

कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा

(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना

(P.R No.- 295218)

आम सूचना

निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र-2022-23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रक्रियात्मक कार्रवाई से संबंधित पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (P.R No.- 295218) के कम में पूर्व में निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि विस्तारित की जाती है :-

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के अन्दर) :-		
क0	प्रक्रियात्मक कार्रवाई	ई-कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि
1.	शैक्षणिक सत्र-2022-23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि	20.06.2023
2.	संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि।	30.06.2023
ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के बाहर) :-		
1.	शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि	30.05.2023
2.	शैक्षणिक सत्र-2022-23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि	20.06.2023
3.	संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि।	30.06.2023

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/-
जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 298192 Lohardaga (23-24)_D

मौसम की तल्खी

देश का बड़ा हिस्सा इस वक्त गर्मी की चपेट में है, वहीं कर्नाटक उतराखंड और पूर्वोत्तर से भारी बारिश और भूस्खलन की भयावह खबरें सामने आई हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून तेज बारिश के कारण बंगलुरू शहर के कई हिस्सों में जल-जमाव हो गया, भारी बारिश के कारण कई निचले इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया, जिससे वाहनों की आवाजाही लगभग ठप रही। हर बारिश के बाद, देश के बड़े और आधुनिक शहरों की यही कहानी है। सालों साल एक जैसी कहानी देखते और झेलते हुए भी जनता ने इसे अपने जीवन का सच मान लिया है। बरसात के कारण हजारों हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसल बर्बाद हो गई। संचार और यातायात ठप्प होने से रोजमर्रा के कारोबार पर भी असर पड़ा है। बाढ़, बारिश, सूखा या भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएं अक्सर अपनी चपेट में आने वालों को जीवन भर का जख्म दे जाती हैं। भूकंप का तो खैर अनुमान नहीं लगाया जा सकता। मगर बारिश और सूखे का अनुमान लगाने के लिए तो मौसम विभाग बना हुआ है। यह आश्चर्य की बात है कि असम में इस बाढ़ की जानकारी समय रहते लोगों को क्यों नहीं दी गई या उन्हें पहले ही सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। अगर मौसम की सटीक भविष्यवाणी नहीं हो पाई थी, तो फिर इस दिशा में भी सरकार को विचार करना चाहिए कि आखिर हमारी तकनीकों में कहां कमी रह रही है। मार्च से ही मौसम लगातार अपने विपरीत आचरण से कृषि सहित आम लोगों को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। पर्यावरणविद इस परिवर्तन को ग्लोबल वार्मिंग से जोड़ कर देख रहें हैं। 1980 की चेतावनी अब सर पर आ गयी है लेकिन विशेषकर भारत सहित विकासशील देशों को इससे होने वाले नुकसान को लेकर विकसित देश का आचरण सकरात्मक नहीं है।

न्याय का मंदिर

किसी न्यायिक भवन का व्यवस्थित होना त्वरित न्याय की दिशा में एक कदम माना जाना चाहिए। झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन का लोकार्पण करते हुए राष्ट्रपति द्रोपद्री मुर्मू ने कहा कि यह न्याय का मंदिर आम लोगों के हित, बंचित और समाज के सबसे निचले तबके को न्याय दिलाने की दिशा में ठोस कार्य करेगा। निश्चित ही महामहिम की उम्मीद आम लोगों की उम्मीद है। झारखंड हाई कोर्ट का पूराना भवन संयुक्त बिहार के एक पीठ के रुप में स्थापित था जहां केस के आधार पर कम स्थान होने से न्यायिक व्यवस्था के संचालन में कठिनाई होती थी। अलग राज्य निमार्ण के बाद बिहार से भी झारखंड के क्षेत्र के केस आ जाने से इनकी संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई थी। इस कारण एक आधुनिक और सुसज्जित कोर्ट परिसर की आवश्यकता राज्य को थी। वह आवश्यककता इस उच्च न्यायालय के नये परिसर के शुभारंभ से पूरी हो गयी है। देश और राज्य के विकास में जो सबसे अधिक आवश्यकता है वह है त्वरित न्याय की जिसको लेकर पूरे देश में चर्चा और चिंता व्यक्त की जा रही है। न्यायालयों में जिस प्रकार केस दर्ज हो रहें है उस तुलना में तेज गति से मामलों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। चार करोड़ से अधिक मामले आज न्यायालयों में लंबित है और अगर एक मामले में चार लोग भी प्रभावित है तो यह संख्या बीस करोड़ हो जाती है। न्यायालय किसी भी व्यक्ति के लिये उम्मीद की अंतिम सीढ़ी होती है और इसका विश्वास कायम रहे यह आवश्यक है। सुविधा और आधुनिकता से मामलों के त्वरित निप्पादन की एक उम्मीद अवश्य बधंती है। हमारी न्यायिक व्यवस्था आज भी दुनिया में शीर्ष न्यायिक व्यवस्थाओं में एक है और हम न्याय के मंदिर में अपनी समस्याओं का निपटारा की चाह रखते हैं। एक बेहतर उम्मीद से झारखंड को एक बेहतरीन न्याय परिसर का निर्माण हुआ है।

मोदी बने जी-20 और जी-7 सहयोग के सूत्रधार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विदेश नीति का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने विश्व शांति और सौहार्द का प्रभावी संदेश दिया है। यही कारण है कि विकसित देश भी भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार कर रहे हैं। वैश्विक सम्मेलन में सर्वाधिक आकर्षण मोदी के प्रति होता है। ऐसा जापान के हिरोशिमा में भी हुआ। भारत जी-20 का अध्यक्ष है। मोदी दोनों संगठनों के बीच सहयोग के सूत्रधार बने हैं। उन्होंने कहा कि जी-20 और जी-7 के बीच एक महत्वपूर्ण लिंक बनाया जा सकता है।

नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन में खाद्य, स्वास्थ्य और विकास से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए दस सूत्री कार्ययोजना का आह्वान किया है। सुझाव दिया कि वैश्विक नेताओं को ऐसी समावेशी खाद्य प्रणाली विकसित करनी चाहिए जिससे गरीब किसानों सहित सबसे कमजोर लोगों की रक्षा की जा सके। पोषण और पर्यावरण के हित में मोटे अनाज के उपयोग होना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाएं विकसित करने के लिए डिजिटल व्यवस्था बढ़ाना आवश्यक है। विकासशील देशों की जरूरतों से प्रेरित विकास मॉडल होना चाहिए। परस्पर सहयोग से स्वास्थ्य सेवा, आरोग्य तथा खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों से संबंधित चुनौतियों का समाधान करना महत्वपूर्ण है।

बड़ी बात यह है कि भारत जी-7 समूह का हिस्सा नहीं है। फिर भी भारत को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी लगातार चौथी बार जी-7 में शामिल हुए। जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है। इसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं, जी-7 समूह की स्थापना 1973 में की गई थी। इसका किसी भी देश में मुख्यालय नहीं है। यह ग्रुप मानवीय मूल्यों की रक्षा, लोकतंत्र की रक्षा, मानवाधिकारों की रक्षा, अंतरराष्ट्रीय शांति का समर्थक, समृद्धि और सतत विकास के सिद्धांत पर चलता है। वस्तुतः नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 को नई दिशा मिल रही है। जी-7 के सदस्य भी भारत की इस भूमिका से प्रभावित है। नरेन्द्र मोदी की क्षमताओं का वह लाभ उठाना चाहते हैं। नरेन्द्र मोदी पर दुनिया को विश्वास है।

किसी वैश्विक संगठन ने पहली बार भारतीय सूक्ति को अपना ध्येय वाक्य बनाया है। वस्तुतः यह भारतीय चिंतन के बढ़ते प्रभाव और लोकधर्म की प्रतिध्वनि है। इसे विश्व सहजता से स्वीकार कर रहा है। लोगों को धीरे-धीरे यह समझ में आ रहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान भारतीय चिंतन के माध्यम से किया जा सकता है। विश्व गुरु भारत ने सम्पूर्ण मानवता के लिए वसुधैव कुटुम्बकम का विचार दिया था। किसी अन्य सभ्यता संस्कृति के लिए यह दुर्लभ चिंतन था। इसमें सभ्यताओं के बीच संघर्ष की कोई संभावना नहीं थी। लेकिन कालान्तर में ऐसे संघर्ष का दौर भी चला। दुनिया में शांति और सौहार्द की अभिलाषा रखने वालों को भारतीय विरासत में ही समाधान दिखाई दे रहा है। अन्य कोई विकल्प है भी नहीं।

-डॉ दिलीप अग्निहोत्री



> यह विषय दुनिया को युद्ध मुक्त करने तक ही सीमित नहीं है। भारत ने पृथ्वी सूक्ति के माध्यम से मानवता को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का भी संदेश दिया। कोरोना काल में भारतीय जीवन-शैली और आयुर्वेदिक को दुनिया में पुनः प्रतिष्ठित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व कल्याण के दृष्टिगत दुनिया को भारतीय विरासत से परिचित करा रहे हैं। उनके प्रयासों से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।

यह विषय दुनिया को युद्ध मुक्त करने तक ही सीमित नहीं है। भारत ने पृथ्वी सूक्ति के माध्यम से मानवता को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का भी संदेश दिया। कोरोना काल में भारतीय जीवन-शैली और आयुर्वेदिक को दुनिया में पुनः प्रतिष्ठित किया है। उस समय अपने को विकसित समझने वाले देश भी लाचार हो गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व कल्याण के दृष्टिगत दुनिया को भारतीय विरासत से परिचित करा रहे हैं। उनके प्रयासों से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग प्रत्येक व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य हेतु बहुत उपयोगी है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ऐसे मानवीय तथ्यों को दुनिया में स्थापित कर रहा है। विगत नौ वर्षों के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रभाव बढ़ा है।

जी-20 में भी भारत के विचारों को बहुत महत्व मिलने लगा है। कुछ वर्ष पहले तक यह कल्पना भी मुश्किल थी कि भारत इस संगठन का अध्यक्ष बनेगा। आज यह सहज रूप में सम्भव हुआ है। नरेन्द्र मोदी ने इसे भारत के लिए एक बड़ा अवसर माना है। इसके माध्यम से वह विश्व कल्याण के तथ्यों लोगों को अवगत करा रहे हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन का लोगो अपने में एक विचार को अभिव्यक्त करने वाला है। नरेन्द्र मोदी ने भारत की मेजबानी में अगले वर्ष आयोजित होने वाली जी -20 शिखर वार्ता का प्रतीक चिह्न, ध्येय वाक्य और वेबसाइट का अनावरण किया था। जी-20 के प्रतीक चिह्न में सात पंखुड़ियों वाले कमल के फूल पर गोलाकार विश्व स्थित है। इसके नीचे भारतीय संस्कृति का प्रसिद्ध ध्येय वाक्य ह्यवसुधैव कुटुम्बकमह्न अंकित है। साथ ही वन अर्थ,वन फैमिली और वन फ्यूचर को स्थान दिया गया है। मोदी ने कहा कि इस लोगो और थीम के माध्यम से एक संदेश दिया गया है। हिंसा के प्रतिरोध में महात्मा गांधी के जो समाधान हैं। जी-20 के जरिए भारत उनकी वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊर्जा दे रहा है।

नरेन्द्र मोदी ने संयुक्तराष्ट्र महासभा में भी कहा था कि भारत युद्ध नहीं बुद्ध का देश है। प्रतीक चिह्न में कमल का फूल भारत की पौराणिक धरोहर, हमारी आस्था और हमारी बौद्धिकता को चित्रित करता है। प्रतीक चिह्न के कमल की सात पंखुड़ियां दुनिया के सात महाद्वीपों और संगीत के सात स्वरों का प्रतिनिधित्व करती हैं। प्रतीक चिह्न इस आशा को जगाता है कि दुनिया एक साथ आगे बढ़ेगी। प्रतीक चिह्न में कमल आज की विपरीत परिस्थितयों में आशा जगाता है। चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थितियां हों कमल खिलता रहता है।

आजादी के अमृतकाल में देश के सामने जी-20 की अध्यक्षता का बड़ा अवसर है। यह भारत के लिए गर्व और गौरव की बात है। जी-20 ऐसे देशों का समूह है जो विश्व के सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी में 85 प्रतिशत की भागीदारी रखता है। इन देशों में दुनिया की दो तिहाई जनसंख्या रहती है। विश्व व्यापार में इसकी 75 प्रतिशत की भागीदारी है। भारत का प्रयास है कि विश्व में कोई पहली दुनियाह्न या तीसरी दुनिया न हो, बल्कि एक दुनिया हो।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

खास बात

योग सूत्र

स्वाम मुकरथ

योगसूत्र, योग दर्शन का मूल ग्रंथ है। यह छः दर्शनों में से एक शास्त्र है और योगशास्त्र का एक ग्रंथ है। योगसूत्रों की रचना 3000 साल के पहले पतंजलि ने की। इसके लिए पहले से इस विषय में विद्यमान सामग्री का भी इसमें उपयोग किया।योगसूत्र में चित्त को एकाग्र करके ईश्वर में लीन करने का विधान है। पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों को चंचल होने से रोकना (चित्तवृत्तिनिरोधः) ही योग है। अर्थात मन को इधर-उधर भटकने न देना, केवल एक ही वस्तु में स्थिर रखना ही योग है।

योगसूत्र मध्यकाल में सर्वाधिक अनूदित किया गया प्राचीन भारतीय ग्रन्थ है, जिसका लगभग 40 भारतीय भाषाओं तथा दो विदेशी भाषाओं (प्राचीन जावा भाषा एवं अरबी में अनुवाद हुआ। यह ग्रंथ 12वीं से 19 वीं शताब्दी तक मुख्यधारा से लुप्तप्राय हो गया था किन्तु 19 वीं-20वीं-21 वीं शताब्दी में पुनः प्रचलन में आ गया है।

परिचय

छः आस्तिक दर्शनों (षड्दर्शन) में योगदर्शन का महत्वपूर्ण स्थान है। कालान्तर में योग की नाना शाखाएँ विकसित हुई जिन्होंने बड़े व्यापक रूप में अनेक भारतीय पंथों, संप्रदायों और साधनाओं पर प्रभाव डाला।

चित्तवृत्ति निरोध को योग मानकर यम, नियम, आसन आदि योग का मूल सिद्धांत उपस्थित किये गये हैं। प्रत्यक्ष रूप में हठयोग, राजयोग और ज्ञानयोग तीनों का मौलिक यहाँ मिल जाता है। इस पर भी अनेक भाष्य लिखे गये हैं। आसन, प्राणायाम, समाधि आदि विवेचना और व्याख्या की प्रेरणा लेकर बहुत से स्वतंत्र ग्रंथों की भी रचना हुई। योग दर्शनकार पतंजलि ने आत्मा और जगत के संबंध में सांख्य दर्शन के सिद्धांतों का ही प्रतिपादन और समर्थन किया है। उन्होंने भी वही पचीस तत्त्व माने हैं, जो सांख्यकार ने माने हैं। इनमें विशेषता यह है कि इन्होंने कपिल की अपेक्षा एक और छब्बीसवाँ तत्त्व 'पुरुषविशेष' या ईश्वर भी माना है। पतंजलि का योगदर्शन, समाधि, साधन, विभूति और कैवल्य इन चार पादों या भागों में विभक्त है।

(अध्यक्ष, सत्यानंद योग मिशन रांची)

स्वांस की समझ

धर्म-प्रवाह

साध्वी मनीषा

स्वांस एक ऐसी अनमोल विरासत है जो सभी को मुफ्त में मिली है। यह एक स्वच्छंद लहर है जो आती है और जाती है लेकिन कहां से आती है और कहां जाती है, सिवाय अविनाशी के कोई नहीं जानता। स्वांस का पता तभी चलता है जब वह रूक जाती है। मनुष्य को जो स्वांस का अनमोल प्रसाद मिला है वह सिर्फ जिंदा रहने के लिए ही नहीं है बल्कि यह ऐसा खजाना है जो व्यक्तित्व के गहरे रहस्यों को खोलता है और एक स्वांस में संपूर्ण ब्रह्मांड समाया हुआ है। स्वांस के भीतर की शक्ति को जिन्होंने भी पहचाना उन्होंने ही हृदय में विराजमान परमात्मा के सानिध्य में शांति के अनुभव से अपना मनुष्य जीवन सफल बनाया। पुराने समय में लोगों के व्यक्तित्व में ज्यादा जटिलता नहीं थी और न ही उस समय जीवन में इतना तनाव था। लोग सीधे और सरल थे। आज इस वैज्ञानिक युग के व्यस्त जीवन में व्यक्ति बहुत अधिक तनावग्रस्त व अशांत है। स्वांस का हमारे व्यक्तित्व से इतना गहरा संबंध है कि उस पर जरा सी लगी चोट सब तरफ प्रतिध्वनित हो जाती है। सिमरण क्रिया से जैसे ही मन स्वांसों के साथ एकाकार होता है तो व्यक्ति को स्वयं का बोध हो जाता है। स्वांसों के भीतर की शक्ति की पहचान प्रेमभाव, भाईचारा, अपनत्व और मानवता के लिए बहुत सार्थक है। स्वांसों की यह ऐसी अनमोल विरासत है कि यदि अभ्यास से प्रत्येक व्यक्ति इसके भीतर की शक्ति को पहचान कर परमानंद का सानिध्य प्राप्त कर ले तो संपूर्ण विश्व शांत हो जाये।

सरकार ने शेल कंपनियों पर प्रहार किया था, 3-4 लाख कंपनियां बंद कर गंदगी दूर की गई।

अब 2174 राजनीतिक दलों की समीक्षा - जिनकी आय टैक्स फ्री है और वे राजनीतिक गतिविधियां भी नहीं करतीं।

इस तरह के लूप होल बंद होंगे तभी व्यवस्था स्वस्थ होगी।

-महेश पोद्दार, सांसद

रोचक ट्वीट

बगोदर विधानसभा क्षेत्र के अमनारी में अमनारी एवं कैलाटांड जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया। इससे करीब दो दर्जन गावों की 50 हजार से ज्यादा की आबादी को नल से शुद्ध पेयजल मिलेगा।

- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने एक सपना देखा है। और वह सपना है 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का। हमारा यह स्वप्न तभी पूरा हो पाएगा, जब हम सब अपनी पूरी क्षमता का दोहन करेंगेः

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

क्यों कोई जैव विविधता को बचाये ?

डॉ. सुशील द्विवेदी

हमारे पृथ्वी ग्रह पर जीवन संतुलन को बनाए रखने के लिए बायोडायवर्सिटी अर्थात जैव विविधता बहुत आवश्यक है। यह पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं की आधारशिला है। दुनिया भर में रहने वाले लगभग आठ अरब लोग लगातार धरती की धरोहर का उपभोग कर रहे हैं। जब हम बायोडाइवर्सिटी की बात करते हैं तब हमारा इशारा, धरती पर मौजूद तमाम जीवों और जैवप्रणालियों की जीवविज्ञानी (बायोलॉजिकल) और आनुवंशिक (जेनेटिक) विविधता से होता है। जैव विविधता के अन्तर्गत जीवित जीवधारियों पेड़-पौधों और पशु-पक्षियों के अलावा फफूंद और मिट्टी में मिलने वाले सूक्ष्मजीवी बैक्टीरिया भी शामिल हैं। वे पूरी दुनिया की उन तमाम व्यापक इको प्रणालियों का हिस्सा हैं जो बर्फीले अंटार्कटिक, ट्रॉपिकल वर्षावनों, सहारा रेगिस्तान, मैंग्रोव वेटलैंड, मध्य यूरोप के पुराने बीच वनों और समुद्री और तटीय इलाकों की विविधता से भरा है।

ये बायोडायवर्सिटी जीने लायक चीजें मुहैया कराती हैं जैसे कि पानी, भोजन, साफ हवा और दवा, सामूहिक रूप से इन्हें इको सिस्टम सेवाएं कहा जाता है। और वे प्रजातियों की विविधता की पारस्परिकता पर भी निर्भर होती हैं। अगर कोई एक प्रजाति खत्म हो जाती है तो प्रकृति-प्रदत्त ये सेवाएं भी हमेशा के लिए गायब हो सकती हैं। दुनिया में कुल कितनी प्रजातियां हैं, इस पर बहुत सारे विरोधाभास हैं , लेकिन द इंटरगवर्नमेंटल साइंस-पॉलिसी प्लेटफॉर्म ऑन बायोडाइवर्सिटी ऐंड इको सिस्टम

समस्या

सर्विसेज- आईपीबीईएस के अनुसार इनकी संख्या 30 लाख से 10 करोड़ के बीच है। विश्व में 14,35,662 प्रजातियों की पहचान की गई है। यद्यपि बहुत सी प्रजातियों की पहचान अभी भी होना बाकी है।

पहचानी गई मुख्य प्रजातियों में 7,51,000 प्रजातियां कीटों की, 2,48,000 पौधों की, 2,81,000 जन्तुओं की, 68,000 कवकों की, 26,000 शैवालों की, 4,800 जीवाणुओं की तथा 1,000 विषाणुओं की हैं। पारितंत्रों के क्षय के कारण लगभग 27,000 प्रजातियां प्रतिवर्ष विलुप्त हो रही हैं। इनमें से ज्यादातर ऊष्ण कटिबंधीय छोटे जीव हैं। हर 10 मिनट में औसतन एक प्रजाति खत्म हो रही है। जब कोई प्रजाति इको सिस्टम से गायब हो जाती है तो प्रकृति का संतुलन धीरे धीरे बिखरने लगता है।

शोधकताओं के मुताबिक, हम लोग दुनिया की छठी सामूहिक विलुप्ति के बीचो-बीच पहुंच गए हैं। अगर जैव विविधता क्षरण की वर्तमान दर कायम रही तो विश्व की एक चौथाई प्रजातियों का अस्तित्व सन 2050 तक समाप्त हो जाएगा। जैव विविधता खत्म होने से एल्गी यानी शैवालों (काई) या पेड़ों के बिना, ऑक्सीजन नहीं मिलेगी। और पौधों को परागित करने वाले परागणकर्ता (पोलिनेटर) जैसे पक्षी, मधुमक्खी और अन्य कीड़े के बिना हमारी फसलें चौपट हो जाएंगी। दो तिहाई से ज्यादा फसलें- जिनमें कई फल, सब्जियां, कॉफी और कोकोआ शामिल हैं, कीटपतंगों जैसे कुदरती पॉलिनेटरों पर निर्भर हैं। सुबह-सुबह जब अन्न का कटोरा हमारे सामने होता है तब हम ये नहीं सोचते कि कुदरत ने इन फसलों को पॉलिनेट करने में कितनी मदद की है जिसकी बदौलत वो अन्न तैयार हुआ है। रोजमर्रा के स्तर पर कुदरत जो हमारे लिए कर रही है, वो हमें दिखता ही नहीं है।

कोविड-19 जैसी महामारी के पीछे की वजह भी कहीं न कहीं से प्राकृतिक असंतुलन है। जब से हमने जैव विविधता को नष्ट करना शुरू किया तभी से हमने उस तंत्र को समाप्त करना शुरू कर दिया, जो स्वास्थ्य तंत्र के लिए मददगार होता है।

कार्टून वर्ल्ड

लेटर टू एडिटर

चीन का हठ



तिब्बत में न तो धार्मिक आजादी है, न ही स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है। वह भले कह रहा हो कि तिब्बत का विकास हुआ है, लेकिन स्थिति उलट है। मठों में कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों ने कब्जा कर लिया है। भिक्षुओं को हजारों जगह पुलिस चौकियों पर अपनी पहचान सिद्ध करनी होती है। अब चीन भारत को तंग कर रहा है लेकिन भारत तिब्बत नहीं है।

-निरंकार सिंह, गढ़वा

आत्मनिर्भर भार

विभिन्न आर्थिक सुधारों, 20 लाख करोड़ रुपये के प्रोत्साहन पैकेज और रिजर्व बैंक के उपायों से आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में धीरे-धीरे पुनरुद्धार किए जाने की संभावनाओं को मुट्ठियों में लिया जाना होगा। अब सरकार के द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य, श्रम, कृषि भूमि, वित्तीय क्षेत्रों में घोषित किए गए सुधारों को आगे बढ़ाना होगा।

-सुनील, हजारीबाग

धर्म और कानून का सबसे चर्चित केस करने वाले केशवानंद

मृत्युंजय प्रसाद

संविधान के संरक्षक के तौर पर सर्वोच्च न्यायालय के 13 जजों ने वर्ष 1973 में एक ऐसा फैसला दिया था, जिसकी वजह से केशवानंद भारती मृत्यु के बाद भी देश के सांविधानिक इतिहास में अमर हो गए हैं। कांग्रेस की आंतरिक कलह और पाकिस्तान से युद्ध के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रिवी पर्स खत्म करने और राज्यों में भूमि अधिग्रहण कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने जैसे कई कानून बनाए और संसद के माध्यम से संविधान में 24वां, 25वां और 29वां संशोधन कर दिया।

'केशवानंद भारती बनाम स्टेट ऑफ केरल' मामले में पांच महीनों तक 68 दिन रोज सुनवाई हुई, जो सुप्रीम कोर्ट में सबसे लंबी सुनवाई का रिकॉर्ड है। अयोध्या मामले में 40 दिन की सुनवाई के बाद पांच जजों ने 1,045 पृष्ठों में सर्वसम्मति से राम मंदिर के पक्ष में अपना फैसला दिया था, जबकि केशवानंद भारती मामले में तेरह में से सात जजों ने बहुमत से लगभग 800 पृष्ठों में अपना फैसला दिया था। कुल 2,144 पैरे के इस फैसले में 11 अलग-अलग फैसले शामिल थे, जिनमें संविधान के अधिकांश प्रावधानों का पुनरावलोकन किया गया। इस फैसले के अनुसार, कानून का शासन, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, शक्तियों का बंटवारा,

कानून

केंद्र-राज्य की संघीय व्यवस्था, गणतंत्र और संसदीय प्रणाली संविधान के मूलभूत ढांचे का हिस्सा हैं, जिन्हें संविधान संशोधन से नहीं बदला जा सकता।

इस फैसले के बाद सरकार, संसद और सर्वोच्च न्यायालय में भारी उलटफेर हुआ। अगले दिन प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस एम सीकरी के रिटायर होने के बाद इंदिरा सरकार ने तीन जजों की वरिष्ठता को नजर अंदाज कर जस्टिस रे को प्रधान न्यायाधीश बना दिया, जिसके विरोध में तीन वरिष्ठ जजों ने त्यागपत्र दे दिया। प्रसिद्ध संविधानविद सीके दफ्तरी ने इस घटनाक्रम को भारतीय लोकतंत्र का काला दिन बताया था। मौलिक अधिकारों को आपातकाल में पूरी तरह से कुचल दिया गया। एडीएम, जबलपुर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मौलिक अधिकारों को प्रश्रय देने के बजाय, सरकारी दमन पर कोर्ट की मुहर लगा दी। केशवानंद भारती का फैसला सुप्रीम कोर्ट की तेजस्विता को दशार्ता है।

केशवानंद फैसले के अनेक प्रावधानों को इंदिरा सरकार ने 42वें संविधान संशोधन के कानून से खारिज कर दिया। हालांकि जनता पार्टी सरकार ने इंदिरा सरकार के ऐसे तमाम फैसलों को रद्द कर दिया। इंदिरा सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' जैसे शब्दों को शामिल किया था, जिन्हें नहीं हटाया जा सका। संविधान का मूलभूत हिस्सा मानकर अब उन प्रावधानों को हटाने पर आपत्ति की जा रही है। सवाल है कि जो प्रावधान संविधान संशोधन से शामिल किए गए, उन्हें बहुमत वाली सरकार द्वारा संविधान संशोधन के माध्यम से क्यों नहीं हटाया जा सकता। केशवानंद का मामला सरकार और न्यायपालिका के बीच प्रभुत्व के लिए हुए टकराव के तौर पर भी देखा जाता है। प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति में मनमानी से इंदिरा गांधी ने न्यायपालिका पर तात्कालिक बढ़त हासिल कर ली थी। लेकिन इस फैसले के नौ साल बाद एस पी गुप्ता मामले से जजों ने नियुक्ति में कॉलेजियम व्यवस्था के माध्यम से पूर्ण वर्चस्व स्थापित कर लिया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

भाजपा कार्यसमिति की बैठक

चरही। बुधवार को चरही स्थित बाजार टांड़ में अवस्थित स्व.टेकलाल महतो स्मृति भवन में भाजपा कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह और संचालन रोहित महतो ने किया।इस बैठक में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम 30 मई से 30 जून तक कार्यक्रम होना तय किया गया।बैठक में मंडल स्तरीय कार्यक्रम और पार्टी सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजय साव,विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी,पूर्व उपप्रमुख चौलेश्वर महतो, महिला मोर्चा अध्यक्ष सह पंसस आशा राय,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष तालेश्वर महतो,कार्यकारिणी सदस्य,अशोक प्रसाद,डॉ.रामसेवक प्रसाद,छत्रु साव एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक तूरी,दिनेश्वर साव, फुलेश्वर महतो,शंकर कुमार,महादेव विश्वकर्मा,सुनीता देवी,ममता ठाकुर, आनंद सिंह,आनंद ठाकुर,प्रदीप कुमार,जयंती कुमारी,रेखा देवी,दीपा देवी,अनीता देवी,अनीता महतो, सोनिया महतो,रिंकी सिंह,शांति देवी, सियादेवी,मीना देवी,संजू देवी,शोभा देवी,सहित कई भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जयपुर से दरिया लायी गयी प्रतिमा

इचाक। प्रखंड के दरिया में दरिया, जगड़ा एवं जोगिडीह के संयुक्त समन्वय से बना नव निर्मित मन्दिर में प्रतिमाओं का स्थापना को लेकर 21 मई से शतचंडी एवं नवाह परायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। देवी देवताओं का प्रतिमा ग्रामीणों ने राजस्थान के जयपुर से मंगवाई है। 24 मई को प्रतिमा का आगमन के अवसर पर दरिया, जगड़ा और जोगिडीह के सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने बाजे गाजे के साथ इचाक मोड़ पहुंचे। जहां दुर्गा अष्ट परिवार, श्री राम भाई लक्ष्मण जानकी, माता संतोषी एवं बजरंग बली समेत 13 प्रतिमा को भव्य स्वागत किया। और देवी देवताओं की जयघोष, सियापति राम चन्द्र की जय, हर हर महादेव के जयकारा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। स्वागत के लिए गए भक्तों का काफिला प्रतिमा के साथ इचाक मोड़ से इचाक बाजार होते हुए चंदा चौक पहुंचा। स्वागत काफिला में यज्ञ समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार मेहता, उपाद्यक्ष बीरबल मेहता, कोशाध्यक्ष बिनोद कुमार मेहता, मन्दिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अशोक मेहता, सचिव कुशलचण्ड मेहता, कोशाध्यक्ष सुरेश मेहता, भाजपा के मण्डल अध्यक्ष जयनन्दन मेहता, छत्रधारी प्रसाद मेहता, बिनोद मेहता, विजय प्रसाद मेहता, लखन प्रसाद मेहता, नरेश प्रसाद मेहता, सतीश कुमार मेहता, दामोदर महतो, अर्जुन प्रसाद मेहता समेत सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

एक करोड़ से बनेगा देवी मंडप

दारू। दारू प्रखंड के ग्राम जरगा में देवी मंडप निर्माण समिति एक बैठक हुई और उपस्थित ग्रमीणों के द्वारा मां भगवती की पूजा अर्चना कर नीम के पेड़ के पास मां भगवती को स्थान दिया गया । नवनिर्मित देवी मंडप का कार्य पूर्ण होने पर मां भगवती को पुनः पूजा अर्चना कर और भव्य अनुष्ठान का आयोजन कर मां भगवती को नए देवी मंडप में स्थान दिया जायेगा। समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार के कहा की जरगा देवी मंडप का निर्माण में करीब एक करोड़ का खर्चा आयेगा जिसमे हमारे मुखिया अनिल देव जी के साथ साथ पूरे ग्रामीणों का पूरा सहयोग रहेगा । मैं स्वयं पूरे तन मन धन से अपना सहयोग करूँगा । पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है । अनिल कुमार ने कहा कि जरगा गांव और हमारे पंचायत के लोग हमारे परिवार की तरह है मैं पूरा सहयोग करूँगा और जल्द से जल्द भव्य देवी मंडप का निर्माण करवाएंगे। जरगा के राजकुमार यादव उप मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप यादव , राजेश कुमार, बैजनाथ यादव, जगतपाल राणा ,सावन कुमार, जीतन महतो, रंजीत कुमार, गांगो प्रजापति, जीतन प्रजापति, दिनेश्वर प्रसाद, जगदीश महतो के साथ साथ सैकड़ो की संख्या में उपस्थित पुरुषो महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि मंडप निर्माण में तन मन धन से सहयोग करेंगे।

भाजपा कार्यसमिति की बैठक संपन्न

विष्णुगढ़। भाजपा बिष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल कार्यसमिति की बैठक मांडू विधायक जयप्रकाश पटेल की उपस्थिति में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रारंभ की गई।बैठक में मुख्य अतिथि जयप्रकाश भाई पटेल ने प्रदेश से निर्धारित कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए कहा की कार्यकताओं को सजग हो जाय. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योजनाओं को जन जन तक कार्यकर्ता पहुंचाने का काम करें। जनकल्याणकारी योजनाओं पर जोर देने की बात कही। विधानसभा स्तर एवं मंडल स्तर पर सम्मेलन को गंभीर होने की बात कहीं। बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी सुखदेव प्रसाद यादव सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद पिंकी देवी अंजू देवी गायत्री देवी राजेश सोनी सुमन प्रसाद गुप्ता महेंद्र राम सुनील कुमार मिश्रा नीतीश कुमार बरनवाल रामप्रसाद कसेरा शेख मेराज आदि लोग उपस्थित थे।

दिगवार में दुर्गा मंदिर की हुई ढलाई

कुजू। दिगवार में बुधवार को नव निर्मित दुर्गा मंदिर का ढलाई कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पंडित शंभुनाथ पंडा ने यजमान बने वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, विजय गिरि, दिवाकर गिरि, कुलदीप प्रसाद, चंदन कुशवाहा के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके बाद ढलाई कार्य का शुभारंभ हुआ। मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, भाजपा नप अध्यक्ष मनोज गिरी, निशिकांत शर्मा, राजकुमार गिरी, दशरथ महतो, अजय कुशवाहा, रवि कुशवाह, भागीरथ गिरी, दामोदर गिरी, जगदीश महतो, द्वारिका प्रसाद भंडारी, मुकेश गिरी, पन्नालाल गिरी, बालेश्वर कुशवाहा, परमेश्वर महतो, मनोज कुशवाहा, माना महतो, बिगू महतो, राजेंद्र कुशवाहा, राहुल गिरी, इंदर महतो, प्रवील महतो, निरंजन कुशवाहा, मनोज मास्टर, रंजीत कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा आदि मौजूद थे।

बिजली की आंख मिचौली से लोग हलकान

बिष्णुगढ़। प्रखंड में बिजली की आंख मिचौली सप्ताह दिनों से बदस्तूर जारी है। मेन लाइन के अलावे पावर सब स्टेशन द्वारा भी उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पा रही है।. जबकी विभाग के पास भारी मात्रा में बिजली है,बावजूद उपभोक्ताओ के जनजीवन में बिजली के लिए त्राहिमाम है. तपती गर्मी के बीच लोगों को ना दिन में बिजली मिल रहा है ना रातों में। ऐसी परिस्थिति में सही तरीके से ना दिन में सुकून है ना रातों में आराम। लघु एवं कुटीर उद्योग, सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय में भी बिजली से लोग काफी परेशान हो गया है।

11 वां वेतन समझौता मजदूरों के लिए सम्मानजनक : एटक

भुरकुंडा में रमेन्द्र कुमार का हुआ नागरिक अभिनंदन

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। बेहतर व सम्मान जनक 11वां राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता कराने को ले एटक व यूसीडब्ल्यूयू के कार्यकताओं ने एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जेबीसीसीआई सदस्य रमेंद्र कुमार का भुरकुंडा में नागरिक अभिनंदन हुआ।

रिभर साईड भुरकुंडा स्थित यूनियन के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित समारोह में रमेंद्र कुमार को कार्यकर्ताओं ने फूल माला से लादकर जोरदार स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव बिंध्याचल बेदिया व संचालन यूनियन के केंद्रीय सचिव नरेश मंडल ने किया। समारोह में सीसीएल के बरका-सयाल एरिया, अरगड्डा एरिया, केंद्रीय कर्मशाला, बरकाकाना एरिया, कुज्जु एरिया, हजारीबाग एरिया, केंद्रीय अस्पताल नईसराय, रजरप्पा एरिया, नार्थ कर्णपूरा

एरिया, पिपरवार एरिया एवं टंडवा जोनल कमेटी एवं मुख्यालय रांची के प्रतिनिधि शामिल थें। रमेंद्र कुमार के सम्मान में मानव श्रृंखला भी बनाई गई। साथ ही यूनियन नेताओं द्वारा श्रीफल, बुके, पुष्प गुच्छ व शॉले ओढाकर सम्मानित किया गया। मौके पर रमेंद्र कुमार ने कहा कि 11वां वेतन समझौता मजदूरों के लिए सम्मान जनक रहा। इसमें पांचों श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किया है। हलांकि अभी भी समझौता को ले संशय की स्थिति है। उन्होंने कहा कि मैंने कोल इंडिया के चेयरमैन से सेवानिवृत होने से पहले समझौता पर केंद्र सरकार से मुहर लगाने की बात कही है। मुहर नही लगी तो पांचो श्रमिक संगठन मिलकर लड़ाई लड़ेगी।

समारोह में राज्य एटक महासचिव अशोक यादव, यूनियन के सचिव बिनोद बिहारी पासवान, लखेंद्र राय, प्रेम कुमार, विकास कुमार, अरबिन्द शर्मा, पंकज सिह, राजेन्द्र प्रसाद, बसंत राम, कृष्णा चैहान, अब्दुल्ला, रहमतुल्ला, वरुण कुमार, महादेव मांझी, महलाल मांझी, सुदेश प्रसाद, ललित नारायण राय, रवि कुमार, कर्मा माँझी, अरुण चैधरी, सुशील कुमार सिन्हा, जयनंदन महतो, चिंटू सिह, कुणाल नाथ, अनुज कुमार, जेपीएन सिन्हा, सदानंद सिह, राजेन्द्र साव, जुगल साव, सुनील सिंह, दीपांशु कुमार, उदित कुमार, संजय प्रसाद, प्रेम सिंह, अरबिंद कुमार, मंगरु महतो, चंद्रभान सिह, बीरेंद्र प्रसाद सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

गल्ला व्यवसायी के पुत्र का शव खलारी में रेल पटरी पर मिला, छानबीन में जुटी पुलिस

10 मई को सौंदा डी के लड़की से राजू साव का हुआ था विवाह, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। जवाहर नगर के गल्ला व्यवसायी बिन्दा साव के 32 वर्षीय पुत्र राजू साव का मंगलवार रात खलारी-मैक्लुसीगंज रेलवे स्टेशन के बीच पटरी के पास शव मिला है। इसी वर्ष 10 मई को राजू साव की शादी सौंदा डी निवासी काजल कुमारी के साथ हुई थी। लगभग दो सप्ताह की छुट्टी बिताने के बाद वह ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए सोमवार को जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित अपने आवास से खलारी गया था। बताया जाता है कि मंगलवार की देर शाम लगभग 7 बजे घर वालों से मोबाइल पर बात भी की थी। वहीं लगभग साढ़े आठ बजे रात्रि परिजनो को सूचना मिली कि उसका शव खलारी रेलवे स्टेशन से करीब डेढ-दो किमी दूर मिला है। इसकी सूचना मिलते ही परिजनो के चित्कार से पूरे मोहल्ले में मातम छा गया। परिजनो सहित स्थानीय लोग रात्रि में ही खलारी पहुंचे। इधर रेलवे

के अधिकारी भी पुलिस-प्रशासन के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। राजू के शव के समीप पड़े मोबाइल को पुलिस ने बरामद करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। साथ ही मोबाइल में इन कमिंग और आउटगोइंग कॉल की बारीकी से जांच-पड़ताल कर रही है। मालूम हो कि राजू साव लोको पायलट के पद पर कार्यरत था। इधर शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद उसका शव जवाहर नगर भुरकुंडा पहुंचा। शव पहुंचते ही नव विवाहिता पत्नी काजल सहित माता-पिता व परिजनों के चित्कार से उपस्थित लोगों के आंखों से भी आंसू छलक पड़े। गमगीण माहौल के बीच बुधवार को उसका अंतिम संस्कार रिभर साईड स्थित दामोदर नदी घाट पर किया गया। बताया जाता है कि राजू के सिर, पैर, हाथ, आंख, कान व शरीर में चोट के भी निशान हैं। इधर पूरी घटना को ले तरह-तरह की चचाएँ हो रही है। कोई आत्म हत्या तो कोई हत्या की आशंका जता रहा है। जानकारी के अनुसार राजू का 4 माह पूर्व आसनसोल के अंडाल से खलारी ट्रांसफर हुआ था। बताया जाता है कि वह अपने ट्रांसफर से बहुत खुश नहीं था।

जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

बरही। प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के ग्राम बुंडू में ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मुखिया विजय कुमार यादव ने किया। किशुन यादव ने कहा कि ट्रांसफार्मर नही रहने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास से विभाग ने तत्काल ट्रांसफॉर्मर को लगाने में सहयोग किया। मौके पर रोहित यादव, मनोज कुमार, राजेंद्र यादव, सचिन यादव, शंकर, गोविंद, शिवशंकर, मनोज कुमार, विनोद, जागेश्वर, रामेश्वर यादव, उमेश राणा, सूरज यादव, किशुन चौधरी, रामचंद्र यादव समेत कई ग्रामीण शामिल हुए।

आजसू ने पानी को लेकर किया ट्रांसपोर्टिंग ठप

भुरकुंडा (रामगढ़)। आजसू पार्टी ने पेयजल की सुचारू रूप से आपूर्ति की मांग को ले बुधवार को रिवर साइड बड़ा ऑफिस चौराहा के पास कोयला ट्रांसपोर्टिंग का कार्य ठप करा दिया। आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के नेतृत्व में सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक ट्रांसपोर्टिंग ठप रही। ट्रांसपोर्टिंग ठप की सूचना के बाद सीसीएल प्रबंधन आंदोलनकारियों से वार्ता करने को ले रिभर साईड पहुंचे। जहां प्रबंधन ने आंदोलनकारियों से वार्ता की। वार्ता में आजसू की ओर से एजेकेएसएस के महामंत्री सतीश सिन्हा, आजसू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक व भुरकुंडा ओपी के एएसआई रामप्रवेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

एक नजर में

भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

कटकमसांडी। भाजपा मंडल कार्यसमिति पूर्वी एवं पश्चिमी क्षेत्र के कार्यसमिति की बैठक कंडसार पंचायत भवन के प्रांगण में बुधवार हुई, जिसकी अध्यक्षता दोनों मंडल अध्यक्ष जीवन कुमार मेहता एवं रीतलाल यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें प्रभारी मूलचंद साव उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आरंभ श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, के नारे के साथ किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाला वर्ष 2024 लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर किया गया। मंडल अध्यक्ष जीवन कुमार मेहता ने कार्यसमिति की बैठक पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों को दिए। मौके पर कटकमसांडी भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन कुमार मेहता, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव , प्रभारी मूलचन्द साव, महामंत्री राकेश कुमार सिंह, नारायण साव, लिलो सिंह भोक्ता, सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,आदि कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।

मैट्रिक में जुड़वा भाई ने लाए 460 अंक

कटकमसांडी। प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत ठौठवा के उत्कर्मित हाई विद्यालय ठौठवा के विद्यार्थी हैं। लव कुमार और कुश कुमार दोनों जुड़वा भाई हैं। और लव कुमार और कुश कुमार पिता बिनोद कुमार केशरी गांव ठौठवा पंचायत के निवासी हैं। लव और कुश दोनों जुड़वा भाईयो का चर्चित का विषय बना हुआ है कि ऊपर वाले की आशीर्वाद और दोनों भाइयों का मेहनत का परिणाम मैट्रिक परीक्षा में लव कुमार और कुश कुमार दोनों जुड़वा भाई का अंक 460 है।

गुरु वंश डीएवी स्कूल ने लहराया परचम

कटकमसांडी । गुरुवंश डीएवी स्कूल लुपुंग के विद्यार्थियों ने लहराया परचम विद्यालय के दशम कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया इनकी सफलता में विद्यालय के प्राचार्य श्याम मेहता एवं शिक्षक शिक्षिकाओं एवं माता-पिता अभिभावकों की अहम भूमिका रही इनकी सफलता से पूरे विद्यालय एवं उनके पूरे परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है विद्यालय के प्राचार्य श्याम मेहता ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी है और आशीष वचन दिया और कहा कि लगातार 4 वर्षों से इस विद्यालय के विद्यार्थियों ने अधिकतम अंक प्राप्त किया है इनकी लगन और मेहनत से सफलता इनकी कदम चूमेगी इनकी सफलता में इनके माता-पिता एवं विद्यालय के शिक्षक पुण्य सहयोगी रहें हैं। सफल विद्यार्थियों में अभिषेक कुमार राणा 92 फीसदी अंक पाकर स्कूल टॉपर रहा वहीं बबलू कुमार मेहता 91 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान पर रही संजना कुमारी सिंह 86फीसदी स्वाति कुमारी 85फीसदी अंक प्राप्त की है ।अर्चना कुमारी मुस्कान कुमारी प्रीति कुमारी लक्ष्मी कुमारी पूनम कुमारी प्रशांत राणा नीरज कुमार शक्ति कुमार सुभाष कुमार शुभम कुमार नीरज रजक अभिजीत सिंह निखिल यादव आदि ने सभी छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सफलता पाई।
स्कूल के प्रधानाध्यापक श्याम मेहता शिक्षक रंजीत मेहता संजीत मेहता करण कुमार राखी देवी मंटू मेहता भानु देवी ,सालेहा प्रवीन, शम्मा प्रवीन, शबाना प्रवीन, शूबी प्रवीण इन्होने सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना किए और धन्यवाद दिया।

प्लस टू उच्च विद्यालय चरही का बेहतर प्रदर्शन

चरही। झारखंड अधिविध परिषद रांची के द्वारा वार्षिक परीक्षा मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट विज्ञान 2023 की परीक्षा का परीक्षा फल जारी किया गया। जिसने परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय चरही के परीक्षार्थियों के द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया। मैट्रिक की परीक्षा में कुल 135 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे,जिसमें प्रथम श्रेणी से 61 द्वितीय श्रेणी से 60 एवं तृतीय श्रेणी से 04 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षाफल का प्रतिशत 92.5 प्रतिशत रहा। चंचला कुमारी 447अंक लाकर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त की है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट विज्ञान मैं कुल 38 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे जिसमें प्रथम श्रेणी से 20 एवं द्वितीय श्रेणी से 06 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा फल का प्रतिशत 68.42 प्रतिशत रहा है। आलोक कुमार महतो 417 अंक लाकर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पारसनाथ महतो एवं शिक्षकों के द्वारा सफल परीक्षार्थियों के प्रति उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही प्रभारी प्राचार्य पारसनाथ महतो के द्वारा बताया गया कि प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

साइंस में हरली बीडीजेजे इंटर कॉलेज का बेहतर रिजल्ट

दारू। इंटर साइंस की परीक्षा में बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय हरली का बेहतर परिणाम रहा। महाविद्यालय से साइंस संकाय की परीक्षा में 215 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इसमें से 190 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी , 11 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुए। महाविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप टेन में प्रथम स्वंय वर्मा व अमन कुमार राणा 434, द्वितीय मोदासीर राजा व बबलू कुमार यादव, तृतीय सैफ इमाम, चौथा संजीत कुमार,पाँचवाँ संजीव कुमार,छठा नेहा कुमारी,सातवां रवि कुमार, आठवां नीलम कुमारी, नौवां शिव नारायण कुमार व दशवं स्थान अमन कुमार ने प्राप्त कर महाविद्यालय व अपने परिवार का नाम रौशन किया। प्राचार्य भुनेश्वर वर्मा ने कहा सभी सफल विद्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सचिव प्रेमचंद देव ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी अब अपनी लग्न व मेहनत से न केवल एकेडमिक रिजल्ट में बल्कि सरकारी ओहदे पर कृतिमान स्थापित कर रहे है। हमारे महाविद्यालय हमेशा से बेहतर रिजल्ट दे रहा है। जबकि हमारे यहां मैट्रिक के द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यर्थियों की संख्या अधिक होती है।

दारू प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने बसंत

खबर मन्त्र संवाददाता

दारू। बीडीजेजे इंटर कॉलेज हरली में बुधवार को संवैधानिक चुनावी प्रक्रिया द्वारा दारू प्रेस क्लब के अध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए मतपत्र के माध्यम से चुनाव कराया गया। चुनाव के दो दिन पहले संचालन समिति का गठन किया गया था जिसमें महेश कुमार, बजरंग सहाय, भैया अखिलेश, धीरज पूरी सदस्य और जय नारायण पीठासीन अधिकारी चुने गए। अध्यक्ष पद के लिए दो, सचिव पद के लिए एक और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो सदस्य चुनावी मैदान में उतरे।

प्रेस क्लब के लगभग सभी सदस्यों ने अपना मतों का प्रयोग किया इस दौरान मतदाता काफी उत्साहित नजर आए। चुनावी प्रक्रिया सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ

हो गई और मतगणना सहित चुनाव परिणाम 1:00 बजे दोपहर संपन्न हुई। कुल 17 मत पड़े जिसमें अध्यक्ष पद के लिए बसंत नारायण को दस मत तथा निकटतम प्रतिद्वंदी बालेश्वर प्रसाद को सात मत मिला वही कोषाध्यक्ष पद के लिए रोशन सिन्हा को 11 मत तथा निकटतम प्रतिद्वंदी विनोद कुमार को पांच मत मिला एक मतपत्र रिक्त रहा।

सचिव देवनारायण प्रसाद निर्विरोध विजय घोषित हुए। मतगणना के बाद अध्यक्ष पद के लिए बसंत नारायण, सचिव पद के लिए देवनारायण प्रसाद तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए रोशन सिन्हा विजयी घोषित हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय एवं थाना प्रभारी अमित कुमार ने अध्यक्ष सचिव तथा कोषाध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र देकर बधाई दिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रखंड के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बधाई दी।

बूथ को मजबूत बनायें : अमित साहू

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। भाजपा बरही पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल की कार्यसमिति की बैठक बरही पटना रोड होटल उज्जैना में हुई। मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ बूथ कमेटी पर चर्चा करते हुए कहा कि बूथ प्रबंधन किसी चुनाव के लिए जीत का आधार है।

उन्होंने बताया कि बूथ प्रबंधन मजबूती के लिए मतदाताओं से संपर्क में रहना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि हर एक बूथों पर सभी कार्यकर्ता महा जनसंपर्क अभियान को मिलकर

सफल बनायें। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, अनुमंडलीय सांसद प्रतिनिधि संजीव कतारियार, सांसद प्रतिनिधि विधानसभा अर्जुन साहू, मंडल सांसद प्रतिनिधि गणेश

बरही में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

यादव, बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, पश्चिम मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह, पश्चिमी मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, दिलीप गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष संतोष निषाद, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष नागेश्वर रजक, पूर्वी महामंत्री कमल शंकर पंडित, जितेंद्र गिरी, उपाध्यक्ष मणिलाल चौधरी, नंदलाल मेहता, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, सुरेश साहू, उमेश साहू सहित अन्य भाजपाई शामिल थे।

कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

पत्रांक ..... दिनांक .....

शुद्धि-पत्र

झुमरी तिलैया नगर परिषद कार्यालय पत्रांक– 760, दिनांक– 15.05.2023 द्वारा प्रकाशित (PR-297439) अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सुचना संख्या– JMC/03/2023-24, में अपरिहार्य कारणवश निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

विवरणी	पूर्व में	संशोधित
ई–निविदा सूचना संख्या	JMC/03/2023-24	JMC/04/2023-24

नोटः– शेष शर्तें यथावत् रहेंगे।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 298225 Urban Development (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा**

सूचना

कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा के द्वारा आमंत्रित ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01 वर्ष 2023–24 जिसका PR सं० 295582 (West Singhbgum) 23-24 D को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक स्थगित की जाती है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

PR.NO.298238 West Singhbhum(23-24):D

लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद

निविदा आमंत्रण सूचना

अति अल्पकालीन निविदा सं0 : DMFT/MIR/DHN/ F2-10 -2023-24

2nd Call

जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद् धनबाद की बैठक दिनांक 27.09.2022 में लिये गये निर्णय के आलोक में विभिन्न प्रक्षेत्र के अमृत सरोवर तालाब के नव–निर्माण हेतु पत्रांक 418, दिनांक 18.10.2022 के आलोक में उप विकास आयुक्त सह सचिव DMFT, धनबाद के ज्ञापांक 485/DMFT धनबाद, दिनांक 15.12.2022 से प्रशासनीक स्वीकृति प्राप्त है।
निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लूबी सर्कूलर रोड, धनबाद– 826001
ऑन लाईन निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय : 01.06.2023 12:30 बजे
ऑन लाईन निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय : 06.06.2023 5 बजे तक
हार्ड कापी (EMD BOQ Cost and Documents etc.) समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय : 07.06.2023 3 बजे तक
ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 08.06.2023 12:30 बजे
सम्पर्क सूत्र मोबाईल संख्या : 9431387264
कार्य का नाम एवं राशि निम्नवत् है :–

ग्रुप संख्या	योजना का नाम	प्रखण्ड	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	Construction of Amrit Sarovar at Parasbaniya	Baliapur	20.08	40500.00	5,000.00	3 माह

नोट :– केवल ई– निविदा ही मान्य होगी।
विशेष जानकारी के लिए : http://jharkhandtenders.gov.in देखें।

ह0/– कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद

PR.NO.298245 Irrigation(23-24):D

स्पीड न्यूज

बस व स्कूटी की सीधी भिड़ंत में एक की मौत

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के जशपुर रोड़ स्थित सिलम ढलान के समीप बस और स्कूटी की सीधी भिड़ंत में टेंगरिया बेड़ो निवासी 16 वर्षीय अनुज तिर्की पिता स्वर्गीय रूबेन तिर्की की मौत हो गई। वही बांडी बेड़ो निवासी 17 वर्षीय जोहन मिंज पिता विजय मिंज व जामटोली बेड़ो निवासी 19 वर्षीय राम उरांव पिता जेवियर कुजूर घायल हो गये। दुर्घटना के बाद इलाज के लिए सभी को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के क्रम में अनुज तिर्की की मौत हो गई। जोहन मिंज की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है।

बाइक सवार गिरकर हुआ घायल, सिर में गंभीर चोट

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के मुरकुंडा के समीप बाइक सवार युवक अंबेराडीह निवासी जीतू गोप का 19 वर्षीय पुत्र विकास गोप गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे परिजन ने तत्काल उसे सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। युवक के सिर पर गंभीर चोट लगी है।

साइकिल सवार पत्थर से टकराया टूटा हाथ

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के कोटाम के समीप साइकिल सवार बिहार के वैशाली निवासी 65 वर्षीय राजनाथ महतो अनियंत्रित होकर पत्थर से जा टकराया। उसके सिर पर गंभीर चोट लगी है और बायां हाथ टूट गया है। साथ में आ रहे लोगों ने तत्काल उसे उठाकर इलाज हेतु सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया।

पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के युवा मोर्चा अध्यक्ष बने अशोक

गुमला। पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का संगठन विस्तार करते हुए गुमला जिला युवा मोर्चा के लिए अशोक कुमार साहू को जिला अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही उनसे उम्मीद जतायी गयी कि एक सप्ताह के अंदर जिला कमेटी विस्तार करते हुए केंद्र कमेटी एवम जिला कमेटी को सूचित करेंगे। अशोक कुमार साहू को निर्देश दिया गया है कि 25 मई को मशाल जुलूस में सैकड़ों की संख्या में नौजवान साथियों को लाएं। 26 मई को 7 जिलों में आहूत बंदी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। गुमला जिला में बंदी को सफल बनायें।

अवैध बालू लदे 6 हाइवा को पुलिस ने पकड़ा एक गिरफ्तार

गुमला। गुमला-रांची मुख्य मार्ग पर भरनो के दुंबो मंदिर के समीप गुमला एसडीओ रवि जैन के नेतृत्व में सीओ संजीव कुमार व थानेदार कृष्ण कुमार तिवारी ने अवैध बालू परिवहन के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध बालू लदे 6 हाइवा को जब्त करते हुए एक चालक को गिरफ्तार किया गया है।

सर्पदंश से बचाव को जागरुकता अभियान चलायें : डीसी

गुमला में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

बैठक में निर्देश देते उपायुक्त।

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से अपर समाहर्ता, एसडीओ बसिया, प्रशासक नगर परिषद, डीएसपी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त ने गुमला जिले में गर्मी के बढ़ने से सर्पदंश के संभावी स्थिति को देखते हुए इस संबंध में युद्ध स्तर पर प्रचार प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी स्कूली विद्यार्थियों को सर्पदंश के प्रति सतर्कता बरतने एवं आवश्यक जानकारी देने की बात कही। साथ ही आपदा के समय क्या करें एवं क्या न करें, इसके संबंध में भी बच्चों को जागरूक करने का निर्देश दिये। उन्होंने आपदा प्रभावितों को मिलने वाले मुआवजा राशि के संबंध में भी पंचायत स्तरों, पुलिस स्टेशन, विद्यालयों आदि के बाहर दीवार लेखन कराने का निर्देश दिया।

बताते चलें कि सरकार द्वारा अपने प्रवासियों के सुरक्षा को लेकर कई योजनाएं चलाई जा रही है। उन योजनाओं के माध्यम से आपदा प्रभावितों को सहायता प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत सर्पदंश, डूबने, वज्रपात से मृत्यु, आंधी-तूफान व चक्रवात से मकान की क्षति, सड़क दुर्घटना से हुए मृत्यु, कोविड से हुए मृतकों के प्रभावित परिवारों जैसे कई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित पीड़ितों व उनके परिवार जनों को मुआवजा राशि आवंटित करने का प्रावधान है। इसके अलावा कृषको के लिए भी सुखाड़ की स्थिति से बचाव हेतु सुखाड़ राहत योजना, फसल राहत आदि जैसे योजनाएं चलाई जा रही है। उपायुक्त ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस मौसम में सर्प दंश के मामले अधिक देखने को मिल सकते हैं। जिसके लिए लोगो को अभी से सतर्क रहने की आवश्यकता है तथा उन्होंने कहा कि सर्प दंश के मामले के मिलने पर तुरंत डॉक्टर के पास मरीजों को ले आये। बजाए झाड़ फूंक जैसे अंध विश्वास में पड़ने की। इसके अलावा उपायुक्त ने सुखाड़ राहत योजना , फसल राहत योजना आदि से किसानों को अधिक से जोड़ने का भी निर्देश दिया एवं किसी भी प्रकार के आपदा प्रभावी व्यक्तियों को ऑन टाइम मुआवजा राशि का भुगतान करने की बात कही। इसके अलावा बैठक में संबंधित विषय अंतर्गत कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

कुडू प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट प्राइजमनी प्रतियोगिता 9 जून से

बैठक में शामिल आयोजन समिति के सदस्य।

खबर मंत्र संवाददाता

कुडू (लोहरदगा)। संत विनोबा भावे मिनी स्टेडियम खेल मैदान ब्लाक मोड टाटी कुडू में आयोजित कुडू प्रीमियर लीग नाइट प्राइजमनी क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर बुधवार को लाल विकास नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में तय किया गया है कुडू प्रीमियर लीग नाईट प्राईजमनी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आगामी 9 जून की शाम सात बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच किया जायेगा तथा समापन आगामी 17 जून को भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच किया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रखंड स्तरीय 8 टीमें तथा जिला स्तर की 24 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रथम पुरस्कार के रूप में नगद पचास हजार रुपए तथा कुडू कप दिया जायेगा। कुडू प्रीमियर लीग नाईट प्राईजमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर सर्वसहमति से एक आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष लाल विकास नाथ शाहदेव व उपाध्यक्ष संजय चौधरी बनाये गये हैं।

बाल विवाह रोकथाम पर किशोर किशोरियों को दिलायी गयी शपथ

कार्यक्रम में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

जारी। लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जारी प्रखंड के श्रीनगर में एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम के तहत बाल विवाह रोकथाम पर ग्रामीणों तथा किशोर किशोरियों को जागरूकता का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में संस्थान के फिल्ड फैसिलिटेटर श्री नूर मोहम्मद अंसारी ने बाल विवाह के दुष्परिणाम तथा कानूनी जानकारी दिया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक, सीसीकरमटोली पंचायत के मुखिया श्रीमती फुलमाईत देवी, विजय प्रताप सहदेव ने भी बाल विवाह पर पूर्ण रूप से रोक लगाने की बात कही। सभी लोगों ने बाल विवाह नहीं करने का शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन नीलम बेक ने की। मौके पर सहिया के अलावा दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

जुबी उरांव का हत्यारा सुरेंद्र गिरफ्तार सिर को धड़ से कर दिया था अलग

गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

भंडरा। 22 मई को भंडरा सप्ताहिक बाजार आये वृद्ध जुबी उराव का सिर कटा शव बरामद होने की घटना का खुलासा भंडरा पुलिस द्वारा 25 घंटों मे कर दिया गया । घटना में संलिप्त हत्यारा सुरेंद्र उरांव पिता बिरसा उरांव ग्राम नवडीहा छोटका टोली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सुरेंद्र उरांव, जुंबी उरांव की हत्या कर सिर गायब करने की घटना को स्वीकार लिया है। इस संबंध में भंडरा थाना कांड संख्या 29/ 2023 धारा 302, 201 के तहत दर्ज कर लिया गया है।

जुबि की हत्या में 20 वर्षीय सुरेंद्र उरांव दरिंददिगी की सारी हदें पार करते हुए घटना को अंजाम दिया। जुबि की हत्या कर उसका सिर लेकर अपने घर आ गया एवं सिर को एक पेड़ की खोडहर में छुपा दिया। हत्या में प्रयुक्त खून लगी टांगी एवं बसूला को अपने घर में रख लिया। घटना के संबंध में सुरेंद्र उरांव ने पूरी जानकारी पुलिस का दी है। भंडरा पुलिस को सुरेंद्र के घर में खून से सनी टांगी मिली है, जिसका प्रयोग सुरेंद्र ने जुब्बी की हत्या में की है। 20 वर्षीय सुरेंद्र उरांव ने जुबी की हत्या किस कारण से की, यह रहस्य अभी भी बना हुआ है। हत्यारा सुरेंद्र पुलिस को हत्या के कारणों का कोई जवाब नहीं दिया। हालाकी भंडरा पुलिस आगे अनुसंधान में हत्या के कारण को गंभीरता से लेने की बात कर रही है। मामला लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र का है, जहां पझरी गांव के पास पिछले दिन एक वृद्ध का सिर कटा शव बरामद हुआ था। मृतक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के धोबाली गांव निवासी जूबी उरांव (65 वर्ष) के रूप में हुई थी। उसकी पहचान उसके पुत्र ने कपड़ों और जूतों के आधार पर की थी।

एक नजर में

29 व 30 मई को विभिन्न योजनाओं के तहत लगेगा शिविर

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में आगमी खरीफ फसल को देखते हुए जिले भर में कृषकों को मिलने वाली विभिन्न सरकारी लाभ, केसीसी ऋण उपलब्ध कराने हेतु दो दिवसीय प्रखंडवार शिविर का आयोजन 29 मई से होगा। शिविर में कृषकों के सभी समस्याओं के निवारण हेतु बैंक कर्मी एवं विभिन्न विभागों के कर्मी मौजूद रहेंगे। वहीं इसके अलावा छात्रवृति हेतु विद्यार्थियों के बैंक खाते से जुड़ी समस्याओं के निवारण हेतु भी एक स्टॉल लगाया जाएगा। प्रत्येक प्रखण्ड में केसीसी फॉर्म जेनरेशन एवं झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत लंबित ई-केवाईसी मेगा कैम्प का आयोजन 29 एवं 30 मई 2023 को निर्धारित है।

सिसई में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

सिसई। सिसई में प्रखंड स्तरीय ग्राम पंचायत विकास योजना को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को शुभारंभ हुआ। कार्यकम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य और मुखिया शामिल हुए। प्रशिक्षण स्टेट के मास्टर ट्रेनर भूषण भगत और अनिल भगत के नेतृत्व में हो रहा है। मौके पर भूषण भगत ने बताया कि अभी ये प्रशिक्षण सभी जिलों में किया जायेगा।

घाघरा में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

घाघरा। घाघरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के द्वारा बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में किया गया। शिविर में लगभग 20 यूनिट रक्तदान कर गुमला ब्लड बैंक को दिया गया। यहां बता दें कि जिला मुख्यालय से एनीमिया के बढ़ते मामले को लेकर निर्देश मिलने के बाद प्रत्येक महीना प्रखंड सह अंचल कार्यालय के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने कहा कई ऐसे लोग जिनकों मुसीबत में खून उपलब्ध नही हो पाता है। इसे देखते हुए प्रत्येक माह प्रखंड व अंचल कर्मी के साथ साथ लोगों को जागरूक करते हुए रक्तदान कराया जा रहा है और यह प्रत्येक माह किया जाएगा ताकि ब्लड बैंक में खून उपलब्ध रहे।

महाजनसंपर्क अभियान को लेकर हुई परिचर्चा

गुमला। भारतीय जनता पार्टी गुमला नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक सह महा जनसंपर्क अभियान एवं आजीवन सदस्यता सहायतार्थ कार्यक्रम को धरातल पर क्रियान्वयन हेतु चर्चा परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को पालकोट रोड़ स्थित उत्कल प्वाईंट में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन गुमला नगर मंडल अध्यक्ष श्री बालकेश्वर सिंह ने की। कार्यक्रम को प्रदेश मंत्री श्री मुनेश्वर साहू व पूर्व विधायक श्री कमलेश उरांव एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अनूपचंद अधिकारी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत कैसे हो इसके लिए महाजनसंपर्क अभियान चलाना है और सशक्त एवं निरंतर प्रभावशाली तरीके से आम जनमानस के बीच भाजपा के विचार, उद्देश्य और कार्यशैली से लोगों को अवगत कराना है।

सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर संपन्न

लोहरदगा। ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटमु में 17 मई से चल रहे सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर संपन्न हुआ।इस शिविर में प्रत्येक दिन योग प्रशिक्षक रवि प्रजापति और डांस प्रशिक्षक अंशु वर्मा के योग और डांस का प्रशिक्षण दिया गया। वही विद्यालय में प्रत्येक दिन अलग अलग क्रियात्मक और रचनात्मक गतिविधियां जैसे ब्रेन स्ट्रोमिंग लर्निंग, न्यू वड्र्स प्ले विथ कलर, पॉट मेकिंग साइंस एक्स्प्लोर, हिडन ट्रीजरी क्राफ्ट मेकिंग विथ वेस्ट का आयोजन छात्रों की बौद्धिक और मानसिक विकास के लिए किया गया। प्रत्येक दिन विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को क्रियात्मक क्रियाकलाप कराए गए। शिविर के अंतिम दिन बच्चों के साथ योग शिक्षक रवि और अंशु वर्मा ने अपने अनुभव साझा किये।

कैरो में मंत्री का जनसुनवाई कार्यक्रम आज

कैरो। स्थानीय विधायक सह मंत्री योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें वे क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आम जनता से सीधे संवाद करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर प्रखंड प्रमुख सहित सभी जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को जानकारी दे दी गई है।

कुएं में डूबने से दिव्यांग बच्ची की मौत

लोहरदगा। शहर के तिवारी दुरा निवासी अनिल अग्रवाल की 9 वर्षीय दिव्यांग बच्ची सृष्टि कुमारी की मौत कुएं में डूबने से हो गई। बताया जाता है कि सृष्टि जन्म से ही दिव्यांग थी। बुधवार की दोपहर अपने घर के बाहर खेलते खेलते समीप में स्थित कुआं में जा गिरी,जिसके बाद तुरंत कुंवा में घुसकर लोगो ने बच्ची को बाहर निकाला और सदर अस्पताल पहुंचाया, जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मानसिक रूप से बीमार को चोर समझकर किया पुलिस के हवाले

सेन्हा। सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदुर्वर्ती ग्राम चौकनी में देर शाम एक अपरिचित व्यक्ति घर घुसने का प्रयास कर रहा था। उस व्यक्ति को देख घर वाले चोर चोर का हल्ला करने लगे तभी ग्रामीण गोलबंद हो गए और व्यक्ति को पकड़ कर पूछताछ करने लगे लेकिन वह व्यक्ति कभी बरात में आने की बात बोल रहा था तो कभी मेहमानी आए थे बता रहा था। अपना घर नरकोपी तो कभी टंगरा टोली सही नही बताने पर ग्रामीणों ने घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को देते हुए व्यक्ति को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उस व्यक्ति को थाना लायी और जांच पड़ताल के दौरान उसकी पहचान परवेज अंसारी, पिता इब्राहिम अंसारी के रूप में हुई। इसके बाद परिजनों को बुलवा कर युवक का परिवार वालों सौंप दिया गया।

मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

शिवानी पांडेय 92 प्रतिशत अंक लाकर कैरो प्रखंड में आयी अव्वल

खबर मन्त्र संवाददाता

कैरो के टॉपर विद्यार्थी।

कैरो (लोहरदगा)। झारखंड अधिविध परिषद रांची के द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा 2023 में एके क्लासेस कैरो, शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों के द्वारा शत प्रतिशत परिणाम लाकर शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम प्रखंड में रौशन किया है। संस्थान के निदेशक अजीत कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि शिक्षण संस्थान पहले वर्ष में ही शत प्रतिशत परिणाम देने मे सफल रहे। यहाँ के गरीब बच्चों को न्यूनतम फीस में शिक्षा दी जाती है, जिससे हर समाज के लोगों तक शिक्षा की दीप जले, किसी भी तबके के लोग शिक्षा से वंचित न रहे यही संस्थान की आजीवन प्रयास रहेगी। साथ ही साथ छात्रवृत्ति का भी सुविधा देने की पहल की जाएगी आगामी वर्षों से। अभी यहाँ पर आठवीं नवीं एवं दसवीं कक्षा का क्लास सुबह 6 बजे से दिया जाता है एके क्लासेस' कैरो के विद्यार्थियों का प्रदर्शन इस प्रकार है। शिवानी पांडेय 460 अंक, पवन प्रजापति 427 अंक , नईमा प्रवीण 424 अंक, सुचिता कुमारी 357 अंक , मन्तसा मंसूर 357अंक , सोहनी उरांव 351अंक लाकर बेहतर प्रदर्शन किया। संस्थान के संचालक ने सभी छात्रों को मुंह मीठा करा कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये।

हानिया फिरदौस बनी नदिया स्कूल की सेकेंड टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता

हानिया फिरदौस।

लोहरदगा। जिले के प्लस 2 नदिया हिंदू हाई स्कूल की हानिया फिरदौस ने 12 वीं विज्ञान संकाय में 419 अंक लाकर विद्यालय की सेकेंड टॉपर बनी है।उनकी इस सफलता से घर वाले काफी खुश है।शिक्षक पिता तौफीक अहमद और माता नगमा शिरीन ने बताया की बेटी की सफलता से उन्हे बहुत खुशी मिली है साथ ही समाज में एक संदेश भी गया है की बेटी किसी भी क्षेत्र में बेटो से पीछे नही है। उनकी पुत्री हानिया फिरदौस ने बताया की उनकी सफलता में उनकी माता पिता के अलावा विद्यालय के शिक्षकों का भी अहम योगदान है। आगे चलकर वो डॉक्टर बनकर लोगो की सेवा करना चाहती है।

शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सात विद्यार्थी लोहरदगा जिले में टॉप 10 में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने जैक द्वारा प्रकाशित मैट्रिक परीक्षाफल में जिला में अव्वल स्थान प्राप्त किया । विद्यालय की छात्रा आयुषी सिंह ने 94. 8 0% अंक प्राप्त कर जिला में तृतीय स्थान प्राप्त की।

इसके अलावा विद्या मंदिर के छह अन्य विद्यार्थियों ने भी जिला के टॉप 10 में अपना स्थान प्राप्त किया । विद्या मंदिर के हर्षित राज एवं अमित कुमार ठाकुर ने 94. 4 0% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप में जिला में चतुर्थ स्थान , सुधांशु प्रजापति ने 93.2 0% अंक प्राप्त कर सातवां स्थान, ऋषभ डे ने 93% अंक प्राप्त कर आठवां स्थान, शिवानी शाहदेव ने 92.8 0% अंक प्राप्त कर नौवां स्थान एवं शौर्यम राज ने 92.60% अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया । विद्या मंदिर के 22 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर जिला में विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के अनुभवी एवं कर्मठ शिक्षक /शिक्षिकाओं के बल पर 135 में 130 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय को शत-प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ। विद्यालय के इस कामयाबी पर प्रांतीय समिति के पदाधिकारी, प्रबंध कारिणी समिति के पदाधिकारी गण एवं प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों एवं शिक्षक /शिक्षिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अमित महतो ने 21 किलोमीटर की लगायी मैराथन दौड़

पूर्व विधायक ने खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति बनाये जाने की रखी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

मैराथन दौड़ में शामिल पूर्व विधायक अमित महतो।

घाघरा। सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने बिशुनपुर विधानसभा में बुधवार को 21 किलोमीटर का मैराथन दौड़ लगाया और दिन के 11 बजे घाघरा प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। इस क्रम में प्रातः 6:00 बजे खटवा नदी गुमला से दौड़ आरंभ करते हुए घाघरा प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। जहां उनके समर्थकों के साथ-साथ स्थानीय युवकों ने भी काफी दूर तक उनके साथ दौड़ लगाया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान अमित महतो ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से खतियान आधारित नियोजन नीति व स्थानीय नीति बनाने की मांग की ताकि झारखंड वासियों को उनका लाभ मिल सके । साथ ही यह भी कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार बनाने में झारखंडियो ने साथ दिया। लेकिन वे तीन साल के कार्यकाल में इतने मसगुल हो गये कि झारखंडियों को ही भूल गए। श्री महतो ने यह भी कहा कि 22 साल के बने झारखंड में एनडीए, यूपीए और जेएमएम की सरकारें बनी। लेकिन अब तक झारखंड के लोगों को एक अलग पहचान नहीं मिल सका और ना ही कोई ठोस नीति बनाई गई है। इन सभी मुद्दों को लेकर लोगों को मैराथन दौड़ के माध्यम से जागरूक करना व मुख्यमंत्री को संदेश देना है कि हम दौड़ेंगे लोग दौड़ेगा ताकि झारखंड में खतियान के आधार पर पहचान और रोजगार मिलेगी। 103 वे दिन में 55 वें विधानसभा में दौड़ लगाकर कुल 2163 किलोमीटर की दूरी तय की है। यह मैराथन दौड़ 10 फरवरी सिल्ली के सभी पंचायत से शुरू हुई थी जिसका समापन 2709 किलोमीटर दौड़ पूरी कर 19 जून को होगा। इस मौके पर महावीर उरांव, रोहित भगत, दीपांकर भगत कृष्णा तिर्की राजू तिर्की सुनील तिर्की संतोष नीरज राकेश विशाल सहित काफी संख्या में समर्थक शामिल थे।

भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता तक ले जायें कार्यकर्ता : सुदामा प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

बैठक में मौजूद भाजपाई।

कुडू। भारतीय जनता पार्टी कुडू मण्डल की कार्यसमिति की बैठक मण्डल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद के अध्यक्षता में कुडू स्थित शिशु विद्या मंदिर में संपन्न हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर वन्देमातरम गान के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ पूर्व ज़िला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद ,राजेंद्र महतो, नवीन कुमार टिंकू एवम् सजल कुमार उपस्थित हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार एक माह जनसंपर्क अभियान चलाना है, जिससे पार्टी के विचारधारा से अन्य लोग भी जुड़ पाएंगे और भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से मजबूत होगा। मंडल अध्यक्ष ने मंडल के सभी कार्यकताओं से अपील की है कि भाजपा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को दें और उन्हें दिग्भ्रमित होने से बचाएं। कांग्रेस और जेएमएम के लोग झूठ की राजनीति करने जानते हैं। मौके पर ब्रज बिहारी प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का पूरे प्रदेश में महाजनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय संगठन को मजबूत बनाने में कारगर साबित होगी,इसलिए सभी कार्यकताओं को इस अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। नवीन कुमार टिंकू, संजय चौधरी, भूषण प्रसाद, राजेश प्रसाद, धीरज प्रसाद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

स्पीड न्यूज

यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में आती है सुख, शांति और समृद्धिः बिरजू तिवारी

चतरा। जिले के नवादा पंचायत के मंदायन में श्री श्री 108 महारुद्र सह शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरूआत बुधवार को भव्य कलशयात्रा के साथ हुई। कलश शोभा यात्रा में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं व कन्याओं ने भाग लिया। वही कलशयात्रा में विशेष रूप से जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री टुन्नी सिंह, नवादा पंचायत मुखिया विकास सिंह, विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह, भाजपा नेता सुरेश सिंह शामिल हुए।

अकाउंट मैनेजर को एसीबी ने किया गिरफ्तार

इटखोरी। भ्रष्टाचार के विरोध एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बीएएम (ब्लॉक अकाउंट मैनेजर) शम्भू कुमार रवि को चार हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ब्लॉक अकाउंट मैनेजर शम्भू कुमार रवि हजारीबाग के पेलावल थाना क्षेत्र अंतर्गत छड़वा का रहने वाला है। इटखोरी प्रखंड के लोरम गांव निवासी पन्ना लाल राणा की शिकायत पर एसीबी ने यह कार्रवाई की। पन्ना लाल राणा ने ममता वाहन राशि का बिल भुगतान करने के नाम पर घूस मांगे जाने की शिकायत की थी।

महिला से चालीस हजार की छिनतई, तीन गिरफ्तार

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। रांची-पटना मुख्य मार्गध पर विवेकानंद स्कूल के समीप एकध महिला से 40 हजार रुपए की छिनतई करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए युवकों में भंडरवा निवासी गुलाम रब्बानी, वारिश हुसैन व आरिफ हुसैन के नाम शामिल है। इस संबंध में गायत्री देवी की ओर सेध थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

तिलैया बस्ती से चार महीने का भ्रूण बरामद

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। तिलैया पुलिस ने मंगलवार को तिलैया बस्ती से एक भ्रूण बरामद किया है। जानकारी अनुसार भ्रूण 4 से 5 महीना का है। मिली जानकारी के अनुसार तिलैया बस्ती स्थित ढेलवा तालाब के समीप झाड़ी में फेंके गए भ्रूण को कुत्ते नोच रहे थे और सड़क पर लेकर आ गए थे। तिलैया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया अवैध गर्भपात कर भ्रूण को वहां फेंका गया था फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हाइवा के चपेट में आने से एक की मौत, एक गंभीर

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत जमसोती नाला के समीप बुधवार की सुबह करीब आठ बजे हाइवा के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

ग्रामीणों ने दिया उपायुक्त को आवेदन

डोमचांच (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत मसनोडीह पंचायत के ग्राम सरोनिया में आंगनबाड़ी में सेविका के चयन में अनियमितता बरतने जाने को लेकर सरोनिया के ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा गया है कि ग्राम सरोनिया में आंगनबाड़ी केंद्र हरिजन टोला कोड संख्या 410 में सेविका चयन को लेकर एक ग्राम सभा दिनांक 23 मई 2023 को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी डोमचांच द्वारा आहूत किया गया, जिसमें ग्राम सरोनिया के अनुसूचित जाति के सेविका पद के लिए योग्य उम्मीदवार शांति कुमारी, अनुपा देवी, कंचन देवी, ममता देवी, काजल देवी, आरती देवी, चमेली देवी आदि थे। उक्त उम्मीदवार रहने के बावजूद बाल विकास परियोजना पदाधिकारी डोमचांच द्वारा बिना स्थल पर घोषणा किए ग्राम बेहराडीह से ओबीसी उम्मीदवार का चयन कर लिया गया जो कि आंगनबाड़ी केंद्र हरिजन टोला ग्राम सोरोनिया के पोषक क्षेत्र से बाहर है तथा हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र में ओबीसी उम्मीदवार का चयन नहीं किया जा सकता है।

मैट्रिक-इंटर परीक्षा में बच्चों का शानदार प्रर्शन

83.2 प्रतिशत अंक लाकर खुशी स्कूल टॉपर

सफल छात्र-छात्राएं

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। जैक बोर्ड रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में शहर के मॉडल इन्फैन्ट स्कूल की छात्रा खुशी कुमारी 83.20 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनीं। जबकि कुमारी कुमकुम ने 81.60, संध्या कुमारी ने 80, मुस्कान कुमारी ने 79, सानिया परवीन ने 78, चंदन कुमार व आयुषी कुमारी ने 77.80, विवेक कुमार ने 75.80, अरमान अंसारी ने 75.20, आशीष कुमार पाल ने 75 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉप 10 में शामिल हुए। मौके पर विद्यालय के निदेशक सच्चिदानंद दुबे एवं प्राचार्य शशि शेखर गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि विद्यालय के 70 विद्यार्थियों में 65 प्रथम तथा 5 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण रहे। हमारे विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका पुराने एवं अनुभवी हैं।

उनके पढ़ाने- लिखाने, मार्गदर्शन प्रेरणादायक बातें अनुकरणीय होने से विद्यार्थियों को लाभ हुआ है। विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, क्विज, सर्वांगीण विकास पर ध्यान देकर प्रतिभा को उजागर की जाती है। मौके पर उप प्रधानाचार्य रामानंद चौबे, संजय कुमार ठाकुर, धनंजय ठाकुर, रजनीश पाठक, शुभम शर्मा, संजय गोयल, दिनेश यादव, सुनील कुशवाहा, पूनम शर्मा, मीनाक्षी भट्ट आदि उपस्थित थे।

89 प्रतिशत के साथ बना बब्लू बना गोविंद उवि टॉपर

बबलू को मिठाई खिलाते शिक्षक

गढ़वा। जिले के मधेया पंचायत गांव निवासी मनोज प्रजापति का पुत्र बब्लू कुमार जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल समेत कोचिंग संस्थान टॉप किया है। बब्लू ने मैट्रिक की परीक्षा में 89 प्रतिशत अंक लाकर आर. गोविंद हाई स्कूल गढ़वा और ओरियंटल कोचिंग सेंटर में पहला स्थान प्राप्त किया है। बब्लू कुमार की सफलता से माता-पिता और गुरुजन काफी प्रसन्न है। उसने अपनी सफलता का श्रेय ओरियंटल कोचिंग संस्थान के शिक्षक पवन कुमार गिरि समेत स्कूल के अन्य शिक्षको को दिया है। वहीं शिक्षक पवन कुमार गिरी ने बताया कि मेरे संस्थान से कुल 81 छात्र-छात्राएं 10वीं के परीक्षा में भाग लिए थे। जिसमें 69 छात्र-छात्रा प्रथम श्रेणी से पास किए हैं। जिसमें बब्लू कुमार 89 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान, दुर्गेश राज चंद्रवंशी 88.8 प्रतिशत लाकर दूसरा स्थान और अमन कुमार ठाकुर 86.2 प्रतिशत लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

बबलू के पिता पेंटर का करते हैं कार्य : बब्लू के पिता मनोज प्रजापति ग्रामीण क्षेत्र में पेंटर का कार्य करते हैं।

94.4 प्रतिशत अंक लाकर रवि, 89.4 प्रतिशत अंक लाकर कशिश स्कूल टॉपर

रमना। प्रखंड मुख्यालय स्थित जमा दो उच्च विद्यालय एवं बालिका उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने झारखंड अधिविद परिषद 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। जमा दो उच्च विद्यालय के छात्र रवि किशन ने 94.40 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनने के साथ साथ जिला टॉप टेन में भी शामिल हुआ। इसी प्रकार गोविंद विश्वकर्मा 92.40 प्रतिशत लाकर दूसरा, नितेश कुमार 89. 60 प्रतिशत लाकर तीसरा, मानस कुमार पांडेय 86.80 प्रतिशत लाकर चौथा, आकाश कुमार यादव 85.80 प्रतिशत लाकर पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

सभी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण, आयुष बना टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल में संचालित सरस्वती विद्या मंदिर के मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित कुल 74 भैया बहनों में सभी शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसमें विद्यालय टॉपर आयुष कुमार ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं विकास खलखो 93.8 प्रतिशत, प्रियांशी प्रिया 93.4 प्रतिशत, उत्तम कुमार 93.4 प्रतिशत, ज्योति कुमारी 93.2 प्रतिशत, प्रिंस कुमार 92.8 प्रतिशत, रौशन कुमार मेहता 92.2 प्रतिशत, रिफत खातून 92 प्रतिशत, अंजली कुमारी 91.8 प्रतिशत, आदित्य कुमार 91.6 प्रतिशत, राजन कुमार ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

बीएसएम कॉलेज के इंटर साइंस

68 छात्रों में 55 छात्र असफल छात्रों ने लगाये कई आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। बीते चार दशकों से संचालित बीएसएम कॉलेज के इंटर साइंस में 68 छात्रों में 55 छात्र असफल हो गए। पांच छात्र प्रथम स्थान एवं आठ छात्र दूसरे स्थान प्राप्त किये है। असफल हुए छात्रों में कॉलेज शिक्षको के प्रति खासा आक्रोश है। छात्रों ने आरोप लगाया है कि कॉलेज के प्रोफेसर के द्वारा प्रैक्टिकल में अच्छे नम्बर देने के नाम पर 500 से एक हजार रुपये तक लिए गए। फिर भी हुए असफल आक्रोशित छात्र नन्दगोपाल कुमार, अभिजीत कुमार, अंकित, नीतीश, अमित, अनीश, ओमप्रकाश, दुर्गेश, काजल कुमारी, प्रियंका, चंचला ने बताया कि हमलोग ने परीक्षा बहुत अच्छा दिया था। परंतु कॉपी जांच में कहीं न कहीं लापरवाही बरती गई है। हमलोग दुबारा कॉपी जांच करना चाहते है। कहा कि विद्यालय में कोई पढ़ाई ढंग का नही हो रहा है। साइंस विषय के प्रो. वीरेंद्र विश्वकर्मा, शशि कुमारी व अरविंद कुमार सेंगर के द्वारा महा विद्यालय के बजाए अपने घरों व कोचिंग सेंटर में टिवशन पढ़ाने पर जोर है। कहा कि उक्त तीनों लोंगो के द्वारा प्रेक्टिकल में पासिंग मार्क्स के लिए पांच पांच सौ प्रति विभाग के छात्रों से पैसा लिया गया फिर भी प्रेक्टिकल में भी प्रेक्टिकल में कम नम्बर दिया है। वहीं छात्रों से प्रेक्टिकल में पैसे लेने के मामले में तीनों प्रोफसर ने आरोप को बेबुनियाद बताया है।

अर्पना कुमारी का रिजल्ट हुआ पेंडिंग : बीएसएम इंटर कॉलेज की छात्रा अर्पना कुमारी ने बताया कि मैंने सभी विषय का परीक्षा दिया था, लेकिन जैक के द्वारा प्रकाशित रिजल्ट में मेरा हिंदी का नम्बर नही जोड़ा गया है। जिस कारण मेरा रिजल्ट इन कंप्लीट लिखा हुआ आया है। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि केंद्राधीक्षक से उपस्थिति एवं डिस्पैच का फोटो कॉपी कराकर लाइए और आवेदन लेकर जैक कार्यालय में जमा करने के बाद रिजल्ट प्रकाशित हो जाएगा। इस मे लापरवाही किसकी है मुझे नही मालूम पर परेशानी होगा। बीएसएम विद्यालय के प्रचार्य आरपी शुक्ला ने इस बाबत बताया कि छात्रों के आये खराब परिणाम से दुखी हूं यह जांच का मामला है कि कहाँ कमी हुई है। छात्रों के द्वारा प्रोफेसरों पर प्रेक्टिकल में पैसे लेने की जानकारी नही है।

जयनगर हाई स्कूल की प्रिया बनी जिला टॉपर

साइंस टॉपर खुशी बनना चाहती है डॉक्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में हाई स्कूल जयनगर की प्रिया सिंह ने 478 अंक लाकर जिला टॉपर बनी। वहीं आरएमएमएम हाई स्कूल चंदवारा के अभिषेक कुमार मोदी 476 अंक लाकर दूसरे स्थान पर रहे। जबकि एसएस हाई स्कूल बासोडीह सतगांवा केध अभिषेक कुमार 475 अंक लाकर तीसरेध स्थान पर रहे। जिला के टॉप-10 में स्थान पाने वालो में चौथे स्थान पर पांच विद्यार्थी रहे। जिसमें 474 अंक मिले, जिसमें हाई स्कूल जयनगर के अमरनाथ यादव, गफ्फार अंसारी, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की मनिका कुमारी, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल मरकच्चो की खुशी कुमारी व रमेश प्रसाद यादव चाराडीह के सुमित कुमार के नाम शामिल है। वहीं पांच विद्यार्थी 473 अंक लाकर पांचवे स्थान पर रहे।

जिसमें हाई स्कूल जयनगर के संदीप कुमार, हाई स्कूल लतभेदवा के अंकित कुमार पासवान, सीएच प्लस टू हाई स्कूल के मनिल यादव, खुशी कुमारी व सीडी गर्ल्स हाई स्कूल झुमरीतिलैया की सृष्टि कुमारी के नाम शामिल है। वहीं छठे स्थान पर तीन विद्यार्थी 472 अंकध प्राप्त किए। जिसमें हाई स्कूल जयनगर के अंजू कुमारी, दिप्ती कुमारी व हाई स्कूल कोडरमा के रंधीर कुमार रहे। सातवें स्थान पर पांच विद्यार्थी 471 अंक प्राप्त किए। जिसमें हाई स्कूल जयनगर के रमित कुमार सोनी, पवन कुमारध यादव, आरएमएमएम हाई स्कूल चंदवारा के नितिन कुमार, हाई स्कूल कोडरमा के आशीष कुमार व हाई स्कूल हिरोडीह के नीरज कुमार यादव के नाम शामिल है। 8वें स्थान पर 5 विद्यार्थी 470 अंक प्राप्त किया। जिनमें एसएस हाई स्कूल बासोडीह के पियूष कुमार, हाई स्कूल जयनगर के सन्नी पंडित, हाई स्कूल लतभेदवा जयनगर के रामबोल यादव, सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय की आस्था कुमारी व सीडी हाई स्कूल की रैनसी कश्यप के नाम शामिल है। वहीं 9वें स्थान पर छह विद्यार्थी 469 अंक प्राप्त किया। जिसमें हाई स्कूल जयनगर के विवेक कुमार राणा, संदीप कुमार राणा, सूरज कुमार यादव, सीएच प्लस टू उच्च विद्यालयध के नुसरत खातून, आरएमएमएम हाई स्कूल चंदवारा के शैलेश कुमार पासवान, अपग्रेड हाई स्कूल डुमरडीहा के आशा कुमारी के नाम शामिल है। जबकि 10वें स्थान पर 468 अंक लाकर सात विद्यार्थी रहे।

कोडरमा। इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय में जिला टॉपर बनी खुशी राज ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत व परिजनों के साथ-साथ गुरुजनों को दी है। बताते चलें कि पारा शिक्षक ब्रजकिशोर सिंह की पुत्री खुशी पढ़ाई करती थी, जिसके कारण आगे पढ़कर डॉक्टर बनना चाहती है। खुशी की प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय पुरनानगर से हुई है। जबकि 6 से 10वीं की पढ़ाई सेक्रेड हार्ट स्कूल से की है। खुशी ने बताया कि वह एकाग्रता के साथ नियमित रूप से उसे सफलता मिली है।

मैट्रिक जिला टॉपर प्रिया को मेडिकल में जाने की तमन्ना

कोडरमा। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 में जिला टॉपर बनने वाली प्रिया सिंह जयनगर प्रखंड के बेको पंचायत अंतर्गत नावाडीह गांव की रहने वाली है। उसने 478 अंक लाकर जिला टॉपर बनने का श्रेय हासिल किया है। घप्रिया सिंह ने अपनी पढ़ाई जयनगर घस्थित एसपी राजकमल प्लस टू हाई स्कूल मधवांटाड़ से की है। उसने मैट्रिक की परीक्षा में भाग लेने के लिए प्लस टू हाई स्कूल से फॉर्म भरा था। परीक्षा में उसने कुल अंक 500 में 478 नंबर प्राप्त हुए, जिसका कुल प्रतिशत 9560 रहा है। श्रेया ने मैथ में 98, साइंस में 97, इंग्लिश में 95, हिंदी में 95 व सोशल साइंस में 93 नंबर हासिल की है। बातचीत में उसने आगे मेडिकल की पढ़ाई करने की इच्छा जताई है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल के प्राचार्य, माता-पिता व ट्यूशन के शिक्षक को दी है।

आरकेपीएस के समर कैंप प्रतिभा को मिला सम्मान

समर कैम्प में शामिल प्रतिभागी

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा में गर्मी छुट्टी के बाद आयोजित समर कैंप का समापन प्रतिभा सम्मान के साथ हो गया। निदेशक अलखनाथ पांडेय ने बच्चों को उत्साहित किया एवं कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग के साथ जीवन का लक्ष्य भी बन गया है। बता दें कि कैंप में कक्षा 5 से कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं के बीच इंटर हाउस कैरम, शतरंज व टेबल टेनिस आयोजित की गई थी। वहीं कक्षा 9वीं व 10वीं के छात्र-छात्राओं के बीच कबड्डी, शॉट पुट व बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। जूनियर ग्रुप (कक्षा 5वीं से 8वीं) टेबल टेनिस ब्वायज में हिमांशु पाल, अनुराग कुमार व सुधांशु पाण्डेय और गर्ल्स में नाबिया सबा,वैष्णवी छाया व रिद्धी तिवारी क्रमशः पहला,दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। कैरम ब्वायज में एम डी अशरफ, अंश राज व गुरुशरण और गर्ल्स में खुशबू कुमारी,सुरभि पाण्डेय, चांदनी कुमारी क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं शतरंज ब्वायज में गुरुशरण, अभास पटनायक, अर्पित सिंह और गर्ल्स में श्वेता शर्मा,शिवांगी पाठक एवं सिमरन कुमारी क्रमशः पहला,दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर ग्रुप कबड्डी में उज्वल ग्रुप ने सौरव ग्रुप को पराजित कर विजेता टीम बनी वहीं शॉट पुट ब्वायज मे प्रतीक, अनमोल व क्षितीज क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किए। लड़कियों के शॉट पुट में साक्षी पाल, प्रियंका भारती व दीपिका रानी क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन ब्वायज में अनुराग, सौभाग्य व आर्यन एवं बैडमिंटन गर्ल्स में आयुषी पाण्डेय, प्रियंका भारती व खुशी पासवान क्रमशः पहला दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

डीसी ने इटखोरी के पूर्व सीओ, सीआई व कर्मचारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

इटखोरी। उपायुक्त अबु इमरान ने इटखोरी अंचल के ग्राम धूना के एक भूखंड के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने को लेकर इटखोरी अंचल के पूर्व अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक तथा कर्मचारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश वर्तमान अंचल अधिकारी को दिया है। इस बाबत उपायुक्त कार्यालय से इटखोरी के वर्तमान अंचल अधिकारी राम विनय शर्मा को एक पत्र प्रेषित किया गया है। जिसमें

अपर समाहर्ता के द्वारा उपरोक्त भूमि से संबंधित जांच प्रतिवेदन को भी संलग्न किया गया है। उपायुक्त ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इटखोरी अंचल के ग्राम धूना के अंतर्गत खाता संख्या-147, प्लाट संख्या-1063 रकबा 1.26 एकड़ भूमि की प्रकृति गैरमजरूआ किस्म की है। इस भूमि स्थल को ग्रामीण गड्ढा बांध भी कहते हैं। लेकिन वर्ष 2015 में उपरोक्त भूमि के सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ कर भूमि की प्रकृति को बदल दिया गया है। इस मामले को लेकर वर्ष 2022 में अपर समाहर्ता के नेतृत्व में चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया था। जांच दल के द्वारा सरकारी दस्तावेज का निरीक्षण भी किया गया था। निरीक्षण के पश्चात वर्ष 2022 के अगस्त माह में इटखोरी के अंचल अधिकारी ने धूना पंचायत के पंचायत सचिवालय में आम सभा की थी। जिसमें ग्रामीणों ने उक्त भूमि को गैरमजरूआ ही बताया था। हालांकि उपरोक्त भूमि के विवाद को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में एक मामला भी फिलहाल लंबित है।

विवाहिता ने फांसी लगाकर की अपनी जीवन लीला समाप्त

कोडरमा। जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मतौनी नावाडीह में मंगलवार की रात्रि करीब 10 बजे हुई विवाहिता की मौत के बाद पिता ने थाने में आवेदन देकर पति सास व अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। मृतका के पिता मोईन अंसारी ग्राम तारातांड़ थाना नवलशाही कोडरमा निवासी ने जयनगर थाना में दिए गए अपने आवेदन में बताया है कि एक वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज के साथ मेराज अंसारी पिता इदरीश मियां के साथ अपनी पुत्री 19 वर्षीय रोबेदा प्रवीण उर्फ रवीना प्रवीण की शादी की थी। शादी के बाद तीन चार महीने तक ससुराल में मेरी बेटी ठीक से रही उसके बाद मेरी बेटी की पति मेराज अंसारी सास तूने खातून व अन्य ने मेरी बेटी को मायके से अपाची मोटरसाइकिल एवं दो लाख रुपए लाने को कहने लगे। मोटरसाइकिल व रुपया नहीं देने पर नहीं रखने की बात कहते थे। इस बीच मेरी बेटी के साथ मारपीट करना एवं खाने-पीने नहीं देने के साथ ही प्रताड़ित किया जाता रहा।

मुझे खबर होने पर गांव के कुछ व्यक्तियों के साथ बेटी के ससुराल जाकर पंचायती की, जिसके बाद आश्वासन दिया गया कि सब कुछ ठीक हो गया है। फिर दोबारा अतिरिक्त दहेज की मांग व मोटरसाइकिल की मांग की जाने लगी, बेटी की सूचना पर 23 मई मंगलवार को गांव के कुछ व्यक्तियों के साथ नावाडीह गए जहां पंचायत कर समझौता किए और हम सभी शाम को घर वापस चले आए। वहीं करीब रात्रि 10 बजे दामाद मेराज अंसारी के द्वारा मेरे मोबाइल फोन पर बताया कि आपकी बेटी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

अवैध रूप से विस्फोटक सामान रखने एवं खरीद बिक्री करने के आरोपी को दस वर्ष सश्रम कारावास

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। थाना कांड संख्या 176/2014, एसटी 18/2015 दिनांक 10 अक्टूबर 2014 अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री रखने उसका खरीद बिक्री करने के मामले के आरोपी महादेव यादव पिता लीलो यादव लखीबागी कोडरमा निवासी के मामले की सुनवाई के पश्चात अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने अंडर सेक्शन 3(ए) एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 25 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं दिए जाने पर आरोपी को एक वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।

वहीं अंडर सेक्शन 4/5 एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास व 25 हजार रूपये जुर्माना लगाया गया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं अंडर सेक्शन 414 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 10 हजार रूपये जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

25 हजार जुर्माना नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास

क्या है मामला : कोडरमा थाना गश्ती दल को सूचना मिली की 49 की ओर से एक ट्रक बीआर27जी/3791 में विस्फोटक सामग्री लेकर कोडरमा की ओर आ रहा है। मिली सूचना के आधार गश्ती दल के जवानों के द्वारा एसआई लाल बिहारी प्रसाद के नेतृत्व में डोमचांच की ओर से आने वाले ट्रकों की जांच शुरू की गई, इसी दौरान उक्त ट्रक पुलिस को चकमा देकर भागने, लगा गश्ती दल द्वारा ट्रक को घेरकर रोका गया और चालक सह मालिक महादेव यादव को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर एवं ट्रक की जांच करने पर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद हुआ। कुल 32 कार्टून विस्फोटक पाया गया। जिसे लेकर कोडरमा थाना में एसआई लाल बिहारी प्रसाद द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी मंडल ने किया। इस दौरान सभी 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी मंडल ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वही बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक गुप्ता ने दलीलें पेश की। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोनो अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

डीसी ने मोमेंटो देकर किया सम्मानित

जिला के लिए गौरव की बात, यहां के विद्यार्थियों को भी दें मार्गदर्शन: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने संघ लोक सेवा आयोग में उतीर्ण स्वाती संदीप और अभिनव प्रकाश से मिलकर उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया तथा सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। चतरा निवासी कृष्ण कुमार वर्मा की सुपुत्री स्वाती संदीप ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 490 रैंक लाया है। उन्होंने बताया कि उनकी सुपुत्री ने कड़ी मेहनत और लगन से स्वअध्ययन करते हुये यह सफलता हासिल की है। हंटरगंज प्रखंड के ग्राम गोदोबर निवासी मनोज कुमार सिंह के पुत्र अभिनव प्रकाश ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 279 रैंक लाया है। उपायुक्त अबु इमरान ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल करने के पीछे अभिभावकों की बहुत अहम भूमिका होती है। आप बहुत मेहनती हैं और कड़े परिश्रम करते हुए आगे बढ़े इसके लिए आप स्वयं बधाई के पात्र हैं और अगर अभिभावक मजबूत स्तंभ की तरह आपके साथ हमेशा खड़ा रहे तो आप बड़े से बड़ा कीर्तिमान जीवन मे हासिल कर सकते हो जैसा आपने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उतीर्ण होकर किया है।

मैट्रिक व इंटर साइंस में प्रखंड में लड़कियों का जलवा

मैट्रिक में पूजा कुमारी 94.6 % अंक के साथ टापर, इंटर साइंस में तन्नू कुमारी 85.6 % अंक के साथ टापर

मैट्रिक मे प्रखंड टॉपर पूजा कुमारी अपने माता पिता के साथ, साइंस मे प्रखंड टॉपर तन्नू कुमारी अपने माता पिता के साथ, ट्यूशन शिक्षक नरेश साव के साथ पूनम कुमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। जैक द्वारा मैट्रिक व इंटर साइंस की घोषित परीक्षाफल में मैट्रिक व साइंस में प्रखंड टॉपर में लड़कियों ने परचम लहराया। मैट्रिक में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय टोंटी की पूजा कुमारी पिता सुरेश गंझू ने 94.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त की है। स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय टोंटी हेसला की ही पूनम कुमारी पिता रामकुमार उरांव ने 93 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय की। जूही सिंह पिता शंकर सिंह ने 92.2 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह इंटर साइंस की तन्नू कुमारी पिता बिजय प्रसाद ने 428 अंक (85.6 प्रतिशत) लाकर प्रखंड टॉपर रही। वहीं जिला मे नौवा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। साथ ही तन्नू कुमारी ने बताया कि मैं डाक्टर बन कर गरीबों और असहयों को नि स्वार्थ भाव से सेवा करुंगी। तन्नू ने बताया कि मेरे पिता किराने की दुकान चलाकर हमे पढ़ा रहें है वह मेरी मां सुजाता देवी मेरी पढ़ाई मे भरपूर सहयोग करती है। मैं अपने माता पिता का सपनो को साकार कर दिखाएंगे। वहीं अमित कुमार पिता तुलेश्वर यादव ने 71.6 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा सुषमा कुमारी पिता ने 66 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।मैट्रिक में प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शिक्षक की बेटी पूजा ने बताई की साइंस की पढ़ाई करते हुए नीट की तैयारी कर डॉक्टर बन कर गांव में सेवा करना चाहती हूं। प्रखंड में तृतीय व अपने बिद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जूही सिंह ने कहा कि साइंस की पढ़ाई कर शिक्षक बनना चाहती हुं। वहीं परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू के प्रखंड टॉपर तन्नू कुमारी व जुही कुमारी को विद्यालय अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद, प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी, अल्का कुमारी, उमेश सिंह, रुपेश कुमार, श्रवण मिश्रा, विश्वरूप सिंघा, सहित विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामना के साथ उज्जवल भविष्य की कामना किया।

90.60% अंक लाकर आकांक्षा कुमारी ने बढ़ाया बरवाडीह का मान-सम्मान

आकांक्षा कुमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। जैक बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में बरवाडीह के रेलवे कॉलोनी निवासी और संत मरियम हाई स्कूल की छात्रा आकांक्षा कुमारी ने 90.60% अंक प्राप्त कर बरवाडीह सहित अपने परिजनों और गुरुजनों का मान-सम्मान और गौरव बढ़ाया है। इनकी सफलता से परिवार के लोगों एवं शिक्षकों में काफी खुशी है आकांक्षा कुमारी ने कुल 453 अंक प्रात किया है। आकांक्षा के पिता मनीष कुमार अकेला मूल रूप से बिहार के पालीगंज के समीप नवादा गांव के रहने वाले है, और वर्तमान में बरवाडीह रेलवे के आरओएच में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। वहीं मां रंजू कुमारी हाउस वाइफ है। अपनी बेटी की सफलता पर माता-पिता के साथ-साथ मामा अमरकांत गौतम (लोको पायलट, बरवाडीह) और मामी पिंकी गौतम सहित परिवार के अन्य सभी सदस्यों ने उसे बधाई देते हुए कहा कि आकांक्षा अपनी लगन और मेहनत से जीवन में हर इम्तिहान में यूं ही विजय प्राप्त करते रहें यही हमारी शुभकामना है। वहीं आकांक्षा ने अपनी इस सफलता के पीछे माता-पिता, अभिभावक गण व शिक्षक को दिया हैं। आकांक्षा ने आगे एनआईआईटी की तैयारी कर मेडिकल क्षेत्र में जाने की इच्छा जताई है। कहा कि वह समाज के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान देना चाहती हैं। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को सदेंश देते हुए कहा खुद को कभी कम न समझे बल्कि आपकी कड़ी मेहनत और लगन हो तो कोई भी मंजिल हासिल कर सकते हैं।

विदाई समारोह का हुआ आयोजन

प्राचार्य डॉ. फादर जोश ने समस्त छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। संत जेवियर महुआडांड़ में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्रओं द्वारा विदाई दी गई।

इस मौके पर जूनियर छात्राओं ने सीनियर छात्राओं को तिलक लगा स्वागत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का प्रारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एमके जोश, उपप्राचार्य सिस्टर कैशलीन जूलियट, जाफर इकबाल, अल्विन लकड़ा, निकिता बेक दीप प्रज्जवलन कर किया। आयोजित कार्यक्रम में समस्त विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर जोश ने समस्त छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ अपने उद्बोधन में छात्रों द्वारा कॉलेज में बिताये समय को याद किया तथा छात्रों को भविष्य में सीख देने हेतु सुझाव दिये व कहा कि छात्रों को जीवन में ध्यान से बोलने और ध्यान से सुनने की आदत

विदाई समारोह में उपस्थित लोग

मनुष्य को सफल बनाती है और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की ताकत देती है। कार्यक्रम में अल्विन लकड़ा और निकिता बेक ने अपने समय में कॉलेज में बिताये दिनों के अनुभव साझा किये।

कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए कॉलेज स्टूडेंट कॉर्डिनेटर प्रो. रोस एलिस बारला ने छात्र-छात्राओं की शुरू होने वाली आगामी परीक्षाओं से अवगत कराते हुए मेहनत व लगन से आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा का आशीर्वाद दिया। प्रवीण सिंह को मिस्टर जेवियर एवं स्वीटी खलखो को मिस जेवियर ताज पहनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन जयंत खलखो व अंकिता खलखो द्वारा किया गया। इस प्रकार फादर डॉ. राजीप तिर्की, प्रो. रीमा रेणु कन्डुलना प्रो. रश्मि सुमन टोप्पो, प्रो. शशि शेखर, प्रो. रोनित खेस, प्रो. अभय सुकुट डुंगडुंग, प्रो. सुबोध मिंज, प्रो. स्मिता तिग्गा, प्रो. राजीव महतो, प्रो. शेफाली प्रकाश उपस्थित होकर सभी तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ विदाई दी।

इटके मे चल रहे ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का किया औचक निरीक्षण

बारियातू। प्रखंड के टोटी पंचायत अंतर्गत इटके आंगनबाड़ी केंद्र मे चल रहे तेजस्वीनी परियोजना के तहत ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का निरींक्षण प्रखंड समन्यवक उपेंद्र कुमार शर्मा ने किया। निरीक्षण के दौरान के दौरान 20 किशोरी उपस्थित पायी गई। वहीं कई दिशा-निर्देश देते हुए सभी को प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्म निर्भर बनने की बात कहा ज्ञात हो की इटके 2 में आर्थिक गतिविधि का तेजस्विनी परियोजना के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं क्षेत्र समन्वयक उगेशर प्रजापति ने बताया की हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया और महिला बाल विकास सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित तेजस्विनी परियोजना के माध्यम से क्लब में आर्थिक गतिविधि व स्वरोजगार के तहत आत्म निर्भर बनने के लिए प्रशिक्षक खुशबू प्रवीण द्वारा किशोरियों को ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर क्लस्टर समन्वयक सुमन कुमारी, युवा उत्प्रेरक बीना देवी सहित क्लब के कई किशोरिया मौजूद थे।

एवरेस्ट कोचिंग सेंटर का साइंस में 100% रहा रिजल्ट

विद्यार्थियों को सफलता मिलने पर मिठाइयां खिलाते शिक्षक व उपस्थित छात्र

खबर मन्त्र संवाददाता

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बंदूआ रोड स्थित एवरेस्ट कोचिंग सेंटर में साइंस लेकर अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले विद्यार्थियों का झारखंड एकेडमी काउंसिल (जैक) के द्वारा जारी किए गए परीक्षाफल में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। जिसमें विद्यार्थी मुकेश यादव 390 अंक,धीरज कुमार रजक 375 अंक,चांदनी कुमारी 367 अंक, नंदलाल सिंह 364 अंक, सपना कुमारी 361 अंक, राजकुमार उरांव 351अंक, निशांत कुमार पासवान 344 अंक, सुशीला कुमारी 335 अंक, प्रतिभा लकड़ा 334 अंक, पुरुषोत्तम यादव 330 अंक, शशिकांत कुमार रवि 329 अंक, आशीष उरांव 329 अंक, संदीप कुमार रवि 320 अंक, संजीव उरांव 316 अंक, रणवीर यादव 315 अंक, दीपावली कुमारी 309 अंक, विष्णु शर्मा 300 अंक, उपेंद्र उरांव 300 अंक और आनदेव सिंह ने 282 अंक प्राप्त कर परीक्षा में उत्तीर्ण हुए और एवरेस्ट कोचिंग सेंटर का मान बढ़ाया। वहीं कोचिंग सेंटर संचालक विजेंदर पासवान ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एवरेस्ट कोचिंग सेंटर से साइंस लेकर 12वीं क्लास की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों का 100% रिजल्ट रहा।

बरवाडीह केजीबी का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

वार्डन सहित सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों की सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड मुख्यालय के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबी) का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा। विद्यालय की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। शत प्रतिशत रिजल्ट आने से विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। विद्यालय के सभी शिक्षिकाएं और स्टाफ गौरवान्वित महसूस कर रहे है। विद्यालय की वार्डन रूबी कुमारी ने बताया कि विद्यालय की कुल 67 छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित हुई थी। जिसमें 43 छात्राओं ने प्रथम स्थान और 24 छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय की शत प्रतिशत छात्राओं ने सफलता प्रात कर विद्यालय और प्रखण्ड का मान-सम्मान बढ़ाया है। यह हमारे लिए गर्व का पल है। बताया कि विद्यालय की छात्रा मानती कुमारी और रौशनी कुमारी 73.40 प्रतिशत के साथ विद्यालय की टॉपर बनी। वहीं पूजा कुमारी 72.2% प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा चांदनी कुमारी 71.6% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही है। इसके अलावा अंजु खेस 71.4% और रूपा कुमारी 71.0% के साथ विद्यालय की फाइव टॉपरों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। विद्यालय की वार्डन रूबी कुमारी के साथ-साथ सभी शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को सफलता की बधाइयां दी और साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की। जिनमें शिक्षिका वर्षा पाठक, संगीता कुमारी, जुगिता मिंज, पूनम कुमारी, गौसिया खानम, श्वेता कुमारी, कुमारी नीलम और एकाउंटेट मुकेश कुमार भारती सहित अन्य स्टाफ ने खुशी जाहिर की है।

इंटर साइंस के टॉपर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

चंदवा। स्थानीय मेन रोड स्थित मां सरस्वती कोचिंग सेंटर में बुधवार को सम्मान समारोह आयोजित कर इंटर साइंस के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मौजूद थे। उन्होंने साइंस के प्रखंड के सेकेंड टॉपर पंकज राम के अलावे अन्य सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए मिठाई खिलाई।

बीडीओ श्री राम ने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में काफी महत्व है। पहले प्रखंड व पंचायत स्तर पर बेहतर कोचिंग की व्यवस्था नहीं होती थी। अब हर मुख्यालय स्तर पर बेहतर शिक्षण संस्थान एवं कोचिंग संस्थान की व्यवस्था है। इसका लाभ स्थानीय विद्यार्थियों को मिल रहा है। यह परीक्षाफल में दिख भी रहा है। उन्होंने तमाम सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कोचिंग सेंटर के व्यवस्थापक सुभाष उरांव ने कहा कि निदेशक शशिकांत मिश्रा के साथ वे यहां के बच्चों को तराशने में काफी मेहनत करते हैं। इसका परिणाम है कि बच्चे बेहतर कर रहे हैं। आने वाले दिनों में बच्चों के लिए विशेष कक्षा आयोजित करने की भी योजना बनाई गई। इससे पूर्व कोचिंग के संचालक ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

विद्यार्थियों को सम्मानित करते बीडीओ व अन्य

चंदवा के नए पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने दिया योगदान

चंदवा। लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार जिले में कई पुलिस निरीक्षक व पुलिस अवर निरीक्षकों का थाना बदल किया गया है। मनिका सर्कल इंस्पेक्टर बबलू कुमार को तबादला कर चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी बनाया गया है। बबलू कुमार ने बुधवार को चंदवा थाना में योगदान दिया। इस मौके पर बबलू कुमार ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने के साथ उग्रवाद, अपराध पर लगाम लगाने का प्रयास होगा। इस दौरान उन्होंने चंदवा थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों से शिष्टाचार मुलाकात कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानको की समीक्षा बैठक

स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, स्किल डेवलपमेंट, शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यों की गई बिंदुवार समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग के तहत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना है। इसके लिए जिले के सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है। बैठक में नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा हर माह आकांक्षी जिलों के संबंध में जारी किए जाने वाले आंकड़ों के आधार पर विभागवार चल रहे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गय। बैठक में जिले के विकास से संबंधित निर्धारित विभिन्न प्रक्षेत्र में स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, स्किल डेवलपमेंट, शिक्षा विभाग आदि से संबंधित कार्यों की बिदुवार समीक्षा की गई। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग के सूचक के लक्ष्य प्राप्ति से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि नीति आयोग के द्वारा जो निर्धारित मानक है उसे पूरा करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीए समेत अन्य विभाग को संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले इसको लेकर बेहतर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया। समीक्षाक्रम में नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर उपायुक्त द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदूओं पर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक करते डीसी व अन्य

गरीबों के बीच घर तोड़े जाने के भ्रम को दूर करें डीसी साहब: प्रतुल शाहदेव

लातेहार। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव मंगलवार को देर शाम को लातेहार के पतरातू गांव पहुंचे। वहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने की अपील की। गांव में स्थिति सामान्य हो गई है। कुछ समय पहले इसी गांव में सांप्रदायिक दंगा भड़का था। प्रतुल ने पतरातू में बन रहे स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र के बगल में रहने वाले दर्जनों गरीब परिवार के लोगों ने उन्हें बताया की कर्मचारी बोल रहा है की उनका भी घर को तोड़ा जाएगा। प्रतुल ने डीसी से ट्वीट कर अपील कर कहा की सारे प्रभावित परिवार झारखंड के आदिवासी मूलवासी समुदाय से आते हैं और गरीबी रेखा के नीचे के हैं।

एक नजर में

सप्ताहिक बाजार से बाईक का हुआ चोरी, थाना में दिया आवेदन

लातेहार। लातेहार बाजारटांड़ से मंगलवार को सुपर स्पलेन्डर बाईक जेएच 19बी 7530 को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। उक्त बाईक संतोष ठाकुर पिता सत्यनारायण ठाकुर ग्राम गोवा निवासी का है। इन्होंने थाना में आवेदन देकर बताया कि मंगलवार की शाम करीब छह बजे सप्ताहिक बाजार में अपना बाईक सुपर स्पलेन्डर गाड़ी से आया था। जिसे पुरब पीपल के पेड़ के पास लगाकर सब्जी खरीदने गया और 10 मीनट में अन्दर वापस आया तो देखा कि मेरा गाड़ी नहीं है। काफी खोज-बीन किया लेकिन नहीं मिला। उन्होंने थाना प्रभारी से गाड़ी खोजबीन करने व चोर को गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की है।

मंडल भाजपा कार्यसमिति की बैठक संपन्न

बारियातू। प्रखंड मुख्यालय स्थित मंडल कार्यालय में मंडल भाजपा कार्यसमिति की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंहने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय ओर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। बैठक में मुख्य रूप से तीन बूथ सशक्तिकरण, महा जनसंपर्क अभियान, आजीवन सहयोग निधि पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मौके पर जिला ओबीसी उपाध्याय देवनंदन प्रसाद, अरविंद सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप केशरी, किशोर प्रसाद, रुपेश सिंह, निरंजन राम, रूपेश सिंह, कृष्णा यादव, ब्रजमोहन राम, संतोष साहू, कमल प्रजापति, सकिंदर राम, दुलारचंद पासवान, पवन कुमार, कुलदीप सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

एसपी अंजनी अंजन ने 5 पुनि व 2 पुअनि का किया तबादला

लातेहार। लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार जिले में 5 पुलिस निरीक्षक व 2 पुलिस अवर निरीक्षकों का तबादला किया गया है। जिसमे जिला नियंत्रण कक्ष में पदस्थापित पुनि बबलू कुमार को तबादला कर चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी बनाया गया है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से इन्हें तत्काल प्रभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया था, जिसके बाद उन्होंने गुरुवार को पदभार ले लिया। वहीं अपराध शाखा प्रभारी आशुतोष कुमार को पुनि सह थाना प्रभारी लातेहार, पुलिस केंद्र लातेहार में पदस्थापित पुनि नीलमणि खलखो का तबादला जिला नियंत्रण कक्ष लातेहार, टास्क फोर्स लातेहार में पदस्थापित मदन शर्मा को अपराध शाखा का अतिरिक्त प्रभार मिला है। तीनो पुनि महामहिम राष्ट्रपति आगमन ड्यूटी के उपरांत प्रभार ग्रहण करेंगे।वहीं लातेहार पुनि सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी को लातेहार अंचल में तबादला किया गया है। इसके अलावे लातेहार थाना में पदस्थापित पुअनि धर्मेंद्र कुमार महतो का तबादला चंदवा थाना व चंदवा थाना में पदस्थापित विकाश कुमार शर्मा को नक्सल शाखा प्रभारी बनाया गया है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

लातेहार। 24 मई बुधवार को खलारी प्रखंड कार्यालय सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना अन्तर्गत वीपीआरपी, बाल सभा, महिला सभा एवं केन्द्र द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं को एकीकृत करने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के पहले दिन में सात पंचायतों ने हिस्सा लिया जिसका अध्यक्षता प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अजीत कुमार सिन्हा ने की। इस कार्यक्रम में दिशा से आए हुए मास्टर ट्रेनर मोहित सिन्हा प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड समन्यवक 15वें वित्त आयोग असित कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, कनीय अभियंता दीपांकर कुमार, एसबीएम ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रमोद कुमार जेएसएलपीएस की बीपीएम जय कुमारी, ग्राम पंचायत फैसिलिटेटर के अलावा सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव उपस्थित थे। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत को जीपीडीपी के 9 थीम योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसमें गरीबी मुक्त उन्नत आजीविका गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितेषी, जल प्रयाप्त गांव, स्वच्छ एवं हरा भरा गांव, अन्निर्भर बुनियादी ढांचा वाला गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव, महिला हितेषी वाल गांव। साथ ही इस योजना में से कम से कम एक और ज्यादा से ज्यादा दो योजनाओं की संकल्प लेने के लेकर कहां गया। उस संकल्प से 50 प्रतिशत योजना लेना, बालसभा करना एवं महिला सभा करना है। 50 प्रतिशत योजनाएं जो लिए जाएंगे वह कार्य ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाएंगे। ग्राम सभा से पारित योजनाओं को ईग्राम स्वराज के पोर्टल पर एंट्री 23-24 वित्त वर्ष में कराया जाएगा ।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

लातेहार। खलारी प्रखंड अंतर्गत चूरी मध्य पंचायत भवन में पूर्वाह्न 10:00 बजे से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से शिशु रोग एवं छाती रोग हेतु जांच शिविर लगाया गया। चूरी मध्य पंचायत की मुखिया सुनीता देवी जी के द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर बाल संरक्षण सदस्य उज्वल प्रकाश तिवारी जी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बाल संरक्षण सदस्य उज्वल प्रकाश तिवारी के द्वारा फीता काटकर आयोजन का शुरूआत किया गया। इस शिविर में छाती रोग विशेषज्ञ एवं शिशु रोग विशेषज्ञ के द्वारा कुल 61 व्यक्तियों का जांच किया गया। आयोजन को सफल बनाने हेतु कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी, मुनू शर्मा, राजकुमार उरांव , कृष्णा चौधरी, बसंत कुमार एवं विभागीय पदाधिकारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अजीत कुमार सिन्हा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता ,प्रखंड समन्वयक असित कुमार, पंचायत सचिव पूसा मुंडा और महावीर महतो, रोजगार सेवक सुजीत कुमार के सहयोग से आयोजन को सफल बनाया गया। डॉक्टर के द्वारा लोगो को जागरूक किया गया की स्वांस संबंधी समस्या को अनदेखी नही करना चाहिए समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी डॉक्टरों से जांच कराते रहना चाहिए एवं धूम्रपान से दूरी बनाकर रखना चाहिए।

रैयत विस्थापित मोर्चा ने रोहिणी परियोजना में गेट मीटिंग किया

खलारी। रैयत विस्थापित मोर्चा ने रोहिणी परियोजना में गेट मीटिंग किया।गेट मीटिंग के माध्यम से मोर्चा के एरिया सह सचिव राम लखन गंझू ने परियोजना के कामगारों से 29 मई को बंदी को सफल बनाने के लिए सहयोग करने का अपील किया।राम लखन गंझू ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन ने हमेशा रैयत विस्थापितो को छलने का काम किया है।प्रबंधन ने विस्थापितो को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के नाम पर केवल झूठा आश्वासन देकर अपना काम करता रहा है लेकिन अब विस्थापित प्रबंधन की इस नीति को समझ चुके हैं यही कारण है कि प्रबंधन की विस्थापितो के प्रति गलत नीति के कारण आज खदानों के विस्तारीकरण के लिए कोई भी रैयत विस्थापित अपनी जमीन नही देना चाहते हैं।रोहिणी शाखा सचिव अमृत भोगता ने कहा कि मोर्चा के द्वारा 29 मई को एनके एरिया बंदी का आहवान किया गया है इसलिए कामगारों से अपील की है कि इस बंदी में रैयत विस्थापितो को सहयोग करे ताकि रैयत विस्थापितो को उनका हक अधिकार मिल सके।प्रकाश महतो ,शिवनारायण लोहरा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि प्रबंधन के गलत नीतियों के कारण आज विस्थापितो को उनका हक अधिकार एव मूलभूत सुविधा नही मिल पा रहा है जिसके कारण विस्थापित आज आंदोलन करने को बाध्य हैं। वही मजदूरों ने भी मोर्चा को बंदी में सहयोग करने का भरोसा दिया है। इस मौके पर प्रकाश महतो,प्रभाकर गंझू,शिवनारायण लोहरा,रामधारी गंझू ,कुलदीप प्रसाद, हेमलाल गंझू, रविन्द्र मुंडा,शिवनाथ भोगता सहित काफी संख्या में कामगार मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

पुटकीः धारदार हथियार से युवक की हत्या

पुटकी। कोयलांचल धनबाद की काली धरती एक फिर खून से लाल हो गई है। हत्या की घटना पुटकी थाना क्षेत्र में हुई है । जहां अपराधियों ने सोनू राय नामक एक ऑटो चालक की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। मृतक सोनू राय पुटकी के श्रीनगर का रहने वाला था। इस घटना से परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। परिजों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन बगल के पड़ोसी पर हत्या की आशंका जता रहे हैं। उनका आरोप है कि सोनू राय का बगल के पड़ोसी के साथ होली में विवाद हुआ था तभी आपसी रंजिश की शुरूआत हुई तब से दोनों पक्षों में विवाद होता आ रहा था। सोनू को पहले भी जान से मारने की धमकी मिली थी।

धनबाद जिला पुरुष महिला टीम की घोषणा

धनबाद। धनबाद जिला एथलेटिक्स मीट 12 से 14 मई को डीएवी कोयला नगर में संपन्न हुई थी। इसी के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया है। अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बालक एवं बालिका 18 एवं 20 वर्ष तथा महिला एवं पुरुष खिलाड़ी टीम में शामिल है। जिला एथलेटिक टीम 31 मई को रात्रि 11:00 बजे वनांचल एक्सप्रेस से पाकुड़ के लिए प्रस्थान करेगी। हर खिलाडी को 400/- पंजीयन शुल्क जमा करना होगा। जय राम भगत को टीम का मैनेजर तथा टीम कोच सूरज को बनाया गया है।

सुरक्षा के पहलुओं से अवगत हुए बीएसएल के संविदाकर्मी

बोकारो। बीएसएल के सीजीएम कांफ्रेंस हाल में संविदा कर्मियों को सुरक्षा के विभिन्न आयामों से अवगत कराने हेतु आयोजित कार्यशाला में मुख्य महाप्रबंधक ;मैकेनिकलद्ध वीके सिंहए महाप्रबंधक ;ओजी एवं सीबीआरएसद्ध आरपी ठाकुरए महाप्रबंधक ;कैपिटल रिपेयर .मैकेनिकलद्ध प्रकाश कुमारए महाप्रबंधक ;भारी अनुरक्षण .मैकेनिकलद्ध एसके मंगुआलए महाप्रबंधक ;सामान्य अनुरक्षण.मैकेनिकलद्ध आरके बेहराए महाप्रबंधक ;सीटीएसद्ध एमके लाल तथा डीएसओ पीके पंडा सहित बड़ी संख्या में संविदा कर्मी उपस्थित थे। आरम्भ में पीके पंडा ने सभी का स्वागत किया। कार्यशाला के दौरान वक्ताओं द्वारा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे ऊंचाई पर कार्यए सड़क सुरक्षाए आरसीए बीआईपी की जानकारी दी गई।

कार्यालय में हिंदी के उपयोग पर चर्चा

बोकारो। बीएसएल के सुरक्षा विभाग में महाप्रबंधक ;सुरक्षाद्ध सुनील कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन तथा प्रतिभागियों एवं अतिथियों का स्वागत राजभाषा विभाग के अधिकारी शशांक शेखर ने किया। कार्यशाला के दौरान शशांक शेखर ने राजभाषा सम्बंधित नियमोंए अधिनियमों तथा यूनिकोड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में राजभाषा हिन्दी से सम्बंधित एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक आर शर्मा ने किया।

मदर टेरेसा, सिंदरी के 97 बच्चों को प्रथम श्रेणी

सिंदरी। झारखंड एकेडमिक काउंसिल बोर्ड द्वारा मंगलवार को जारी दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में मदर टेरेसा स्कूल सिंदरी के 97 प्रतिशत बच्चों ने दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मदर टेरेसा स्कूल के प्रधानाध्यापक राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि 238 छात्र छात्राओं ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा दी थी। इनमें 230 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान बनाया है। वहीं विद्यालय का परीक्षा परिणाम लगभग शतप्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि मात्र 7 बच्चों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। रुद्र तिवारी ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर देबाशीष महतो व आनंद राज ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

टासरा प्रोजेक्ट में छठे दिन भी कोयला डिस्पैच ठप

सेल को पांच करोड़ का हो चुका है नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। सेल की महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट टासरा प्रोजेक्ट में छः दिनों से ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ता बंद करने को लेकर चक्का जाम व आंदोलन जारी रखा। इसके कारण कोयले का उत्पादन और डिस्पैच छठे दिन भी ठप रहा। इससे सेल प्रबंधन को लगभग पाँच करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ा। टासरा प्रोजेक्ट के उपमहाप्रबंधक उपेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि सेल प्रबंधन बुधवार को धनबाद उपायुक्त को पत्र देकर इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। प्रबंधन ने प्रोजेक्ट से लगातार हो रही कोयले की चोरी को रोकने के लिए 18 मार्च को रात में प्रोजेक्ट के सार्वजनिक रास्ते पर बोल्डर गिराकर रास्ता बंद कर दिया था। इससे ग्रामीण आक्रोशित होकर प्रोजेक्ट में चक्का जाम व आंदोलन शुरू कर दिए हैं। ग्रामीणों में रैयत अनिल सिंह ने बताया कि सेल प्रबंधन ने टासरा प्रोजेक्ट का एकमुश्त जमीन अधिग्रहण नही किया है। इसलिए सेल प्रबंधन के पास प्रोजेक्ट के लिए अपना रास्ता नहीं है। प्रबंधन सार्वजनिक रास्ते को बंद नही कर सकता है। टासरा प्रबंधन और ग्रामीणों में गतिरोध कायम है।

उप महाप्रबंधक ने बताया कि प्रोजेक्ट में सक्रिय कोयला तस्करों के इशारे पर ग्रामीण रास्ता बंदी का विरोध कर रहे हैं। सेल प्रबंधन ने सबसे बडे कोयला तस्कर के रुप में यादव बंधुओं को चिन्हित किया है और आधे दर्जन मुकदमा दर्ज किया गया है।

त्रिपक्षीय वार्ता में श्रम अधीक्षक ने छह बिंदुओं पर कराया समझौता

धनबाद। बुधवार को सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय में श्रम अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार ने महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति धनबाद क्षेत्र, मैसर्स प्रमोद कुमार पंडित लालपनिया बोकारो एवं मानव दिवस कर्मियों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन कर छह बिंदुओं पर समझौता कराया। इसमें मुख्य नियोजक अधिक्षण अभियंता के प्रतिनिधि के रूप में लेखा पदाधिकारी, संवेदक मेसर्स प्रमोद कुमार पंडित के प्रतिनिधि एवं मानव दिवस कर्मियो के प्रतिनिधि मौजूद थे। समझौता वार्ता में मुख्य नियोजक अधिक्षण अभियंता के प्रतिनिधि लेखा पदाधिकारी, संवेदक मेसर्स प्रमोद कुमार पंडित के प्रतिनिधि ने कहा कि सभी मानव दिवस कर्मियों का माह दिसम्बर 2021, जनवरी 2022 एवं फरवरी 2022 का बकाया प्रोविडेंट फंड का भुगतान 30 मई 2023 तक निश्चित रूप से जमा करेंगे। वहीं मुख्य नियोजक, अधिक्षण अभियंता के लेखा पदाधिकारी ने कहा कर्मियों का माह मार्च 2023 का बकाया वेतन का भुगतान 30 मई 2023 तक संवेदक मेसर्स प्रमोद कुमार पंडित को उपलब्ध करा देंगे।

दामोदर की स्वच्छता किसी वरदान से कम नहीं : डॉ रतन

बोकारो। दामोदर बचाओ आंदोलन बोकारो जिला अंतर्गत तेलमच्चो तट केंद्र की पंचायत भवन पुपुनकी में केंद्र संयोजक डॉण रतन केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में डॉण केजरीवाल ने कहा कि 2004 से प्रारंभ दामोदर बचाओ अभियान के प्रति आमजन में जागरूकता आई और आज दामोदर में अब मछलियों का प्रजनन शुरू हो गया है। आमजन के सहयोग से दामोदर की स्वच्छता एक वरदान साबित हो रही है। जिला संयोजक सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि दामोदर के अभियान को सफल बनाने के बाद जन जागरूकता लाकर दामोदर की सहायक नदियों को स्वच्छ करने का अभियान भी शुरू किया जा रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि गंगा दशहरा के दिन दामोदर के उद्गम स्थल चूल्हा पानी से संगम स्थल पंचेत तक 41 स्थलों पर नद पूजन का कार्यक्रम आयोजित हैए उनमें से 23 स्थलों पर बोकारो जिला में दामोदर नद महोत्सव का आयोजन है। बैठक में संतोष कुमार केवट पुपनकी मुखिया प्रतिनिधिए सोमनाथ शेखर मिश्राए जयप्रकाश केवटए माधव दासए प्रभात कुमारए राजेश गोप आदि ने भी अपने अपने विचार रखे।

शिक्षकों ने काला बिल्ला लगा किया विरोध

गर्मी छुट्टी में कटौती पर आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। सिंदरी कॉलेज के शिक्षकों ने बुधवार को जारी गर्मी की छुट्टी में दस दिनों कटौती को लेकर काला बिल्ला लगाकर काम करते हुए विरोध जताया। इसकी जानकारी देते हुए सिंदरी कॉलेज प्राचार्य कमलाकांत पाठक ने बताया कि विश्वविद्यालय कुलपति सह राज्यपाल के आदेश के बाद विश्वविद्यालय ने आदेश जारी किया है। इसमें पूर्व से निर्धारित गर्मी की तीस दिनों की छुट्टी में दस दिनों की कटौती की गई है। विगत 22 मई से 20 जून तक निर्धारित गर्मी छुट्टी में कटौती कर इसे 01 जून से 20 जून तक किया गया है। शिक्षकों ने आपत्ति जताई है कि छुट्टियों में कटौती का अधिकार देश के अन्य विश्वविद्यालयों की तरह विश्वविद्यालय के पास होना चाहिए। शिक्षक वोकेशनल स्टाफ की श्रेणी में आते हैं। उन्हें सीएल और इएल का लाभ नहीं मिलता है। उसपर छुट्टियों में कटौती कहीं से तर्कसंगत नहीं है। काला बिल्ला लगाकर काम करने वाले शिक्षकों में मुख्य रूप से प्राचार्य कमलाकांत पाठक, भौतिकी विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो अनिल आशुतोष, बांग्ला भाषा विभागाध्यक्ष डॉ शर्मिष्ठा आचार्या, गोरखनाथ दूबे, विशु मेघनानी, अनुराधा दास, सुरेंद्र कुमार, शनत कुमार, एम ए मल्लिक, आर एन विश्वकर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, ममता कुमारी, राजेश गुप्ता सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

डीपीएस बोकारो के शुभम को यूपीएससी में 41वां रैंक

बधाइयों का तांता

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। डीपीएस बोकारो के छात्र शुभम ने संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा में देशभर में 41वां रैंक हासिल किया। वर्ष 2018 बैच के विद्यार्थी शुभम की इस सफलता पर डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉण एएस गंगवार ने कहा कि यह न केवल शुभम और डीपीएस बोकारो की बल्कि पूरे जिले और झारखंड के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने शुभम को उनकी इस कामयाबी के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बिहार के मधुबनी जिले के खुटौना ग्राम निवासी दिनेश कुमार के पुत्र शुभम ने डीपीएस बोकारो से प्रथम श्रेणी में सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा पास की थी। वर्तमान में दिल्ली में रहकर वह यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। शुभम ने बताया कि डीपीएस के शैक्षणिक वातावरण और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन ने उनके सफलता के पथ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

विधायक पूर्णिमा की पहल पर 25 साल बाद लगा विद्युत पोल

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। विधायक सह सचेतक (सत्तारूढ़ दल) श्री मति पूर्णिमा नीरज सिंह के पहल पर झरिया के आशा बिहार कालोनी, लिलोरी पत्थरा, बालू गद्दा में विद्युत पोल लगाने का काम शुरू किया गया । जिससे स्थानीय लोगों ने विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के प्रति आभार जताया। स्थानीय लोगों ने समस्या की जानकारी विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को दी। लोगों ने बताया कि विगत 25 वर्षों से उक्त क्षेत्र में विद्युत पोल नहीं लगा हुआ है। ग्रामीणों बताया कि दुर दराज से किसी तरह बांस के सहारे विद्युत तार ला कर विद्युत संयोग बहाल किया है। जोकि आये दिहैं। खतरा को आमंत्रित करता है। समस्या सुनकर विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने गंभीरता से लेते हुए महाप्रबंधक विद्युत से वार्ता कर तत्काल उक्त स्थान पर विद्युत पोल लगाने की मांग की। जिसके बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उक्त क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करते हुए बीस पोल लगाने का चयन किया । जिसके आधार पर आज विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, सूरज सिंह सहित स्थानीय लोगों की उपस्थिति में पोल लगाने का काम शुरू हुआ । विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने उक्त स्थान पर रहने वाले लोगों को आभार जताते हुए समस्या का देने के लिए । उन्होने कहाकि आम जन समस्या की जानकारी दे समाधान कराने का प्रयास होगा।

पिता-पुत्र की बरसी पर दी गयी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद अनूप साव, पिनाकी रॉय, बिनोद साव, करीना बानो अशरफ अहमद मनु साव पंकज कुमार, रानी कुमारी, अनमौल कुमार, लक्ष्मी कुमारी, रानी कुमारी, चाहत कुमारी, दीपशिखा कुमारी, छोटू कुमार, अभिषेक कुमार, संजना कुमारी, अंजनी कुमारी, रागिनी कुमारी समेत अनेक लोगों और बच्चें उपस्थित थे।

झरिया। इंद्रचौक झरिया के पास 24 मई 2017 को जमींदोज हुए पिता-पुत्र बबलू खान और रहीम की याद में झरिया के लोगों ने 'सुरक्षित कोयलांचल दिवस' मनाया। सुरक्षित कोयलांचल कि उम्मीद जताई। और बबलू एवं रहीम की याद में 1 मिनट का मौन रखा। सामाजिक कार्यकर्ता पिनाकी रॉय और पूर्व पार्षद अनूप साव के नेतृत्व में स्थानीय लोगों के एक समूह ने उस फुलारीबाग में, दुर्घटना स्थल के सामने उनकी तस्वीर पर फूलों के साथ बबलू खान और रहीम खान को श्रद्धांजलि दी। तसबीर पर माला दी गई, अगरवत्ती जलाई गई। बच्चों ने 'झरिया कोलफील्ड्स- सुरक्षित करे' सुरक्षित करे' नारों दिए , प्लाकार्ड्स के साथ में प्रदर्शन किया। असगर खान (बबलू खान के बड़े भाई) के साथ कई स्थानीय लोगों ने उनकी तस्वीर पर माला पहनाई। कोई लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस संबंध में पूर्व पार्षद अनूप साव कहते हैं, पूर्व में हुए बालू घोटाले का परिणाम स्वरूप बबलू और रहीम की जान चली गई वर्तमान में ₹बीसीसीएल द्वारा निगरानी की कमी और लापरवाह खनन के कारण कोयला क्षेत्रों में ऐसी घातक दुर्घटनाएं होती हैं। लोगों को सुरक्षा की जरूरत है।

पुण्यतिथि पर याद किये गये राजेंद्र प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। अमलो असंगठित ने बुधवार को अमलो चेकपोस्ट स्थित इंटक कार्यालय में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह इंटक के राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र प्रसाद सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई। यहां उपस्थित असंगठित नेता और कार्यकताओं ने पूर्व मंत्री सिंह के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। पार्टी नेताओं व कार्यकताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। यहां असंगठित इंटक बोकारो जिला अध्यक्ष सह कांग्रेस कमिटि जिला उपाध्यक्ष परवेज अख्तर और असंगठित बेरमो प्रखंड अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि पूर्व मंत्री सिंह कोयला मजदूरों के सर्वमान्य नेता थे। वह कोयला मजदूरों को अधिकार दिलाने के प्रति सदैव तत्पर रहते थे। साथ हीए कोयला मजदूरों के साथ.साथ बेरमो विधानसभा जनता की समस्याओं के प्रति हमेशा गंभीर रहते थे। इन्होंने अपने विधायकी काल में बेरमो विधानसभा क्षेत्र में जनहित में विकास कार्यो को धरातल पर उतारने के काम किए। इस अवसर पर रामाशीष सावए मनोज सिंहए भागीरथ पांडेय श्सरयू केवटश विष्णु सावए बिरजू चौहान श्टारजन मुंडाश गंगा देवीए पार्वती देवीए अनारकलीए रामकली ए बिजेंद्र सिंहए सोनिया देवी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

महुदा : यौन शोषण और बाल विवाह के खिलाफ कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

महुदा। बाल विवाह मुक्त भारत, बाल तस्करी, बाल मजदूरी एवं बाल यौन शौषण के खिलाफ बाल विवाह मुक्त भारत, बाल तस्करी, बाल मजदूरी एवं बाल यौन शौषण के खिलाफ बाल विवाह मुक्त भारत, बाल तस्करी, बाल मजदूरी एवं बाल यौन शौषण के खिलाफ झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से धनबाद जिला में सघन जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। इस अभियान को सफलतापूर्वक मंजिल तक पहुंचाने हेतु बुधवार को लौहपिटी पंचायत के लौहपिटी बस्ती आंगनबाड़ी केंद्र 1मे बैठक मुखिया सुनीता देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन फिल्ड मॉबलाइजर मुमताज अंसारी एवं धन्यवाद ज्ञापन सहिया आशा देवी ने किया। उक्त विषय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी ने बताया कि नॉवेल शान्ति पुरस्कार विजेता आदरणीय कैलाश सत्यार्थी के नेतृत्व में विश्व भर में बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल मजदूरी एवं बाल यौन शोषण के खिलाफ सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा।

संत रामपाल जी महाराज के शिष्यों ने निकाली शोभा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

इन आश्रम से भक्त होंगे शामिल

सतलोक आश्रम मुंडका (दिल्ली), सतलोक आश्रम रोहतक (हरियाणा), सतलोक आश्रम कुरुक्षेत्र (हरियाणा), सतलोक आश्रम भिवानी (हरियाणा), सतलोक आश्रम धूरी (पंजाब), सतलोक आश्रम खमाणों (पंजाब), सतलोक आश्रम सोजत (राजस्थान), सतलोक आश्रम शामली (उत्तर प्रदेश), सतलोक आश्रम बैतूल (मध्यप्रदेश), सतलोक आश्रम जनकपुर (नेपाल) शामिल है। संत रामपाल जी महाराज जी के आश्रमों में इस तरह के जन कल्याण कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया जाता रहा है।

निचितपुर। ईस्ट बसुरिया के बड़की बौआ स्थित संत रामपाल जी महाराज के आश्रम से संत रामपाल जी महाराज के प्रकट दिवस के अवसर पर आयोजित वीशाल कार्यक्रम का निमंत्रण देने के उद्देश्य से वीशाल शोभा यात्रा निकाली गई। बड़की बौआ से शोभा यात्रा रंगुनी पंचायत होते हुए भुली आम बगान , बी ब्लॉक होते हुए अम्बेडकर चौक , अटल स्मृति चौक से होते हुए झारखंड मोड तक शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त संत साहब का झंडा हाथों में लिए हुए थे। मौके पर शहर वासियों को 10 सतलोक आश्रमों में कबीर साहेब जी के प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में होने जा रहे विश्वस्तरीय विशाल सत्संग, धार्मिक भंडारे, विशाल रक्त दान शिविर, बड़े पैमाने पर दहेजरहित अंतजार्तीय विवाह कार्यक्रम का आयोजन को लेकर आमंत्रित किया गया। 4 जून 2023 को कबीर साहेब जी का प्रकट दिवस है जिसके उपलक्ष्य में संत रामपाल जी महाराज के द्वारा 2, 3 और 4 जून 2023 को विश्वस्तरीय निःशुल्क विशाल धार्मिक भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारे का आयोजन 11 सतलोक आश्रम में किया जाएगा जिसमें भारत के 10 सतलोक आश्रम एवं नेपाल के एक आश्रम शामिल हैं।

मंदिर प्राणप्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा

धनबाद। धनसार के अनुग्रहनगर स्थित हनुमान मंदिर में 3 दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ 24 मई को कलशयात्रा के साथ हुआ। गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलशयात्रा में शामिल महिलाएं व किशोरी कन्याएं माथे पर कलश लेकर बस्ताकोला शिव मंदिर तालाब पहुंचीं । वहां मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया और महिलाएं जयकारा लगाते हुए कलश लेकर मंदिर प्रांगण पहुंचीं. पंडित अंबरीक पाठक के निर्देशन में वेदी पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू हुए । 25 मई को अखंड पाठ के बाद भंडारा में भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा । 26 मई को भक्ति जागरण का कार्यक्रम रखा गया है. आयोजन को सफल बनाने में नवयुवक महाभारत दल के अध्यक्ष विजय चौहान, उपाध्यक्ष रामचंद्र विश्वकर्मा, सचिव मनोज चौहान, कोषाध्यक्ष दीपक समेत कमेटी के सभी सदस्य जुटे हुए हैं ।

एक नजर में

बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन आज

कतरास। बुधवार को श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में डी.वी.सी. और बिजली विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है। डी.वी.सी. और बिजली विभाग बकाए और मेनटेन के नाम पर बिजली कटौती कर कोयलांचल के लोगों के साथ अन्याय कर रहा है। बिजली के बिना जलापूर्ति बाधित हो रही है। लोग परेशान हैं ।आम लोगों की परेशानियों को देखते हुए जदयू पार्टी डी.वी.सी. और बिजली विभाग का विरोध करती है। विरोध की पहली कड़ी में कतरास (श्यामडीह मोड़), टुंडी, बाघमारा और तोपचांची (गोमो) में डी.वी.सी. और बिजली विभाग का पुतला दहन दिनांक -25/05/2023 को किया जाएगा, जिसमें सभी जगह पार्टी के कार्यकता के साथ काफी संख्या में आम लोग उपस्थित होंगे।

भाजपा झरिया नगर कार्यसमिति की बैठक

धनबाद। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी झरिया नगर की कार्यसमिति बैठक भाजपा के झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव की अध्यक्षता में झरिया अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न हुई। जहा इस बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।इस दौरान मुख्य रूप से धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, भाजपा धनबाद महानगर जिलाअध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, उमेश यादव, भाजपा जिला महामंत्री नितिन भट्ट, श्रवण कुमार राय, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह,चंद्रवंशी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राज कुमार अग्रवाल समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

भाजपा चिरकुंडा मंडल कार्यसमिति की बैठक

चिरकुंडा। चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 11 स्थित वार्ड भवन में भाजपा चिरकुंडा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से विधायक अपर्णा सेन गुप्ता मौजुद थी।
बैठक में कहा गया कि केंद्र से लेकर राज्य एवं जिला मंडल बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार के द्वारा आम जनता के लिए चलाए जा रहे जन उपयोगी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए चिरकुंडा मंडल अंतर्गत एक कमेटी बनाई गई है जिस कमेटी का संयोजक पूर्व नगर अध्यक्ष डब्लू बाउरी को कार्यक्रम का संयोजक एवं सहसंयोजक भाजपा नेता अरविंद सिन्हा तथा कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी भाजपा युवा नेता अभिमन्यु कुमार को बनाया गया है। जिन्हें सफलतापूर्वक कार्यक्रम करने के लिए निरसा की विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अपर्णा सेनगुप्ता ने बुके देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

तालतला मंदिर सिंदरी का 9वां स्थापना दिवस मना

सिंदरी । तालतला काली मंदिर सिंदरी में बुधवार को 9 वाँ स्थापना दिवस माँ काली की पूजन, आरती व हवन के साथ विधिपूर्वक संपन्न हुआ। लोगों ने माँ महाकाली की पूजा के बाद महाभोग का प्रसाद ग्रहण किया। तालतला मंदिर अध्यक्ष सह पूर्व भाजपा सिंदरी नगर अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि वेदमंत्रों के साथ बुधवार की सुबह से मंदिर के दोनों पुजारियों श्यामल मुखर्जी व विमल मुखर्जी ने पूजा संपन्न कराया। पूजा के मुख्य यजमान भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष अरविंद खत्री व उनकी धर्मपत्नी रहीं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1952 से तालतला स्थल पर माँ महाकाली की पूजा होते आ रही है। मंदिर निर्माण व मूर्ति की स्थापना वर्ष 2014 में की गई थी। इस स्थल पर यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन वर्ष 2019 में पश्चिम बंगाल से आए बाबा तपन भारती खंडेश्वरी द्वारा किया गया था। स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष विजय सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह व विनोद कुमार, संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष कुंदन वर्मा, शंभू श्रीवास्तव, कन्हैया श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह, दिवेन्दु जी सहित कई भक्तगण शामिल रहे।

तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू

चिरकुंडा। चिरकुंडा-पंचेत रोड तीन नं चढ़ाई स्थित आनंदमयी मां तारा चण्डी मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ बुधवार को विशाल कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा में 251 महिलाएं कलश लेकर कतारबद्ध होकर मंदिर प्रांगन से निकली व चिरकुंडा नीचे बाजार होते हुए बराकर नदी में जल भरकर वापस मंदिर पहुंची। अनुष्ठान को सफल बनाने में आनंदो गोराई,मुख्य पूजारी जयदेव चटर्जी,अजीत सिंह,छोटे लाल साहू,किशोर साव,संजय शर्मा,असीम गोराई,राजू बर्मण,गीरधारी लाल गोराई,संजय गोराई,सुरेश प्रसाद,आशीष गोराई आदि जोर शोर से लगे हुए हैं। वहीं कलश यात्रा के वापसी आगमन पर मानव सेवा परिवार नारायणी परिवार द्वारा काली मंदिर में भक्तों को ठंडा शरबत पिलाया गया इसमें मंजू अग्रवाल, सरिता अग्रवाल आदि थे।

बीएसएल में अधिकारियों व कर्मियों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण शुरू

बोकारो। बीएसएल के एचआरडी सेंटर में संयंत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मियों के लिए मेसर्स सीमेंस लिमिटेड के सहयोग से प्रारम्भ सिमेटिक विनसीसी वी 7 एक्स बेसिक पांच दिवसीय प्रशिक्षण के उद्घाटन कार्यक्रम में सीजीएम ;विद्युतद्ध देवाशीष सरकारए जीएम ; एचआरडीद्ध देवा श्री रानी टोप्पोए सीमेंस लिमिटेड के एवी संतोष राव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

केरल में परिवार के 5 लोगों के शव मिले

कन्नूर (केरल)। केरल के कन्नूर जिले के चेरुपुझा में बुधवार को सुबह एक मकान में तीन बच्चों सहित एक परिवार के पांच सदस्य मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हत्या-आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है जहां पिछले सप्ताह शादी करने वाले जोड़े ने बच्चों की हत्या की और फिर खुद को फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि बच्चे सीढ़ियों से और दंपति घर की छत के पंखे से लटके पाए गए। उन्होंने बताया कि महिला के तीन बच्चे उसकी पहली शादी से थे। घटना 23-24 मई की दरम्यानी रात को हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इलाके के लोगों ने आज सुबह पुलिस को घटना की सूचना दी।

अमेरिका में तूफान से दो लोगों की मौत

ह्यूस्टन। अमेरिका में टेक्सास प्रांत के कोनरो में शक्तिशाली तूफान के कारण एक निमार्णाधीन घर के ढह जाने से दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि शक्तिशाली तूफान और बारिश के दौरान ओले पड़े तथा 10 से 15 मिनट तक बहुत तेज बारिश हुई। कोनरो सहायक अग्निशमन प्रमुख माइक लेगौडेस जूनियर ने बताया कि दो लोगों की घटनास्थल पर ही दो मौत हो गई और सात घायल हुए।

नीति आयोग की बैठक में नहीं जायेंगी ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 27 मई को नयी दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। राज्य सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक दिन पहले ही तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष बनर्जी ने घोषणा की थी कि वह नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करेंगी।

सिसोदिया ने अंतरिम बेल अर्जी वापस ली

नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामलों में अपनी अंतरिम जमानत याचिका बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से वापस ले ली और कहा कि उनकी पत्नी की हालत अब स्थिर है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सिसोदिया को अंतरिम जमानत अर्जी वापस लेने की अनुमति दी।

बिश्नोई गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक कथित सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी योगेश दिल्ली में हत्या के प्रयास के एक मामले में अंतरिम जमानत पर जेल से निकलने के बाद तीन साल से फरार था।

मंत्रियों को विभाग जल्द सौंपे जाएंगे: सिद्धरमैया

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि उनके मंत्रियों को विभाग जल्द ही सौंपे जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा में मंत्रियों को विभाग नहीं सौंपे जाने का मुद्दा उठाया था। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मंत्रियों को विभागों के बंटवारे में देरी के संबंध में प्रश्न किया था जिसपर मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री को सदन में आश्वासन दिया कि यह काम जल्द ही होगा।

पाक के पूर्व सेना प्रमुख की पोती गिरफ्तार

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख आसिफ नवाज जांजुआ की रिश्तेदार को नौ मई को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद यहां कोर कमांडर हाउस पर हुए हमले के लिए उकसाने वाले प्रमुख व्यक्ति के तौर पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस नेयह जानकारी दी।

नये संसद भवन में ऐतिहासिक सेंगोल भी होगा स्थापित

उद्घाटन के लिए सभी राजनीतिक दलों को किया गया आमंत्रित : शाह

एजेंसी

- 28 मई को संसद भवन के निर्माण में योगदान देने वाले 60,000 श्रमिकों को सम्मानित भी करेंगे मोदी
- 1947 में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अंग्रेजों से सत्ता के हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर प्राप्त किया था सेंगोल

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि 28 मई को संसद के नए भवन के उद्घाटन के लिए सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है और वे अपने विवेक के अनुसार फैसला करेंगे। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब 19 विपक्षी दल इस कार्यक्रम के बहिष्कार की घोषणा कर चुके हैं।

एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत द्वारा भारत को सत्ता हस्तांतरित करने के प्रतीक स्वरूप प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को दिए गए ऐतिहासिक सेंगोल को नए संसद भवन में स्थापित किया जाएगा। सेंगोल अभी इलाहाबाद के एक संग्रहालय में है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को राजनीति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा 28 मई को निर्धारित उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर विपक्षी दलों के बहिष्कार के फैसले के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि भारत सरकार ने सभी को उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया है। सभी अपने विवेक के अनुसार कार्य करेंगे।

कुछ विपक्षी दलों ने समारोह के बहिष्कार की घोषणा की क्योंकि उनका कहना था कि यह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि सेंगोल को राजनीति से नहीं जोड़ा जा सकता। सेंगोल यह संदेश देता है कि सरकार को न्याय और निष्पक्षता से चलना चाहिए और वह नियम आधारित होना चाहिए। जब यह नए संसद भवन में स्थापित होगा तो यह संदेश लोगों और जनप्रतिनिधियों तक जाएगा। उन्होंने कहा कि यही असली उद्देश्य है। इसे राजनीति से न जोड़ें। यह पुरानी परंपरा है जो नए भारत से जुड़ने जा रही है। राजनीति की अपनी जगह है। हर कोई अपने विवेक से काम करता है। गृह मंत्री ने कहा कि नया संसद भवन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता का उदाहरण है।

लोकसभा में अध्यक्ष के आसन के पास सेंगोल को प्रमुखता से लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री संसद भवन के निर्माण में योगदान देने वाले 60,000 श्रमिकों को सम्मानित भी करेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि नया संसद भवन देश की विरासत और परंपराओं के साथ आधुनिकता को जोड़ने वाला नया भारत बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का प्रमाण है। शाह ने कहा कि सेंगोल स्थापित करने का उद्देश्य तब भी स्पष्ट था और अब भी है। उन्होंने कहा कि सत्ता का हस्तांतरण महज हाथ मिलाना या किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करना नहीं है और इसे आधुनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय परंपराओं से जुड़ा रहना चाहिए। सेंगोल का इस्तेमाल 14 अगस्त, 1947 को अंग्रेजों से भारतीय हाथों में सत्ता हस्तांतरित करने के लिए किया गया था और इसे तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने राजेंद्र प्रसाद और कई अन्य लोगों की उपस्थिति में स्वीकार किया था। राजेंद्र प्रसाद बाद में देश के पहले राष्ट्रपति बने थे।

इस मौके पर शाह के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी भी मौजूद थे।

सेंगोल शब्द का अर्थ नीतिपरायणता

सेंगोल शब्द तमिल शब्द सेम्मई से लिया गया है, जिसका अर्थ है नीतिपरायणता। न्याय के प्रेक्षक के रूप में, अपनी अटल दृष्टि के साथ देखते हुए हाथ से उत्कीर्ण नंदी सेंगोल के शीर्ष पर विराजमान हैं। सेंगोल को ग्रहण करने वाले व्यक्ति को न्यायपूर्ण और निष्पक्ष रूप से शासन करने का आदेश (तमिल में आणई) होता है।उन्होंने कहा कि सेंगोल आज भी उसी भावना का प्रतिनिधित्व करता है जो जवाहरलाल नेहरू ने 14 अगस्त 1947 में महसूस की थी।



नयी दिल्ली में बुधवार नया संसद भवन रोशनी से हुआ जगमग।

भारत औऑस्ट्रेलिया के संबंध अब टी-20 मोड में

क्रिकेट वर्ल्ड कप देखने के लिए अल्बनीज और प्रशंसक भारत आएं : मोदी

एजेंसी

- अल्बनीज बोले-भारतीय समुदाय के योगदान से ऑस्ट्रेलिया का एक बेहतर स्थान है

सिडनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तेजी से बढ़ते संबंधों का वर्णन करने के लिए क्रिकेट की उपमा का इस्तेमाल करते हुए बुधवार को कहा कि ये अब टी-20 मोड में प्रवेश कर चुके हैं। मोदी ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह टिप्पणी की।

उन्होंने इस साल के अंत में भारत में होने वाली क्रिकेट विश्व कप प्रतियोगिता के लिए अल्बनीज और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रशंसकों को भारत भी आमंत्रित किया। मोदी ने कहा कि मैं अपने मित्र प्रधानमंत्री अल्बनीज की भारत यात्रा के दो महीने के भीतर ऑस्ट्रेलिया आया हूं। पिछले एक साल में यह हमारी छठी मुलाकात है। यह हमारे व्यापक संबंधों की गहराई, हमारे विचारों में तालमेल तथा हमारे सहयोग की परिपक्वता को दर्शाता है। उन्होंने अल्बनीज की मौजूदगी में कहा कि अगर क्रिकेट की भाषा में मैं कहूं, तो हमारे संबंध टी-20 मोड में आ गए हैं। अल्बनीज ने भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मार्च में भारत की यात्रा की थी।

मोदी ने कहा कि मैं इस साल क्रिकेट विश्व कप के लिए प्रधानमंत्री अल्बनीज और सभी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रशंसकों को भारत आने के लिए आमंत्रित कर रहा हूं। उस समय क्रिकेट के साथ-साथ आपको दीपावली का भव्य उत्सव भी देखने को मिलेगा। उन्होंने क्षेत्र के लिए भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। मोदी ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध केवल हमारे दोनों देशों तक सीमित नहीं है। ये क्षेत्रीय स्थिरता, शांति और वैश्विक कल्याण से भी जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की भारतीय परंपरा, जो पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में देखती है, भारत की जी-20 अध्यक्षता का केंद्रीय विषय है। प्रधानमंत्री ने अल्बनीज के साथ अपनी बैठक को रचनात्मक बताया। पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच संबंधों में तेजी से सुधार हुआ है। अल्बनीज ने भी दोनों देशों के बीच लगातार गहरे होते रिश्तों पर बात की।

अल्बनीज ने कहा कि भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के योगदान के कारण ऑस्ट्रेलिया एक बेहतर स्थान है और हम अपने देशों के बीच अधिक गहरे संबंध देखना चाहते हैं।

लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष जोशी की हालत नाजुक

मुंबई। लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे मनोहर जोशी की हालत नाजुक बनी हुई है और वह अब भी बेहोशी की हालत में हैं। अस्पताल ने यह जानकारी दी। जोशी को ब्रेन हैमरेज होने पर दो दिन पहले यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके बेटे उन्मेश जोशी ने बताया कि उनके पिता अभी भी बेहोश हैं। शिवसेना के वरिष्ठ नेता मनोहर जोशी (85) को अर्ध बेहोशी की हालत में पी डी हिंदुजा अस्पताल में सोमवार को भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने बताया कि जोशी की हालत नाजुक बनी हुई है और अर्ध-बेहोशी की हालत में हैं। वह आईसीयू में हैं, और उनकी स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। इसमें कहा गया है कि जोशी को 22 मई को अर्ध-बेहोशी की स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे मंगलवार को उनका हालचाल पूछने अस्पताल आए थे। गौरतलब है कि मार्च 1995 में शिवसेना और भाजपा के गठबंधन के सत्ता में आने के बाद जोशी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने थे। महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने वाले वह शिवसेना के पहले नेता हैं। वह 1966 में शिवसेना के गठन के वक्त से इस पार्टी से जुड़े रहे हैं।

संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करेगी 19 पार्टियां

नयी दिल्ली। विपक्ष के 19 दलों ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में संसदीय लोकतंत्र पर कुठाराघात हुआ है और नये भवन के निर्माण में विपक्षी दलों के साथ कोई सलाह मशविरा तक नहीं किया गया इसलिए समान विचारधारा वाले दलों ने नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह का सामूहिक रूप से बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों ने बुधवार को यहां संयुक्त वक्तव्य में कहा कि नये संसद भवन का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर है। विपक्ष मानता है कि मोदी सरकार लोकतंत्र के लिए खतरनाक स्थिति पैदा कर रही है। इस सरकार ने निरंकुश तरीके से नये संसद का निर्माण किया है इसके बावजूद विपक्ष उद्घाटन समारोह के अवसर पर मतभेदों को भुलाने को तैयार था। सरकार ने नये संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पूरी तरह से दरकिनार कर नये भवन का उद्घाटन श्री मोदी से कराने का निर्णय लिया है और यह हमारी लोकतांत्रिक परंपरा पर सीधा हमला है। विपक्षी दलों ने कहा कि नया संसद भवन महामारी के दौर में बड़ा खर्च कर बनाया गया है। इसमें भारत के लोगों या सांसदों से कोई परामर्श नहीं लिया गया है। जब लोकतंत्र की आत्मा को संसद से निष्कासित कर दिया गया है, तो हमें नयी इमारत में कोई मूल्य नहीं दिखता इसलिए हम नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने के अपने सामूहिक निर्णय की घोषणा करते हैं। हम इस निरंकुश प्रधानमंत्री और उनकी सरकार के खिलाफ शब्दों और भावनाओं में लड़ना जारी रखेंगे और अपना संदेश सीधे लोगों तक ले जाएंगे। बयान में लिखा है कि संविधान के अनुच्छेद 79 के अनुसार संघ के लिए एक संसद होगी जिसमें राष्ट्रपति और दो सदन होंगे जिन्हें क्रमशः राज्यों की परिषद और लोगों की सभा के रूप में जाना जाएगा।

बीजद लेगा हिस्सा

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजद ने नए संसद भवन के उद्घाटन के ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित का कार्यक्रम में भाग लेने की बुधवार को घोषणा की और कहा कि राष्ट्रपति तथा संसद जैसी संस्था को किसी ऐसे विवाद से अलग रखना चाहिए जिससे उनके गरिमा और सम्मान पर प्रभाव पड़ता हो।

शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी पर ब्रेक

निवेशकों को लगा 32 हजार करोड़ का चूना

सेंसेक्स 208 अंक लुढ़का और निफ्टी 63 अंक गोता लगाया

मुंबई। लगातार तीन कारोबारी दिनों से घरेलू शेयर बाजार में जारी तेजी का सिलसिला बुधवार को थम गया। शेयर बाजार कमजोरी के साथ खुला था। दिन के पहले सत्र के कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से बाजार में तेजी भी आई। लेकिन दिन के दूसरे सत्र के कारोबार के दौरान हुई मुनाफावसूली की वजह से बाजार ने गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार का अंत किया। दिनभर हुई खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 208.01 अंक का गोता लगाकर 61,773.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 62.60 अंक उतरकर 18,285.40 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की मझौली और दिग्गज कंपनियों में लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.13 प्रतिशत बढ़कर 26,488.42 अंक और स्मॉलकैप 0.10 प्रतिशत की बढ़त लेकर 29,934.22 अंक पर पहुंच गया।दिनभर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, कमोडिटी, सर्विसेज, इंफ्रास्ट्रक्चर और मेटल सेक्टर में बिकवाली का दबाव बना रहा। दूसरी ओर एफएमसीजी, पावर, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती नजर आई। मंझोले और छोटे शेयरों में भी आज खरीदारी का रुख बना रहा, जिसकी वजह से दिन के दूसरे सत्र में बिकवाली का दबाव बनने के बावजूद बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद होने में सफल रहे। बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति को करीब 32 हजार करोड़ रुपये का चूना लग गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 279.46 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 279.78 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को बुधवार कारोबार से करीब 32 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,602 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,677 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,796 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 129 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,034 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 963 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान और 1,071 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए।

अनुपमा धारावाहिक के अभिनेता नितेश पांडे का निधन

मुंबई। टेलीविजन धारावाहिक अनुपमा के अभिनेता नितेश पांडे का बुधवार को सुबह निधन हो गया। वह 51 वर्ष के थे। निर्माता सिद्धार्थ नागर ने यह जानकारी दी।

पांडे को शाहरुख खान अभिनीत ओम शांति ओम और दिबाकर बनर्जी की खोसला का घोसला जैसी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए भी जाना जाता है। वह शूटिंग के लिए इगतपुरी में थे।नागर ने बताया कि वह मंगलवार सुबह शूटिंग के लिए इगतपुरी गए थे और देर रात करीब डेढ़ बजे उनका निधन हो गया। खबर सच है (उनके निधन के बारे में)। मैं स्तब्ध हूं, हमने दो-तीन दिन पहले बात की थी और यह अचानक कैसे हो गया। अनुपमा में उनके सह-कलाकार रुशद राणा के अनुसार, पांडे को दिल का दौरा पड़ा था। अभिनेता का अंतिम संस्कार मुंबई में होगा। पांडे के परिवार में उनकी पत्नी अर्पिता और एक बेटा है। पांडे, वैभवी उपाध्याय और आदित्य सिंह राजपूत की मौत पर टिप्पणी करते हुए फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने कहा कि फिल्म जगत ने तीन-चार दिनों के भीतर तीन युवा कलाकारों को खो दिया है। उन्होंने कहा कि आपकी आत्मा को शांति मिले प्रिय साथियों। यह इतना निर्दयी समय है।

भोजपुरी फिल्मकार सुभाष चंद्र का शव होटल में मिला

सोनभद्र। भोजपुरी फिल्मों के निमार्ता-निर्देशक सुभाष चंद्र तिवारी बुधवार को सोनभद्र शहर स्थित एक होटल के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाये गये। राबर्ट्सगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने यहां बताया कि भोजपुरी फिल्मकार सुभाष चंद्र तिवारी (60) बुधवार सुबह शहर के एक होटल के कमरे में मृत पाये गये। वह वाराणसी के रहने वाले थे। वह अपनी फिल्म ह्यदो दिल बंधे एक डोरी से की शूटिंग के सिलसिले में 40 सदस्यीय टीम के साथ गत 11 मई से इसी होटल में ठहरे थे।

द केरल स्टोरी पर बैन लगाना संविधान का अपमान : कंगना

हरिद्वार। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा पास की गयी फिल्म ह्यद केरल स्टोरी पर कुछ राज्यों में प्रतिबंध लगाया जाना संविधान का अपमान है। धार्मिक यात्रा पर यहां पहुंची कंगना रनौत ने संवाददाताओं से कहा कि जिस फिल्म को सेंसर बोर्ड ने पास किया है, उस पर बैन लगाना संविधान का अपमान है। द केरला स्टोरी फिल्म को कुछ राज्यों में बैन किया जाना बिल्कुल गलत है। बंगाल सरकार ने समुदायों के बीच तनाव को देखते हुए 8 मई को फिल्म पर प्रतिबंध लगा दिया था।

नाथ शिव को समर्पित सोमनाथ महादेव

अशोक प्रवृद्ध

भारत के महत्वपूर्ण मन्दिरों में से एक सोमनाथ मन्दिर गुजरात प्रदेश के सौराष्ट्र क्षेत्र के वेरावल बन्दरगाह के निकट स्थित अत्यन्त प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मन्दिर है। सोमनाथ मन्दिर भारत के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में सर्वप्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में मान्य व पूज्य है। भारत के इस अत्यंत प्राचीन मन्दिर का सम्बन्ध चन्द्रदेव से है। ऐसी मान्यता है कि समुद्र किनारे स्थित सोमनाथ मन्दिर का निर्माण चार चरणों में किया गया। सर्वप्रथम मन्दिर की प्रारम्भिक संरचना सोने से स्वयं चन्द्रदेव द्वारा बनवाई गई थी। बाद में चांदी से रावण ने, चन्दन लकड़ी से भगवान श्रीकृष्ण और पत्थर से राजा भीमदेव द्वारा किया गया था। कुछ पुराणों में चांदी से मन्दिर निर्माण सूर्यदेव द्वारा किये जाने की बात कही गई है। सोमनाथ दो शब्दों के योग से बना है, जिसमें सोम का अर्थ है–चंद्रमा और नाथ का अर्थ है-स्वामी। अर्थात? चंद्रमा के स्वामी। चंद्रमा के आराध्य। सोमनाथ चंद्रमा के स्वामी हैं, ऐसे स्वामी जिन्होंने अपने सेवक चंद्रमा को अपने मस्तक पर धारण कर रखा है।

स्कन्द पुराण, श्रीमदभागवत पुराण और शिव पुराण आदि पौराणिक ग्रंथों के अनुसार सोमनाथ भारत के प्राचीनतम तीर्थों में से एक है। द्वादश ज्योतिर्लिंग में प्रथम सोमनाथ का निर्माण स्वयं चन्द्रदेव ने किया था। इस स्थान पर चंद्रमा को भगवान सोमनाथ की आराधना के बाद उनके ससुर दक्ष प्रजापति के शाप से मुक्ति मिली है। पौराणिक कथाओं के अनुसार सोम अर्थात? चन्द्र ने राजा दक्ष प्रजापति की सताईस कन्याओं से विवाह किया था, लेकिन उनमें से रोहिणी नामक अपनी पत्नी को अधिक प्यार व सम्मान दिया करता था। इसे अपनी शेष पुत्रियों के साथ अन्याय समझकर दक्ष ने क्रोध में आकर चन्द्रदेव को शाप दे दिया कि अब से हर दिन तुम्हारा तेज (कान्ति) क्षीण होता रहेगा। शाप के फलस्वरूप हर दूसरे दिन चन्द्र का तेज घटने लगा। शाप से विचलित और दुःखी सोम ने भगवान शिव की आराधना शुरू कर दी। अन्ततः शिव प्रसन्न हुए और सोम अर्थात? चन्द्र के शाप का निवारण कर दिया। सोम के कष्ट को दूर करने वाले प्रभु शिव का स्थापन यहां किया गया और उनका नामकरण सोमनाथ हुआ। कुछ पुराणों में चन्द्रदेव के शाप का निवारण इस स्थल पर उस समय प्रवाहित सरस्वती नदी में स्नान करने से होने की कथांकित है। उन्होंने सरस्वती नदी में स्नान किया और अपनी चमक को पुनः प्राप्त किया। इसलिए सरस्वती तट पर चन्द्रदेव ने सोमनाथ का मन्दिर का निर्माण कराया।

ऐसी मान्यता है कि प्रसिद्ध स्यमंतक मणि शिवलिंग के खोखलेपन के भीतर सोमनाथ मन्दिर में सुरक्षित रूप से छिपी है। यह मणि भगवान श्रीकृष्ण और सत्यभामा से जुड़ी है। इस पत्थर में सोना पैदा करने की क्षमता है, और इसमें कीमिया और रेडियोधर्मी गुण हैं, जो इसके जमीन के ऊपर तैरने का कारण है। हिन्दू धर्म के उत्थान-पतन के इतिहास का प्रतीक सोमनाथ मन्दिर प्राचीन काल से ही अत्यन्त समृद्ध व वैभवशाली होने के कारण इतिहास में सत्रह बार तोड़ा तथा पुनर्निर्मित किया गया। दूसरी बार मन्दिर का पुनर्निर्माण सातवीं शताब्दी में वल्लभी के मैत्रक राजाओं ने किया। गुर्जर प्रतिहार राजा नागभट्ट ने 815 ईस्वी में इसका तीसरी बार पुनर्निर्माण किया। अरब यात्री अल-बरुनी ने अपने यात्रा वृत्तांत में इस महिमा और कीर्ति का विवरण लिखा। जिससे प्रभावित हो महमूद गजनवी ने सन? 1024 में करीब पांच हजार लुटेरे साथियों के साथ सोमनाथ मन्दिर पर हमला किया। इसके बाद गुजरात के राजा भीम और मालवा के राजा भोज ने इसका पुनर्निर्माण कराया। यह मंदिर 1296 में खिलजी की सेना, 1375 में मुजफ्फर शाह, 1451 में महमूद बेगड़ा और 1665 में औरंगजेब के हाथों नष्ट हो गया था। लेकिन फिर भी हर बार इस मंदिर का पुनः निर्माण करवाया गया। मुगल औरंगजेब ने इसे पुनः 1706 में गिरा दिया। राजा कुमार पाल द्वारा इसी स्थान पर अन्तिम मन्दिर बनवाया गया था। वर्तमान मन्दिर के पुनर्निर्माण का आरम्भ स्वाधीनता के पश्चात तत्कालीन उपप्रधानमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने करवाया। मन्दिर को पुराने स्वरूप में लाने में वल्लभ भाई पटेल और सौराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री उच्छंगराय नवल शंकर ढेबर की भी अहम भूमिका रही। सौराष्ट्र के मुख्यमंत्री उच्छंगराय नवलशंकर ढेबर ने 19 अप्रैल, 1940 को यहां उत्खनन कराया था। इसके बाद भारत सरकार के पुरातत्व विभाग ने उत्खनन द्वारा प्राप्त ब्रह्मशिला पर शिव का ज्योतिर्लिंग स्थापित किया है।

11 मई, 1951 को मन्दिर में ज्योतिर्लिंग स्थापित कर प्राण-प्रतिष्ठा की गई। और सोमनाथ मंदिर की भव्यता को वापस लाते हुए प्रथम दिसम्बर, 1955 को भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इसे राष्ट्र को समर्पित किया।

देहोत्सर्ग तीर्थ और शिव की वाणी

एक अन्य पौराणिक कथानुसार भगवान श्रीकृष्ण ने इसी स्थल पर अपनी लीला समाप्त कर स्वर्ग गमन किया। श्रीकृष्ण भालुका तीर्थ पर विश्राम कर रहे थे। तब एक शिकारी ने उनके पैर के तलुए में पद्मचिन्ह को हिरण की आंख जानकर अनजाने में तीर मार दिया। तब इसी स्थान पर श्रीकृष्ण ने देह त्याग कर यहीं से वैकुण्ठ गमन किया। इस स्थान पर वर्तमान में एक श्रीकृष्ण मन्दिर बना हुआ है।

इसे देहोत्सर्ग तीर्थ कहा जाता है, और यह हिरण्या नदी के तट पर स्थित तथा सोमनाथ मंदिर से 1.5 किमी दूर है। शिव पुराण के अनुसार भगवान शिव ने कहा है– मैं भले ही हमेशा हर स्थल पर मौजूद रहता हूं, लेकिन बारह स्थानों पर ज्योतिर्लिंग के रूप में विशेष रूप से रहूंगा, जिनमें से सोमनाथ एक स्थल होगा और वह इन बारह ज्योतिर्लिंगों में सर्वप्रथम होगा। यह तीर्थ पितृगणों के श्राद्ध, नारायण बलि आदि कर्मों के लिए भी प्रसिद्ध है।

चैत्र, भाद्रपद, कार्तिक माह में यहां श्राद्ध करने का विशेष महत्व बताया गया है। इसलिए इन तीन महीनों में यहां श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ लगती है। यहां तीन नदियों हिरण, कपिला और सरस्वती का महासंगम होता है। इस त्रिवेणी स्नान का विशेष महत्व है।

पूर्व जन्मों केअसर को कम करने से होगा उद्धार

जब भी कोई जीव जन्म लेता है तो उसे अपने पूर्व जन्मों का ऋण चुकाना ही पड़ता है परन्तु वह यह ऋण किस प्रकार चुकाता है यह उसका प्रारब्ध है। जीव जो भी पूर्व जन्मों में कर्म कर-के आया है और जो ऋण उसको चुकाना है वह उसकी कुंडली में स्पष्ट होता है। किसी भी ज्योतिषाचार्य को कुंडली दिखा कर उपाय पूछा जा सकता है जिससे पूर्व जन्मों के किए कर्मों का ऋण हम चुका सकें। उन उपायों के माध्यम से हम अपना और अपने परिवार का जीवन सुखमय बना सकते हैं।

दान से यूं संवारें अपना जीवन

- बेसन तथा आटे को तेल में भून कर चीनी मिला कर चींटियों को खिलाने से दाम्पत्य जीवन में मधुरता आती है।
- कुत्ते को दूध व ब्रैड देने से चन्द्र, शनि व राहू की शांति होती है।
- कुष्ठ रोगियों को सिक्के दान करने चाहिएं इससे शनि शांत होता है।
- पौधों की देख-रेख करने से राहू, बुध को शक्ति मिलती है।
- मानसिक तनाव में लाभ के लिए अस्पताल के रोगियों में दूध वितरित करना चाहिए।
- गाय को नित्य मीठी रोटी/नमकीन रोटी खिलाने से मानसिक शांति प्राप्त होती है।
- शिक्षा सम्बन्धी सामग्री बांटने से बृहस्पति की दशा सुधरती है और बच्चे का पढाई में मन लगता है।
- बंदरों को केला और भुने चने खिलाने से मंगल व शनि की शांति होती है।
- पक्षियों को भुजिया खिलाने से राहू को शांत किया जा सकता है।

श्री मदभगवत गीता का उद्धरण जिससे बदलेगा जीवन

1. दूसरों के बारे में सोचने से बेहतर है आप अपना काम करें। आप अपना काम बेहतरी से करें की दूसरा इंसान क्या काम कर रहा है इस विषय पर सोचने की बजाय आप अपना काम कैसे बेहतर कर सकते हैं। इस पर बल दें। दूसरा जो काम कर रहा है वो उसके कर्म हैं, पाप नहीं है। आप अपने कर्म करें।
2. नरक में जानें के तीन रास्ते हैं लालच, गुस्सा और हवस।
3. कर्म करो फल की इच्छा न करें क्योंकि कर्म हमेशा फल से अच्छा ही होता है।
4. क्या हुआ था? क्या हो रहा है? क्या होगा? आप कभी भी अपने बीते हुए कल को ठीक नहीं कर सकते और आने वाले भविष्य को कभी देख नहीं सकते। केवल चिन्ताएं कर सकते हैं। वर्तमान में क्या हो रहा है। उस पर ध्यान दें भविष्य में नहीं वर्तमान में जिएं।
5. जो आपके जीवन में हो रहा है आप उसे नहीं बदल सकते। जीवन और मृत्यु के बीच में जो अंतर है उसे आंका नहीं जा सकता। मौत और जीवन के बीच में थोड़ा हीफर्क है। बस एक सोच है ये दोनों और इसे हम भोगते हैं। आपका मन बहुत छोटा भी है और बड़ा भी है उसी के द्वारा ही विचार उत्पन्न होते हैं। सार बस ये है कि सब कुछ आपका है और आप सब के हो।
6. यह शरीर आपका नहीं है और न ही आप शरीर के हो। यह शरीर पंच तत्व का है इसी से ही बना है इसमें ही समा जाएगा। आत्मा आपकी है विचार करो आप कौन हो?
7. डरो मत यह मत सोचो क्या हुआ था? क्या हो रहा है? क्या होगा? असलियत क्या है? सच्चाई कभी नहीं मरती।
8. आदमी अपने विश्वास से बनता है विश्वास है तो आप हो।
9. क्रोध सारी समस्याओं की जड़ है। मन हमेशा इर्ष्या और चिन्ता से भरा रहता है। जो आपके विचार हैं वो आपके दिल और दिमाग को व्यग्र कर देते हैं। आप तभी शांत हो सकते हो जब इन विचारों को अपने दिमाग से निकाल कर नष्ट कर दो।
10. अपने काम के प्रति अपने व्यवहार को सुनिश्चित रखें। आपको किससे संतुष्टि होती है। अपने काम को ईमानदारी से करें यही खुशी का रहस्य है।
11. यह दुनिया आपकी नहीं है न ही आप इस दुनियां के हो फिर अपनी खुशियों को दूसरों में क्यों ढूंढ रहे हो?
12. हमेशा सच्चाई बोलिए तो आपको लाभ होगा किसी को दुख देने वाली वाणी का त्याग करें।
13. संसार के सभी पदार्थों का अव्यक्ता से आरंभ होता है। जो विचार हमारे भीतर आते हैं उन्हें यह अव्यक्ता अपने काबू में करके नाश कर देती है। तो फिर हमें क्या अवशयकता है कुछ अधिक विचार करने की।
14. खुशी से जीना हो तो अपनी इच्छाओं का नाश कर दो।
15. कर्म आपकी काबलियत को दर्शाते हैं।
16. खुशी आपके अंदर है यह हमारे दिमाग की एक सोच है यह बाहरी दुनिया में नहीं मिलेगी।

साई विचार

उपलब्ध खाद्य पदार्थों में बदलाव चाहता है जिससे उनमें निहित जीवन के बहुत सार अंत को प्राप्त होते हैं।

मनुष्य अनुभव के माध्यम से सीखता है, और आध्यात्मिक पथ विभिन्न प्रकार के अनुभवों से भरा है . उसे कई कठिनाइयों और बाधाओं का सामना करना होगा, और वे सारे अनुभव जो उसे प्रोत्साहित करने और सफाई की प्रक्रिया पूरा करने लिए जरुरी हैं।

यदि कोई अपना पूरा समय मुझमें लगाता है और मेरी शरण में आता है तो उसे अपने शरीर या आत्मा के लिए कोई भय नहीं होना चाहिए।

आने वाला जीवन तभी शानदार हो सकता है जब तुम ईश्वर के साथ पूर्ण सद्भाव में जीना सीख जाओगे।

मनुष्य अपने स्वाद की तृप्ति के लिए प्रकृति में मनुष्य खो गया है और एक जंगल में भटक रहा है जहाँ वास्तविक मूल्यों का कोई अर्थ नहीं है। वास्तविक मूल्यों का मनुष्य के लिए तभी अर्थ हो सकता है जब वह आध्यात्मिक पथ पर कदम बढ़ाये। यह एक ऐसा पथ है जहाँ नकारात्मक भावनाओं का कोई उपयोग नहीं।

शनि की साढ़ें साती, लोगों के जीवन पर डालता है बुरा प्रभाव

शनि की साढ़ें साती से सारे लोग डरते हैं और यही कामना करते हैं उनके ऊपर कभी भी शनि की साढ़ें साती न रहे। शनि न्याय के देवता है। शनि मेहनती और ईमानदार लोगों पर जल्दी कृपा बरसाते हैं। ज्योतिष गणना के अनुसार शनि किसी भी व्यक्ति के जीवन काल में एक से लेकर दो बार शनि की साढे. साती जरूर आती है। शनि की साढे. साती होने पर उस राशि पर साढे. सात साल तक प्रभाव जरूर रहता है।

एक राशि में ढाई साल तक रहते हैं शनि

शनिदेव एक राशि से दूसरी राशि में जाने के लिए करीब ढाई वर्ष का समय लेते हैं। ज्योतिष के अनुसार शनि जिस भी राशि में होता है, उसका प्रभाव उस राशि पर तो रहता ही है, साथ ही राशिचक्र में पहले और बाद की राशि पर पड़ने से शनि की अवधि कुल मिलाकर साढे. सात वर्ष तक होती है। इसलिए, इस अवधि को शनि की साढे. साती के नाम से पुकारा जाता है।

साल 2020 में शनि

जैसे कि 24 जनवरी 2020 से शनि मकर राशि में भ्रमण करेंगे। ऐसे में उसके पहले की राशि यानी धनु में शनि की साढे. साती का अंतिम चरण, मकर राशि पर दूसरा चरण और कुंभ राशि पर शनि की साढेसाती का पहला चरण शुरू हो जाएगा। दूसरा चरण जातक के लिए सबसे कष्टदायी समझा जाता है। ऐसे में मकर राशि के लोग इस शनि के इस घेरे में आएंगेमकर राशि पर शनि की साढेसाती के दूसरे चरण का असर

शनि की साढ़ें साती का दूसरा चरण सबसे घातक माना गया है। जिस किसी के ऊपर ये चरण रहता है उसके जीवन में उसको तमाम तरह की परेशानियां आती हैं। साढ़े साती के तीसरे चरण में व्यक्ति को सुख- सुविधाओं का लाभ नहीं मिलता। आमदनी कम होती है और खर्चे ज्यादा खर्च होते हैं। सेहत से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वाद-विवाद के योग बनते है। 24 जनवरी 2020 को शनि के मकर राशि में प्रवेश करते ही वृश्चिक राशि से शनि की साढ़े साती उतर जाएगी। वहीं कुंभ राशि पर से अगले 5 साल तक शनि की साढ़े साती चढ़ जाएगी। शनि ग्रह जब भी किसी राशि पर ढाई साल के बाद आते है तो शनि जिस भी राशि में होता है, उसका असर राशि चक्र के पहले और बाद की राशि पर पड़ने से शनि की अवधि कुल मिलाकर साढ़े सात वर्ष तक होती है। 24 जनवरी को होने वाले शनि परिवर्तन का वृश्चिक राशि पर कैसा प्रभाव पड़ेगा आइए इसका विश्लेषण करते हैं।

वृश्चिक राशि पर शनि की साढ़ें साती 2020

शनि के मकर राशि में गोचर से इस साल वृश्चिक राशि वालों के ऊपर से पिछले कई साल से चल रही शनि की साढेसाती उतर जाएगी। इस कारण से इनके लिए साल सुखद और लाभकारी रहेगा।

कार्यक्षेत्र पर शनि गोचर 2020 का प्रभाव

वृश्चिक राशि से शनि की साढेसाती उतर जाने की वजह से इस राशि के जातकों के लिए साल 2020 अच्छा गुजरेगा। नौकरी के लिहाज से शुभ संकेत है। सरकारी नौकरी की लालसा करने वाले जातकों के लिए यह साल अच्छा रहेगा। वहीं प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों को तरक्की मिलने की पूरी संभावना है। बिजनेस के नजरिए से इस राशि के जातकों लिए साल शुभ और मुनाफा दिलाने वाला रहेगा। किसी नए बिजनेस प्लान के बारे में बनाई गई रणनीति सफल रहेगी। उधार देने से बचें और शत्रुओं से सावधान रहने की जरूरत है।

परिवार और लव लाइफ पर असर

प्रेम के मामले में आपके लिए यह साल मिलाजुला रहेगा। पार्टनर के साथ अच्छा व्यवहार करें। विवाहित जातकों के लिए बहुत ही खुशियों और प्रेम करने वाले साल रहेगा।

यूपीएससी रिजल्ट में बिहार सब पर भारी टॉप 10 में 2 बेटियां, 100 में 10 बिहारी

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 का रिजल्ट मंगलवार को जारी किया गया। रिजल्ट ने कई चेहरे खिल उठे। यूपीएससी परीक्षा में पहली रैंक पाने वाली इशिता किशोर और सेकेंड टॉपर गरिमा लोहिया बिहार की हैं। इशिता किशोर मूलतः पटना की रहने वाली हैं और वह फिलहाल परिवार के साथ ग्रेटर नोएडा में रहती हैं। जबकि गरिमा लोहिया बक्सर की हैं। बिहार के पटना के ही रहने वाले राहुल श्रीवास्तव ने 10वीं रैंक हासिल की है तो अररिया के अविनाश कुमार ने 17वां स्थान हासिल किया है। इस तरह यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 के टॉप 10 में बिहार के 10 और टॉप 100 में 10 अभ्यर्थियों ने जगह बनाई है। मधुबनी के संदीप कुमार ने यूपीएससी परीक्षा में 24वां तो शुभम कुमार ने 41वां स्थान हासिल करके जिले का नाम रोशन किया है। आदित्य पांडेय को 47वीं रैंक मिली है। जबकि शिवहर के प्रिंस कुमार को 89वीं, सहरसा के मोनपुर निवासी निर्मल कुमार को 82वीं रैंक हासिल हुई है।

भागलपुर से तीन का हुआ है सेलेक्शन : भागलपुर के तीन छात्रों को यूपीएससी में सफलता मिली है। सुल्तानगंज के उधाडीह के रहने वाले तुषार कुमार ने 44वीं रैंक हासिल की है। वह अभी कैमूर के मोहनिया में अवर निर्वाचन पदाधिकारी हैं। जयरामपुर बिहपुर निवासी शिवम कुमार ने पहले ही प्रयास में यूपीएससी परीक्षा क्रैक करने में कामयाब रहे हैं। उनकी 216वीं रैंक आई है। शिवम दो साल तक एक निजी कंपनी में नौकरी के बाद दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी में लगे थे। उनके पिता अरविंद कुंवर झारखंड पुलिस में हैं। शिवम ने आईआईटी से पढ़ाई की है। वहीं रामसर स्थित विक्रमशिला कॉलोनी के यश विसेन ने यूपीएससी में 647वीं रैंक हासिल की है। यह उनका दूसरा प्रयास था। यश भागलपुर में ही रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार बिहार के करीब 22 अभ्यर्थियों का सेलेक्शन हुआ है। जबकि यूपीएससी इंटरव्यू के लिए कुल करीब 56 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। बता दें कि यूपीएससी 2020 में बिहार के शुभम ऑल इंडिया टॉपर बने थे।

स्पीड न्यूज

रैयतों ने विरोध जताते हुए काम को कराया बंद

टण्डवा (चतरा)। प्रखण्ड क्षेत्र के मिश्रौल पंचायत अन्तर्गत ग्राम टेकठा टोला हाण्डू के भूरैयतों का जमीन कठोतिया रेलवे में कुल 3 एकड 30 डीसमील अधिग्रहण किया गया है, जिसका खाता नम्बर 95 प्लॉट 392 अंकित है। जो रैयतों को 2017-18 वर्ष में टण्डवा अंचलाधिकारी के द्वारा नोटिस जारी करके भूरैयतों को कागजात जामा करने का निर्देश दिया गया था। परंतु छह वर्ष बीत जाने के बाद भी फाइल अंचल से लेकर जिला तक केवल घूम रहा है, जिसकी मुवाबजा का भुगतान आज तक नहीं हो पाया है। जबकि टेकठा में सेम खाता प्लॉट का रैयती मान्यता देकर भूमिदान पर्चा देकर मुवाबजा भुगतान किया गया।

बिजली समस्या को लेकर बिजली वितरण निगम के निदेशक से की मुलाकात

टंडवा (चतरा)। टंडवा में भीषण बिजली समस्या को लेकर झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक के के वर्मा, से एक प्रतिनिधि मण्डल ने सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन कुमार दास के नेतृत्व में मुलाकात किया। इस दौरान टंडवा प्रखण्ड क्षेत्र में भीषण गर्मी में बार- बार हो रहे बिजली कटौती में सुधार कि मांग किया है। उक्त विषय को लेकर निदेशक ने गम्भीरता से लेते हुवे जल्द ही समस्या समाधान का दिया आश्वासन। मौके पर प्रतिनिधि मण्डल में भाजपा मण्डल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी, बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि रंजीत गुप्ता, भाजपा नेता प्रमोद सिंह विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पाण्डेय मौजूद थें।

अफीम और जेवरात के साथ तीन चोर गिरफ्तार

चतरा। जिले की पुलिस को एक साथ दोहरी सफलता हाथ लगी है पहली सफलता शहर के विभिन्न मोहल्लों में बीते दिन घरों से हुई लाखों रुपए के आभूषण की चोरी करने के मामले में एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर बनाई गई पुलिस टीम को कामयाबी हाथ लगी है। मामले में पुलिस ने शहर के आजाद नगर निवासी मो फैयज पिता सलाउद्दीन, अकलीमा खातून पति सलाउद्दीन और शहर के लाइन मुहलला निवासी राहुल कुमार पिता जगदीश साव गिरफ्तार किया है। उक्त लोगों ने पूछताछ के क्रम में घटना संलिप्तता स्वीकार की और चोरी किया गया लाखों का आभूषण बरामद किया गया। वहीं दूसरी सफलता पुलिस को सदर थाना क्षेत्र के राजगुरुवा गांव में छापामारी कर संतोष यादव के घर से तीन किलो चार सौ ग्राम अफीम जप्त कर किया गया। पकड़े गए तीनों से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है साथ ही साथ आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि अन्य चोरों को शिनाख्त कर लिया गया है। जल्द ही पुलिस को और अहम कामयाबी मिलेगी।

पूर्व विधायक पहुंचे कोडरमा, हुआ भव्य स्वागत

कोडरमा। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह बड़कागांव के पूर्व विधायक योगेंद्र साव एक दिवसीय कोडरमा भ्रमण के दौरान झुमरीतिलैया बाईपास स्थित कांग्रेस ओबीसी जिला कार्यालय में उपस्थित हुए। वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नफरत की राजनीति करने वालों की दुकाने अब बंद होने लगी है। इसका उदाहरण कर्नाटक की जनता ने दिया है। देश की जनता अब इस बात को समझने लगी है, नफरत से देश का विकास और देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है। झूठे वादों से देश की जनता परेशान हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के लिए बलिदान देने वाली पार्टी है, इसके लिए हम सबों को कांग्रेस पार्टी पर गर्व है। झारखंड में ओबीसी प्रकोष्ठ ही नहीं बल्कि झारखंड की जनता एवं कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए हर समय आप लोगों के साथ खड़ा रहूंगा। मौके पर प्रभात कुमार राम, निर्मल कुमार ओझा, मनोज सहाय पिंकू, गणेश स्वर्णकार, राजेंद्र जयसवाल, अरविंद सेठ, राजू सिंह, रंजीत सिंह, आलोक पांडे, प्रमोद वर्णवाल, विजय प्रसाद सिंह, अशरफ अली, चांद आलम सहित जिले के कांग्रेस जन मौजूद थे।

एक नजर में

संगठन को मजबूत बनाने को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

केतार। भारतीय जनता पार्टी केतार प्रखंड ईकाई के कार्यकताओं की बैठक चतुर्भुजी मंदिर के समीप रामलीला मैदान में आयोजित की गई। बैठक में 30 मई से लेकर 30 जून तक विभिन्न कार्यक्रम के प्रभारी बनाए गए। साथ ही केतार प्रखंड भाजपा संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार कुछ भी विकास का कार्य नहीं कर रही है। यह सरकार पिछले भाजपा सरकार के किए गए कार्यों का उद्घाटन करते चल रही है। आज पूरे पलामू प्रमंडल में पानी की घोर समस्या हो गई है, लेकिन यहां के मंत्री इस पर विचार नहीं कर रहे हैं। यह जो सरकार है सिर्फ बालू और पत्थर को लूटने में लगी हुई है। बैठक में जिला प्रभारी उमेंद्र यादव, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, ओबीसी मंडल अध्यक्ष मूंगा साह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला, हेमंत पाठक, जगू सिंह, दिलीप जायसवाल, मनोज फौजी, विजय गुप्ता, संतोष प्रजापति, मीडिया प्रभारी रविन्द्र सोनी सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

जिप उपाध्यक्ष पहुंचे रिम्स, जाना जच्चा-बच्चा का हाल

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी बुधवार को रांची के रिम्स अस्पताल पहुंचे। यहां भर्ती इटखोरी के मलकपुर गांव की प्रसूता महिला अंकिता और उनके नवजात बच्चों का स्वास्थ्य के बारे में डॉक्टरों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अंकिता की पति प्रकाश साव को आर्थिक रूप से भी मदद की। उन्होंने ने जच्चा-बच्चा की बेहतर स्वास्थ्य की कामना की है। इस मौके पर अस्पताल में जिप उपाध्यक्ष के साथ भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री टुन्नी सिंह और भाजपा नेता सुरेश सिंह भी मौजूद थे। मालूम हो कि इटखोरी के मलकपुर गांव निवासी प्रकाश साव की पत्नी अंकिता ने तीन दिन पूर्व रांची के रिम्स में पांच बच्चियों की जन्म दी है। बच्चों का स्वास्थ्य ठीक नही होने के कारण वे अस्पताल में भर्ती है। सभी बच्चों का वजन लगभग एक किलो से लेकर 750 ग्राम के बीच बताया गया है।

कल्याण विभाग के रिटायर्ड क्लर्क मो.मोबिन और कम्पयूटर ऑपरेटर मो. हैदर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिले में छात्रों को अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति देने के नाम पर डेढ़ करोड़ से अधिक के घोटाले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में कल्याण विभाग के रिटायर्ड क्लर्क मो.मोबिन और कम्पयूटर ऑपरेटर मो.हैदर का नाम शामिल है। अल्पसंख्यक छात्रों को भारत सरकार की ओर से दिए जाने वाले छात्रवृत्ति का लगभग 15 करोड़ रुपए गबन मामले में जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजूर ने कोडरमा थाना में दिसम्बर 2022 में प्राथमिकी दर्ज कराया था। कल्याण विभाग ने जिले में फ्री मैट्रिक अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले के आरोप में 10 विद्यालय के प्राचार्य के अलावे जिला कल्याण कार्यालय से रिटायर्ड क्लर्क मो मोबिन, क्लर्क प्रमोद कुमार मुंडा और कम्प्यूटर ऑपरेटर मो हैदर को

आरोपी बनाया गया था। कोडरमा में 1433 अल्पसंख्यक छात्रों के नाम पर तकरीबन डेढ़ करोड़ रुपए की राशि गबन मामले में अनियमितता की बात जब डीसी को पता चला तो उन्होंने अपर समाहर्ता से इस पूरे मामले की जांच करवाई। जांच में यह बात सामने आई कि फर्जी स्कूल और फर्जी छात्रों के नाम पर अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के नाम पर मिलने वाली राशि का गबन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 में 10 स्कूलों के 1433 छात्रों के नाम पर तकरीबन डेढ़ करोड़ की राशि विभाग के कर्मियों की मिलीभगत से गबन कर ली गई थी।

जांच में कई बच्चों के नाम और पता भी फर्जी : कोडरमा में वित्तीय वर्ष 2017-18 से लेकर 2020-21 के दौरान कल्याण विभाग की ओर से अल्पसंख्यक छात्रों को दी जाने वाली प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक और मैट्रिक सह मींस छात्रवृत्ति में गड़बड़ी का मामला सामने आया था। इसे लेकर कोडरमा डीसी आदित्य रंजन ने जांच टीम का गठन कर जांच कराई थी। जांच टीम में एसडीओ, जिला कल्याण पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी शामिल किया गया था। जांच टीम ने फरवरी 2022 में डीसी को सौंपी अपनी रिपोर्ट में गड़बड़ी की पुष्टि की थी। जांच के दौरान 12 स्कूलों में से 10 से संबंधित रिकॉर्ड में गड़बड़ी की बात प्रमाणित हुई थी, जिन 1433 बच्चों की सूची मिली थी उनमें से एक भी बच्चे के खाते में पैसे ट्रांसफर नहीं किये गये। इनमें से कई बच्चों के नाम और पता भी फर्जी पाए गए। इतना ही नहीं जांच रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र था कि इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की जगह बाहरी युवाओं को छात्र के नाम पर छात्रवृत्ति का वितरण दिखाया गया है। कुल 1433 फर्जी छात्रों के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपये का भुगतान करने का मामला सामने आया था। डीसी ने इस मामले एफआईआर का आदेश दिया था और दिसम्बर में प्राथमिकी दर्ज होने के लगभग 6 महीने बाद दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

श्रावणी मेला को लेकर बासुकीनाथ धाम में डीडीसी ने की बैठक

दुमका। बासुकिनाथधाम स्थित प्रशासनिक भवन में आगामी राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव से संबंधित बैठक जिला प्रशासन ने की। बैठक की अध्यक्षता डीडीसी अभिजीत सिन्हा ने की। बैठक में डीडीसी ने कहा कि श्रावणी मेला से संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर मेला से संबंधित सूचनाए प्रेषित करने का निर्देश दिया। शिवगंगा की सफाई मेला से पूर्व बेहतर ढंग से कर ली जाए। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया कि श्रावणी मेला के दौरान शौचालय की बेहतर व्यवस्था हो। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। श्रद्धालुओं को पेयजल की समस्या नही हो इसे ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में पानी टंकी की व्यवस्था की जाए। जहां डीप बोरिंग अस्थायी शौचालय का निर्माण करना है। उसे निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया जाए। मेला के दौरान श्रद्धालुओं को सभी जरूरी दवाईयाँ, ओआरएस उपलब्ध कराई जाए।

योजनाओं की जानकारी गांव के ग्राम प्रधान को अवश्य हो: डीसी

दुमका। जिले के जामा प्रखंड कार्यालय के सभागार में ग्राम प्रधान के साथ डीसी रविशंकर शुक्ला ने बुधवार को बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि अपने गांव की समस्या एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं से अवगत कराएं। गांव के आमजन एवं सरकार के बीच संवाद के रूप में कार्य करें। गांव में चल रहे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव के ग्राम प्रधान को अवश्य हो इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि सरकार और गांव के बीच निरंतर संवाद आप के माध्यम से होता रहे ताकि गांव की समस्या ससमय दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान अपने गांव में रहें, ऐसी शिकायतें लगातार प्राप्त होती हैं कि ग्राम प्रधान गांव में नहीं शहर में रहते हैं। कहा कि गांव में ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है तथा उस गांव में चयनित ग्राम प्रधान हैं तो बैठक में भाग लेना अनिवार्य है। अगर किसी कारण में ग्राम प्रधान बैठक में भाग नहीं ले पाते हैं इसकी सूचना वे पूर्व में ही दे देंगे। इस दौरान ग्राम प्रधान ने अपनी समस्याओं से डीसी को अवगत कराया।

मैट्रिक की परीक्षा में शत प्रतिशत रहा परिणाम

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। उर्दू टाउन उच्च विद्यालय चक्रधरपुर के बच्चों ने मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। सत्र 2022-23 के मैट्रिक की परीक्षा में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

इस बार परीक्षा में एक सौ बच्चे परीक्षा में हुए थे। जिसमें 72 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए वहीं 18 बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। अम्मारा नाज और आएशा नाज 93.6 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से विद्यालय के टॉपर बने है। इसके अलावा विद्यालय के टॉप टेन में राफिया फिरदौस, अहमद

हमजा, जावेद अख्तर, जाहिद अली, अमन रजा, शाहबाज खान, अक्सा नाज, आतिफ उस्मान, शेख रेहान हुसैन शामिल है। बेहतर परिणाम पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद हसनैन असलम ने हर्ष व्यक्त करते हुए उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों बधाई दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

बोलेरो के धक्के से तीन घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। भवनाथपुर-खरौंधी मुख्य पथ पर बगही नदी के पास बोलेरो के धक्का से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में धर्मेन्द्र यादव पिता कामाख्या यादव, इंद्रजीत यादव पिता कामख्या यादव, किरण देवी पति धर्मेन्द्र यादव सभी भवनाथपुर थाना के माइधिया गांव का नाम शामिल हैं। सभी घायलों को घायलावस्था में भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहाँ आयुष चिकित्सक डॉ. नीतेश भारती ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि तीनों बाइक सवार भवनाथपुर से अपने घर माइधिया जा रहे थे। जाने के क्रम में बगही नदी के समीप सामने से आरहे बोलेरो ने धक्का मार दिया। जिस से तीनों घायल हो गए।

पुलिस के हत्थे चढ़ा हथियार के साथ दो अपराधी

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर पुलिस ने अपराध की योजना बनाते दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों अपराधी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। दोनों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई कांड दर्ज है। इस संबंध में सहायक पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि दिनांक 23 मई को दोपहर में पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि एक काला रंग के पल्सर मोटरसाईकिल पर सवार होकर दो व्यक्ति रामचन्द्रपुर, पदमपुर क्षेत्र में हथियार लेकर कोई घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से भ्रमणशील है। इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सहायक पुलिस अधीक्षक सह

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन में चक्रधरपुर थाना से एक छापामारी दल का गठन थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में किया गया। छापामारी दल द्वारा घेराबंदी कर मुस्लिम कब्रिस्तान के पास से एक पल्सर मोटरसाईकिल पर सवार दो व्यक्ति को पकड़ा गया। इनके पास से लोडेड हथियार कट्टा एवं गोली बरामद किया गया। पकड़ा गया व्यक्ति शेख नूर आलम एक अंतरराज्य अपराधकर्मी है जिसके ऊपर पश्चिम बंगाल के भगवानपुर थाना, मुर्शिदाबाद थाना, पताशपुर थाना, खजुरी थाना एवं चक्रधरपुर थाना में कांड दर्ज है। गिरफ्तार व्यक्ति शेख नूर आलम, उम्र करीब 33 वर्ष, पिता शेख तालिब, भीमचौक, थाना भगवानपुर, जिला- पूर्वी मिदनापुर, राज्य प० बंगाल तथा शेख साराफ, उम्र करीब 21 वर्ष, पिता शेख अलीमुद्दीन, दक्षिण लाखी, थाना- खेजुरी, जिला- पूर्वी मेदानापुर, राज्य प० बंगाल हैं। इनके पास से एक देशी कट्टा, तीन जिन्दा गोली, एक पल्सर मोटरसाईकिल एवं पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं 8,000 रूपया नगद बरामद किया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विश्वनाथ किस्कु, आरक्षी ऐरिक डुंगडुंग, आरक्षी सुधीर प्रधान, सहायक पुलिस सुला गुंजा शामिल थे।

साक्ष्य प्रस्तुत करने को बचाव पक्ष के अधिवक्ता से मांगा समय

दुमका। चर्चित पेट्रॉल हत्या कांड मामले के बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने सफाई साक्ष्य के लिए न्यायालय से समय देने की अनुमति का मांग किया है। जिस पर प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह पोक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश रमेश चंद्रा की अदालत ने अपनी सहमति दे दी है। ताकि हत्यारोपी शारूख हुसैन और नईम अंसारी उर्फ छोटू को न्यायालय में निर्दोष साबित किया जा सके। जिस पर न्यायालय ने अगले तिथि तक की समय बचाव पक्ष के अधिवक्ता को दे दिया गया है। गौरतलब हो कि बीते 3 मई को अदालत ने दोनों आरोपियों का बयान दर्ज की थी। इसके बाद सफाई साक्ष्य प्रस्तुत करने को लेकर आज 24 मई की तिथि निर्धारित की थी।

पानी के लिए 4 हजार है फीस, बेहाल हैं गरीब

मांग पत्र सौपते चन्दन जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। बढ़ती गर्मी के कारण गढ़वा में पेयजल की समस्या गहराती जा रही है। गढ़वा नगर परिषद के पास जलापूर्ति के लिए पर्याप्त जल भी उपलब्ध है। बावजूद इसके गरीबों के हलक सूखते ही जा रहे हैं।पेयजल की पर्याप्त भंडारण और गरीबों के बीच चट्टान की तरह खड़ा है चार हजार रुपये। जिसे नप ने पानी कनेक्शन के लिए बतौर शुल्क तय कर रखा है। बुधवार को गढ़वा शहर के सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल ने नगर परिषद गढ़वा के कार्यपालक पदाधिकारी को माँग पत्र के माध्यम से गढ़वा शहर के ज्वलंत मुद्दा पेयजल की समस्या का निदान करने आग्रह किया है। मांग पत्र में कहा गया है कि गढ़वा नगर परिषद अन्तर्गत भीषण गर्मी एवं पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए अतिशीघ्र उन सभी वार्डो में जहाँ अभी तक शहरी जलापूर्ति योजना का पाइप लाइन का विस्तार नहीं हो पाया है उन सभी वार्डो में पाइप लाइन का विस्तार किया जाए। ताकि वहां शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके।

निःशुल्क मिले होम पेयजल कनेक्शन : ज्ञातव्य हो कि वार्डों में भ्रमण के दौरान नित दिन सैकड़ों परिवार की पेयजल संकट से सम्बंधित समस्या सुनने को मिलती है। साथ ही साथ सामान्य परिवार, गरीब, दलित, दिहाड़ी, मजदूर एवं रिक्शा ठेला चालकों के द्वारा बताया जाता है कि नगर परिषद गढ़वा के द्वारा होम कनेक्शन के नाम पार चार हजार रुपये की माँग की जाती है। ऐसे में वे सभी सरकार के उक्त योजना के लाभ से पैसे के अभाव में वंचित होने का वेदना प्रकट करते हैं। ऐसे में गरीब, दिहाड़ी मजदूर एवं रिक्शा ठेला चालकों एवं वैसे परिवार जो शुल्क देने योग्य नहीं है, निःशुल्क होम कनेक्शन प्रदान किया जाना चाहिए। ताकि सभी परिवार को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

जैन तीर्थंकर की जन्मभूमि पर 25 करोड़ की लागत से होगा मंदिर का निर्माण, भूमि पूजन आज

जैन धर्म का दूसरा तीर्थ स्थल के रूप में स्थापित होगा भदुली: सुरेश

सेंड स्टोन को तराश कर कमल पुष्प की आकृति वाले मंदिर का होगा निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

इटखोरी। जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ स्वामी की जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। 25 मई गुरुवार को ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर परिसर के भदलपुर क्षेत्र में जैन तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ स्वामी की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का भूमि पूजन होगा। मंदिर निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में जैन धर्म गुरु रविंद्र कीर्ति स्वामी, मंदिर के निर्माणकर्ता गाजियाबाद के जम्बू प्रसाद जैन, शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री सुरेश झांझरी समेत झारखंड व बिहार के जैन धर्मावलंबी भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि कमल पुष्प आकार की आकृति वालें मंदिर का निर्माण सेंड स्टोन पत्थर को तराश कर किया जाएगा। इसके निर्माण में दो वर्ष का समय लगेगा। मंदिर निर्माण में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत आएगी। शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री सुरेश झांझरी ने बताया कि गुरुवार को सुबह 8:00 बजे शुभ मुहूर्त में मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन का अनुष्ठान होगा। भूमि

पूजन का अनुष्ठान गणना प्रमुख ज्ञानमती माताजी के शिष्य आचार्य रविंद्र कीर्ति स्वामी जी की देखरेख में गाजियाबाद के जम्मू प्रसाद जैन के हाथों संपन्न होगा। उन्हीं के द्वारा मंदिर निर्माण की आधारशिला भी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि पारसनाथ के बाद इटखोरी के मां भद्रकाली मंदिर परिसर का भदलपुर क्षेत्र झारखंड में जैन धर्म का दूसरा तीर्थ स्थल के रूप में स्थापित होगा। मालूम हो कि अखिल भारतीय दिगंबर जैन महासभा ने इटखोरी के भदलपुर क्षेत्र को दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ स्वामी की जन्मभूमि की मान्यता दे रखी है। पिछले दो दशक से जैन धर्मावलंबी इस पावन भूमि पर तीर्थंकर का भव्य मंदिर के निर्माण के लिए प्रयासरत थे। उल्लेखनीय है कि मां भद्रकाली मंदिर परिसर सनातन, जैन एवं बौद्ध धर्म का संगम स्थल रहा है।